रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 05 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-104 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में अब तक 26.04 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 26.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 5.49 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 5994 करोड़ 82 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

### संभल जा रहे राहुल गांधी के काफिले को गाजियाबाद में रोका गया



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के काफिले को बुधवार को दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने रोक लिया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। कांग्रेस पार्टी के अनुसार, गांधी और उनके दल के लोग उत्तर प्रदेश के संभल कस्बे के लिए जा रहे थे, जहां पिछले दिनों एक विवादास्पद धार्मिक स्थल के सर्वे को लेकर हिंसक प्रदर्शन में कई लोगों की मौत हो गयी थी।

### वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए शाह से मिली प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करके उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में भूस्खलन के कारण लोगों के समक्ष खड़ी हुई स्थिति से उन्हें अवगत कराया और पीड़ितों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। वायनाड लोकसभा सीट के लिए हाल में हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर संसद पहुंची वाड्रा ने बुधवार को शाह से संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात के बाद पत्रकारों को को बताया कि उन्होंने अमित शाह से राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के लोगों की मदद करने का आग्रह किया है। वाड्रा ने कहा, हमने गृह मंत्री जी से मिलकर उन्हें वायनाड के हालात से अवगत करवाया है। वहां के लोगों के जीवन पर भूस्खलन का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों के परिवार और घर उजड़ गए हैं और उनका जीवन बहुत मुश्किल हो गया है।

# देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडनवीस आज लेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ, पीएम नरेन्द्र मोदी होंगे शामिल

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र शासन की बागडोर एक बार फिर भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडनवीस के हाथ में सौंपने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शपथग्रहण समारोह यहां ऐतिहासिक आजाद मैदान में होगा। राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन फडनवीस को गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। फडनवीस का यह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरा शपथ-ग्रहण होगा, लेकिन यह उनकी वास्तविक अर्थों में पूर्ण बहुमत वाली दूसरी सरकार होगी। वह पहली बार 2014-19 तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारिरी ने उन्हें आनन-फानन में मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई थी पर विधानसभा सदस्यों का पर्याप्त समर्थन न होने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। फडनवीस ने महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद महायुति गठबंधन के घटक दलों के नेताओं के साथ यहां राजभवन में राज्यपाल को समर्थन की चिट्ठी दी और नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडनवीस के साथ राज्यपाल से मिलने गये नेताओं में शिव सेना के नेता एवं पूर्व निर्वतमान एकनाथ शिंदे और महायुति गठबंधन के तीसरे बड़े भागीदार एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे। इससे पहले फडनवीस को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक सीतारमण और रूपाणी की निगरानी में पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। उसके बाद महायुति गठबंधन के सदस्यों और नेताओं की एक अलग से बैठक हुई और वहां से गठबंधन के वरिष्ठ नेता फडनवीस के साथ नयी सरकार के गठन का दावा करने के लिए राजभवन पहुंचे। फडनवीस ने राज्यपाल को सहयोगी दलों नेताओं के समर्थन की चिट्ठी सौंपी। राधाकृष्णन ने फडनवीस को गुरुवार शाम पांच बजे शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है। शपथग्रहण समारोह मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार वाले मुख्यमत्रियों और वरिष्ठ नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। राज्यपाल से मिलने के बाद फडनवीस ने संवाददाताओं से कहा कि महायुति ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। उन्होंने शिवसेना नेता शिंदे का आभार व्यक्त किया और कहा, उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है।

राकांपा नेता अजीत पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। कल शाम 5.30 बजे आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। उन्होंने सीएम, डिप्टी सीएम (मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री) की बात पर कहा, यह सिर्फ तकनीकी बातें हैं। पिछले ढाई साल में हमने साथ मिलकर काम किया है। आगे भी हम सब मिलकर अच्छी सरकार देने का प्रयास करेंगे।

## साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती : विष्णुदेव साय

### छत्तीसगढ़ पुलिस अपराधियों को ट्रैक करने में पूरी तरह सक्षम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में राज्य स्तरीय साइबर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराध की चुनौतियों और उससे निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है और इसे रोकने के लिए जागरूकता और तकनीकी दक्षता का होना अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें साइबर भवन का उद्घाटन एक अहम पहल है। मुख्यमंत्री साय ने अक्टूबर माह में प्रदेश में आयोजित 410 जनजागरूकता कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिसके माध्यम से 23 लाख लोगों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता अभियान साइबर अपराध रोकने का सबसे महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री साय ने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा हमारे पुलिस अधिकारियों ने क्रिप्टो करेंसी और शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है। यह साबित करता है कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपराधियों को ट्रैक करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का जिक्र किया।

#### हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ी निर्णायक लड़ाई

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में नक्सल परिदृश्य पर बड़ी समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयासों के मूल्यांकन और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि हमारी सरकार ने 11 महीनों में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उसी दिशा में प्रभावी रणनीतियां तैयार करनी हैं।

## राज्यसभा ने दी बायलर विधेयक को मंजूरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान और मार्क्सवादी वी शिवदासन के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए बायलर विधेयक 2024 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विधेयक पर दो घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कहा कि केन्द्र सरकार पुरानी सोच छोड़कर दस वर्षों से नयी सोच और दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है और यह विधेयक भी उसी का प्रतीक है। इसके माध्यम से गुलामी की मानसिकता को भी समाप्त किया जा रहा है क्योंकि यह विधेयक बहुत पुराना है।

## बादल को गोली मारने का प्रयास, बाल-बाल बचे



**चंडीगढ़/ अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल बुधवार सुबह बाल-बाल बच गये, जब एक पूर्व उग्रवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर द्वार पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री बादल दो दिन पूर्व अकाल तख्त द्वारा सुनायी गयी धार्मिक सज़ा भुगतते हुये सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर द्वार पर तैनात थे।

## महाराष्ट्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को वकील और कार्यकर्ता सुरेंद्र गाडलिंग की वर्ष 2016 के सूरजगढ़ आगजनी मामले से संबंधित जमानत याचिका पर स्थगन मांगने के लिए महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की। राज्य सरकार ने कुछ दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लंबित होने का हवाला देते हुए स्थगन का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की खंडपीठ ने मामले की तात्कालिक सुनवाई पर जोर देते हुए कहा, यह कोई सामान्य मामला नहीं है। हमें इस पर सुनवाई करनी है। पीठ ने राज्य सरकार को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।

## सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारी प्राथमिकता : जयशंकर

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा' बताते हुए स्पष्ट किया कि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, मैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल की घटनाएँ, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। विदेश मंत्री ने निकट भविष्य में चीन के साथ संबंधों की दिशा में अपनी अपेक्षाएँ साझा करते हुये कहा हमारे संबंध कई क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं से स्पष्ट रूप से नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए हैं। हम स्पष्ट हैं कि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है। आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे।

## दिल्ली, आसपास के 10 ठिकानों पर सीबीआई के छापे

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाले से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय साइबर सक्षम धोखाधड़ी मामले की जारी जांच के सम्बन्ध में बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों में 10 ठिकानों पर तलाशी ली। सीबीआई की जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 420 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत उक्त मामला दर्ज किया, जो भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), केन्द्रीय गृह मंत्रालय से प्राप्त एक लिखित शिकायत पर आधारित था। शिकायत में यह आरोप है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी एवं संदिग्ध विदेशी , पूरे भारत में व्यवस्थित वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त हैं। सीबीआई को अब तक की जांच से पता चला है कि विदेशों से संचालित धोखाधड़ी करने वाले, भारत में पीड़ितों को निशाना बनाने के लिए वेबसाइट, व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। वे अंशकालिक नौकरी घोटाले, कार्य-आधारित धोखाधड़ी एवं शुरुआती निवेश पर उच्च लाभ के वादों के माध्यम से व्यक्तियों को लुभाते हैं। पीड़ितों द्वारा जमा किए गए धन को 'म्यूल एकाउंट्स' के नेटवर्क के माध्यम से शीघ्रता से स्थानांतरित कर दिया जाता है। इन धनराशि को अंततः एटीएम के माध्यम से विदेशों में निकाल लिया जाता है। इसके लिए पीवाईवाईपीएल जैसे फिनटेक प्लेटफ़ॉर्म पर वॉलेट टॉप-अप के लिए उपयोग किया जाता है, जिसे अक्सर पीओएस लेनदेन के रूप में छुपे हुए अंतर्राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क द्वारा सुगम बनाया जाता है।




श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड की उपलब्धियां



श्री राम विचार नेताम
माननीय कृषि मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

- गौ–सेवा आयोग को वृद्ध पशुओं की देखभाल तथा गौ–शालाओं के संरक्षण हेतु वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 तक रू. 88.71 करोड़ का अनुदान दिया गया।
- **फल–सब्जी उपमंडी** :– प्रदेश में बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, धमतरी, पखांजूर, तथा उपमंडी धमधा में फल–सब्जी का क्रय–विक्रय हो रहा है।
- **राष्ट्रीय कृषि बाजार** :– प्रदेश की 20 मंडियां राष्ट्रीय कृषि बाजार से जुड़ी हुई है।
- **गोदाम** :– कृषकों की कृषि उपज के वैज्ञानिक ढ़ंग से भण्डारण हेतु प्रदेश की मंडी समितियों में 3.52 लाख मे.टन क्षमता के 447 गोदाम है।
- मंडी बोर्ड द्वारा प्रदेश में 227 हाट–बाजार रू. 108.25 करोड़ की लागत से स्वीकृत।
- मंडी बोर्ड द्वारा राज्य विपणन विकास निधि से प्रदेश के विभिन्न मंडी क्षेत्रों में पुल–पुलिया के रू. 46.69 करोड़ के 105 कार्य स्वीकृत है।
- मंडी बोर्ड द्वारा प्रदेश की विभिन्न मंडी/उपमंडी प्रांगण में गोदाम के रू. 63.55 करोड़ के लागत से 1.48 लाख मे.टन क्षमता के 114 गोदाम स्वीकृत है।
- मंडी बोर्ड द्वारा राज्य विपणन विकास निधि एवं मंडी समिति निधि से प्रदेश की प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में 587 किसान कुटीर रू. 82.18 करोड़ की लागत से स्वीकृत हैं।
- फल सब्जी उपमंडी गण्डई में रू. 12.16 करोड़ की लागत से स्वीकृत सभी 20 कार्य प्रगतिरत, फल सब्जी मंडी कुनकुरी में रू. 2.72 करोड़ की लागत से स्वीकृत 8 कार्य प्रगतिरत, फल सब्जी मंडी कुसमी में रू. 4.84 करोड़ के लागत से स्वीकृत सभी 12 कार्य प्रगतिरत।
- नवीन उपमंडी प्रांगण भाटापारा में 54.27 करोड़ की लागत से स्वीकृत 21 कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।
- जशपुर जिला अंतर्गत 46 धान उपार्जन केन्द्रों में रू. 39.58 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई है।

छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन, सेक्टर -24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर- 492018


### ओडिशा के पुरी तट पर आयोजित नौसेना दिवस समारोह में भाग लिया

## भारत एक मजबूत समुद्री राष्ट्र, समुद्र ही हमारा भाग्य, गौरव और पहचान : राष्ट्रपति मुर्मु

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भौगोलिक स्थिति ने भारत को महान समुद्री राष्ट्र बनने के लिए ज़रुरी सभी तत्व प्रदान किए हैं और वह आश्वस्त हैं कि भारतीय नौसेना विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए ज़रुरी इन तत्वों की सुरक्षा करती रहेगी। मुर्मु ने ओडिशा के पुरी तट पर आयोजित नौसेना दिवस समारोह में भाग लिया और वह नौसैनिकों के साहस, ताकत तथा कौशल का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न अभियानों की गवाह बनी। राष्ट्रपति ने नौसेना दिवस के अवसर पर नौसेनाकर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 04 दिसंबर को, हम 1971 के युद्ध में अपनी शानदार जीत का जश्न मनाते हैं और मातृभूमि की रक्षा में नौसेना कर्मियों द्वारा की गई निस्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं। देश भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों का आभारी है और प्रत्येक भारतीय सम्मान और साहस के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए उन्हें सलाम करता है। मुर्मु ने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति ने उसे महान समुद्री राष्ट्र बनने के लिए ज़रुरी सभी तत्व प्रदान किए हैं। लंबी तटरेखा, द्वीप क्षेत्र, समुद्री यात्रा करने वाली आबादी और विकसित समुद्री बुनियादी ढांचे ने 5,000 साल से भी अधिक पहले से तट और महासागरों के पार भारत की समुद्री गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि गौरवशाली समुद्री विरासत और पीछे मुड़कर देखने लायक इतिहास तथा उम्मीदों से भरे भविष्य के साथ, भारत हमेशा से एक मजबूत समुद्री राष्ट्र रहा है - हमारा भाग्य ,गौरव और पहचान समुद्रों द्वारा ही परिभाषित होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय नौसेना 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए ज़रुरी, समुद्री सुरक्षा को सुनिश्चित करना जारी रखेगी। राष्ट्रपति ने 'नारी शक्ति' को उचित विकास के अवसर प्रदान करने में नौसेना के अग्रणी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नौसेना, महिला अग्निवीरों को शामिल करने वाली पहली सेवा थी। उन्होंने कहा कि 'नाविका सागर परिक्रमा दो' के हिस्से के रूप में आईएनएसवी तारिणी में विश्व की परिक्रमा करने वाली दो महिला नौसेना अधिकारी, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा, इस नए बदलाव का सबसे अच्छा उदाहरण हैं।

# संवरेगा कुनकुरीः शहर में लगेगी स्ट्रीट लाईट खिलाड़ियों को मिलेंगें खेल उपकरण

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्ट्रीट लाईट स्थापना, खेल उपकरण व अन्य विकास कार्यों के लिए 1.35 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत



पायनियर संवाददाता | जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनते ही विकास ने जो रफ्तार पकड़ी है वह समय के साथ और भी तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकासकार्यों की स्वीकृति मिलने और उसे जमीनी स्तर पर लागू करने की प्रक्रिया में तेजी आई है। प्रदेश के साथ ही जशपुर जिले में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने सहित अन्य कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहरों को संवारने का काम में भी तेजी आई है। इसी के तहत कुनकुरी नगरीय क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए चौक-चौराहों को संवारने के साथ ही नगर के स्ट्रीट लाईट को भी बदला जा रहा है। मुख्यमंत्री साय के पहल पर कुनकुरी नगरीय इलाके में विद्युतिकरण, खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करने सहित अन्य कार्यों के लिए एक करोड़ 35 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है।

### रोशन होगा कुनकुरी शहर, स्ट्रीट लाईट के लिए 75 लाख रूपए की राशि स्वीकृत

कुनकुरी नगरीय क्षेत्र जल्द ही रोशनी से जगमगाने वाला है। शहर में स्ट्रीट लाईट स्थापना के लिए 75 लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसी के तहत 16.59 लाख रूपए लागत के वार्ड मांक 01 एवं 06 में टाकिज चौक से संदीप गुप्ता के घर तक बाहरी विद्युतिकरण (स्ट्रीट लाईट स्थापना) कार्य, 18.80 लाख रूपए लागत के वार्ड क्रमांक 11 में पौनी पसारी बाजार से गढ़ाकाटा तक बाहरी विद्युतिकरण (स्ट्रीट लाईट स्थापना) कार्य, 19.97 लाख रूपए लागत के वार्ड क्रमांक 04 आर्या होटल से मंगल भवन तक बाहरी विद्युतिकरण(स्ट्रीट लाईट स्थापना) कार्य और 19.69 लाख रूपए लागत के वार्ड क्र मांक 12 एवं 13 में जयस्तम्भ चौक से रेस्ट हॉउस तक बाहरी विद्युतिकरण (स्ट्रीट लाईट स्थापना) कार्य की स्वीकृति मिली है।

### खिलाड़ियों को मिलेगें खेल उपकरण, नालियों को भी ढका जाएगा

मुख्यमंत्री के पहल पर कुनकुरी सहित जिले के युवाओं में छिपी हुई खेल प्रतिभा को निखारने के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण की घोषणा और बजट आबंटन जारी हो चुका है। युवाओं के सेहत के लिए 81.73 लाख की लागत से अत्याधुनिक जीम निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में वार्ड क्रमांक 07 एवं 06 में 02 सेट खेलकूद उपकरण प्रदाय एवं स्थापना के लिए 9.98 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। इसी तरह वार्ड मांक 01 एवं 06 में 02 सेट ओपन जिम उपकरण प्रदाय एवं स्थापना के लिए 9.99 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अलावा शहर में 19.10 लाख रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 01 से 15 वार्ड तक आरसीसी एवं एमएस नाली ढक्क न स्थापना कार्य कराया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 06 में रेमते रोड में रंगमंच में अतिरिक्त कार्य के लिए 1.98 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## सेना भर्ती रैली अंतर्गत फिजिकल टेस्ट 12 दिसम्बर तक रायगढ़ में

**गरियाबंद।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 04 से 12 दिसंबर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलो के पुरुष अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले चरण में ऑनलाइन परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किया जाएगा। इस रैली में प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों में गरियाबंद जिले के 106 उम्मीदवार शामिल है। जो कि 5 दिसम्बर को फिजिकल टेस्ट में शामिल होंगे। उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी-मार्च में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल-मई 2024 में ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा का रिजल्ट मई-जून 2024 में घोषित किया गया था। इसमें शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था। उक्त उम्मीदवार अब फिजिकल टेस्ट में भाग लेंगे।

## बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए भाटापारा शहर के गुणवंत अवस्थी का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता | भाटापारा
www.dailypioneer.com



शहर के लिए बड़े हर्ष एवं गर्व की बात है कि भाटापारा अंचल के उदीयमान खिलाड़ी गुणवंत अवस्थी का चयन भारतीय कंट्रोल बोर्ड आफ इंडिया द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ है। वे छत्तीसगढ़ राज्य को अंडर 16 कैटेगरी के लिए प्रतिनिधित्व करेंगे। वे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका अदा करेंगे। विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ की 16 सदस्य टीम शिमोगा कर्नाटक के लिए 30 नवंबर को रवाना होगी। शिमोगा कर्नाटक में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश, पंजाब, सौराष्ट्र ,चंडीगढ़ और दिल्ली राज्यों से होगा। यह जानकारी सियोन क्रिकेट अकादमी के कोच सुमित सिंह द्वारा दी गई। विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ राज्य 6 दिसंबर से अन्य राज्यों से भिड़ेगी। गुणवंत स्वास्थ्य के चयन होने पर कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट, पुलक निरंजन अवस्थी (पिता), सपना अवस्थी( माता), दीपक पांडे (मामा ),गौरव शर्मा, नितिन ओझा रिकी यादव, नीलम जेम्स, अभिषेक फिलिप, निर्मल जांगड़े (क्रीडा शिक्षक ),शरद पंसारी( क्रीडा शिक्षक ),नानक साहू, दीनू पटेल (जिला खेल शिक्षा अधिकारी), मनीष दास ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ,जनप्रतिनिधि सुनील यदु,अश्वनी शर्मा ,दिलीप यादव सूरज भोई,अविनाश शर्मा ,अभिषेक दास ने आशीर्वाद देकर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी । गुणवंत अवस्थी सियोन क्रिकेट अकादमी के रेगुलर खिलाड़ी हैं। वे वर्तमान में बिलासपुर जिला से जिला स्तरीय मैच खेल रहे हैं।

## मुख्य महाप्रबंधक सभागार में 30 नवबंर को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




कार्मिक विभाग लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा के द्वारा मुख्य महाप्रबंधक सभागार में 30 नवबंर को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार थे। कार्यक्रम में नवंबर माह में सेवानिवृत हो रहे 07 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर बी गहरवार ने भिलाई इस्पात संयंत्र और खदान समूह को दी गई सेवाओं के लिए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी को धन्यवाद दिया एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन में योगदान के लिए उनकी सराहना की ।कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि विपिन कुमार महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं सेवाएं) ने सेवानिवृत कर्मचारी के स्वस्थ्य एवं सुखी जीवन के लिए शुभकामना दी। कार्यक्रम में उपस्थित जयप्रकाश महाप्रबंधक राजहरा ने सेवानिवृत कर्मचारियो के द्वारा कंपनी को दी गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा भी सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं भविष्य में शारीरिक, आर्थिक एवं पारिवारिक रूप से सुखमय जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी गई । शैलेश कुमार पटनायक, सहायक प्रबंधक कार्मिक विभाग ने सेवानिवृत कर्मचारियों को भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए आश्वस्त किया । संयुक्त खदान मजदूर संघ की ओर से उपस्थित राजेंद्र बेहरा, बीएमएस यूनियन की ओर से लखन लाल चौधरी, सीटू यूनियन की तरफ से प्रकाश क्षत्रिय एवं इंटक यूनियन की ओर से उपस्थित तिलक राम मानकर ने सेवानिवृत्ति पश्चात जीवन व्यतीत करने के तरीकों पर परामर्श दिया ।कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में सुरेश चंद्र सरकार ईश्वर लाल निर्मलकर ,मान सिंह नायक यमन लाल देशमुख, तेमन सिंह ठाकुर दशरथ लाल ,महेश कुमार देशमुख उपस्थिति थे।

कार्यक्रम का संचालन रतीश मिश्रा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार कनिष्ठ प्रबंधक कार्मिक ने दिया ।

## नौकरी करने वाले किसी भी शख्स के जीवन में सेवानिवृति महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नौकरी करने वाले किसी भी शख्स के जीवन में सेवानिवृति महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। वे अपने जीवन के अगले चरण में प्रवेश लेने के लिए आतुर होते है ताकि अगले पड़ाव में अपने सपने को साकार कर सके ।

स्थानीय डाकघर शाखा में कार्यरत डाकपाल लखन लाल धुर्वे के सेवानिवृत्त होने पर एक समारोह का आयोजन 1 दिसम्बर को किया गया। साथ ही इसी समारोह में डाकघर में सेवा दे रहे विनय देवांगन, राहुल बाम्बेश्वर को स्थानांतरण होने पर बिदाई दी गई। गरिमामय इस आयोजन की मुख्य अतिथि सरिता गौतम एवं अध्यक्षता जयप्रकाश जायसवाल (डाकपाल) दल्लीराजहरा ने की। कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए शाखा डाकपाल धुर्वे , विनय देवांगन एवं राहुल बाम्बेश्वर जिनका ट्रांसफर अन्य स्थानों में हो गया है।उनका सम्मान

स्मृतिचिन्ह एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जयप्रकाश जायसवाल (डाकपाल) ने लखन लाल ध्रुवे के कार्यों की सराहना की एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। स्थानांतरण पर गए साथियों को नई जगह पर सफलता से कार्य करने की बधाई दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता गौतम ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि लखन लाल धुर्वे ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय डाक विभाग को दिए हैं।सेवानिवृत्त के उपरांत अब आपको नये जीवन की शुरुआत करनी है। ज़िंदगी बाहें फैलाए खड़ी है,कर लो स्वागत।हम सब उम्मीद करते है कि आप अपने परिवार के साथ सुखमय समय बिताएं और उन सपनों को साकार करने की दिशा में अपने कदम बढ़ाएं,जिन्हें नौकरी की वजह से पूरे नहीं कर पाएं हैं साथ ही सरिता गौतम ने आगे कहा कि स्थानांतरण पर नये कर्म-क्षेत्र पर जाने वाले विनय देवांगन एवं राहुल बाम्बेश्वर आप दोनों अपनी अगली चुनौती का आनंद लें। यहां जिस प्रकार पूरी टीम को साथ लेकर चलते थे वैसी ही लोकप्रियता आप दोनों को नये कार्यस्थल में हासिल हो। और अपने कार्यकाल की अवधि की समाप्ति के बाद पुनः राजहरा में पदस्थ हों यही कामना है।

इस कार्यक्रम में दल्ली राजहरा कार्यालय से यशवंत कुमार,केतकी भांडेकर, नीलम ठाकुर, उपेन्द्र कुमार,खेमेन्द्र गुप्ता,अरुण निषाद, सहित शाखा डाकघरों से कलावती, पुरोहित निषाद,सविता गावड़े, चुरामन सिंह,ममता ठाकुर रूपेशकुमार,जगदीश यादव ,कमलेश रावटे,अनूप यादव,मनोहर सिंह,सोरभ सिंह,वरुण,अभिषेक मिश्रा जरीना कुमारी अंकित, गौरीशंकर कामिनी, ऋचा,पूजा,अंजली सिंह, प्रियंका जायसवाल,नीलमवर्मा, रविन्द्र वर्मा सहित डाक परिवार के बहुत से सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश बैस एवं सरिता गौतम द्वारा संयुक्त रूप से किया तथा आभार साहिल कुमार ने व्यक्त किया ।

## हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान के तहत स्वच्छ सुन्दर शौचालय प्रतियोगिता





पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत 19 नवम्बर से अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसमें ग्रामीणों को उनके घरों में बने स्वयं के शौचालय के उपयोग एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान के तहत स्वच्छ सुन्दर शौचालय प्रतियोगिता कराये जाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें प्रत्येक ग्राम से 02 सबसे स्वच्छ एवं सुन्दर शौचालय का नामांकन ग्राम पंचायत द्वारा जनपद पंचायत को प्रेषित किया जा रहा है। इसके लिये प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की ऑनलाईन प्रविष्टि एवं शौचालयों की फोटो को भारत सरकार की वेबसाईट पर प्रविष्टि की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि 03 दिसम्बर को रखी गई है। जनपद पंचायत द्वारा सभी ग्राम पंचायतों से आये नामांकन में से 03 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालयों का नामांकन ऑनलाईन प्रविष्टि के माध्यम से जिला स्तर पर भेजा जायेगा। जिसमें से कुल 05 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालयों को पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों में से प्रति विकासखंड के 02-02 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालयों को पुरस्कृत कर नामांकन जिला को प्रेषित किया जायेगा। जिला स्तर पर प्राप्त नामांकन में से कुल 03 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालयों को 10 दिसम्बर को जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अभियान के तहत शालाओं में बच्चों को जागरूक करने के लिये निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली आदि प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छाग्राहियों द्वारा रात्रि चौपाल, मशाल रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छाग्राहियों के स्वास्थ्य जांच करने के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान ऐसे नवीन पात्र परिवार जो शौचालय निर्माण करना चाहते हैं और पूर्व में किसी भी योजना से लाभन्वित नहीं है, उन्हें इस अभियान अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की जा रही है। अब तक कुल 467 परिवारों को प्रशाकीय स्वीकृति जारी की गई है एवं 418 परिवारों की प्रोत्साहन राशि जारी की जा चुकी है।

## विधायक ने किया 8 करोड़ के एनिकेट का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता | पिथौरा
www.dailypioneer.com

बसना विधायक संपत अग्रवाल ने ग्राम पीलवापाली के बाघ नदी में 8 करोड़ की लागत से बनने वाले एनिकेट का शिलान्यास भूमिपूजन पूजा अर्चना कर कीया। इसअवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों ग्रामीणों सहित सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है इस एनिकेट के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को निश्चित लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल महामंत्री आशीष शर्मा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी सरपंच परमानंद कंदोई युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल संजय गोयल सतीश धुरुव कन्हैया निषाद तुकाराम पटेल सहित ग्रामीणजन व जनसंसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त ने विद्यार्थियों को क्लास में पढ़ाया

पायनियर संवाददाता | भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रातः स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खम्हरिया का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने स्कूल में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओ को बारीकी से देखा। कि विद्यार्थियो को किसी प्रकार की कोई असुविधा तो नहीं हो रही है। साथ ही स्कूल में बैठने के टेबल.कुर्सी, पीने का पानी, शौचालय, लाईट, पंखा आदि को अच्छे तरह से निरीक्षण किये, जिससे स्कूल में पढने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी प्रकारी की परेशानी तो नहीं हो रही है।

निगम आयुक्त स्कूल का पुरी तरफ से निरीक्षण करने पश्चात बच्चो के क्लास रूम में गये। वहां पर देखे की सभी विद्यार्थी अच्छी तरह से पढ़ाई कर रहे है। टीचर्स भी अच्छी तरह से पढा रही थी। आयुक्त पाण्डेय ने विद्यार्थियो की किताब को हाथ में लेकर कुछ सवाल किये, उनसे प्रश्न करने लगे और बच्चे बड़े ही जोश भरे आवाज से जवाब दे रहे थे। बच्चों से उनके क्लास के अनुसार सवाल कर रहे थे, जैसे राष्ट्रगान कितने सेकंड में पढ़ना चाहिए, राजिम कौन से जिले में स्थित है, छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री का क्या नाम है, बांग्लादेश कौन से दिशा में है, बच्चों से गणित एवं अंग्रेजी के प्रश्न भी पूछे क्लास में रीडिंग कराते हुए कविता पूछे। यह भी सवाल था कि कौन-कौन बच्चे घर से सुबह खाना खाकर नहीं आते हैं। कुछ बच्चों ने हाथ खड़ा किया उपस्थित शिक्षिका से उनके पेरेंट्स को समझने को कहा की बच्चों को सुबह नाश्ता कराके ही स्कूल भेजा करें । आयुक्त ने बच्चो से कहा किसी भी प्रकार का प्रश्न को अपने मन में रहने नहीं देना चाहिए। बेजिझक अपने क्लास टीचर्स से पूछना चाहिए, क्योकि प्रश्न करने से ही उसका जवाब मिलता है। दूसरे छात्र को भी पता चलता है। अंत में टीचर्स को भी समझाये बच्चो की पढ़ाई में पूरा सहयोग करें, किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका शीध्र निराकरण किया जाए। अंत में बच्चों को क्लास में मनोरंजन के लिए शिक्षाप्रद खेल भी खिलवाए।

# जल जीवन मिशन से महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

## मोदी के विज़न और विष्णु के सुशासन ने बदल दी ग्राम चिरपोटी की तस्वीर










पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिले के ग्राम चिरपोटी में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की पहल ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। पहले पानी की भारी कमी से जूझ रहे इस गांव में महिलाओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब हर घर को स्वच्छ और नियमित पेयजल मिल रहा है। इस योजना ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया, बल्कि गांव की महिलाओं के जीवन को भी पूरी तरह बदल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत के बाद चिरपोटी गांव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर में नल कनेक्शन प्रदान किया गया। इसके तहत गांव की 450 से अधिक आबादी को स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। आइए जानते हैं इस योजना से गाँव की महिलाओं के जीवन में क्या बदलाव आया है। गांव की कुलेश्वरी साहू, जो 28 वर्ष की हैं, ने अपनी गर्भावस्था के दौरान पानी लाने में होने वाली कठिनाइयों को साझा करते हुए कहा, एक गर्भवती महिला के लिए दूर से पानी लाना बेहद मुश्किल होता था। मेरे छोटे बेटे को मेरी मदद करनी पड़ती थी। इससे हमारा स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत घर में नल की सुविधा मिलने से हमारी यह समस्या पूरी तरह खत्म हो गई है। हमारा पूरा परिवार अब इस सुविधा से खुश है। इसी गांव की 50 वर्षीय उर्वशी साहू, जो एक गृहिणी और जलवाहिनी सदस्य हैं, ने बताया कि जल जीवन मिशन ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उन्होंने कहा, पहले मैं केवल घर के कामों तक सीमित थी, लेकिन अब मैंने प्रशिक्षण लिया और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। इस मिशन की वजह से मुझे दिल्ली में प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित होने का अवसर भी मिला, जो मेरे लिए गर्व का क्षण था। 34 वर्षीय निधृति चौहान, जो 2017 में इस गांव की बहू बनकर आईं, ने कहा, पहले मुझे पानी लाने के लिए दूर तक जाना पड़ता था, जिससे मेरा काफी समय और ऊर्जा बर्बाद होती थी। लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत घर में ही नल से जल की सुविधा मिलने से हमारा जीवन आसान हो गया है। इससे हमें अन्य कामों पर ध्यान देने का समय मिल रहा है।

### गांव में व्यापक बदलाव

जल जीवन मिशन के तहत चिरपोटी के हर घर को नल कनेक्शन देने के बाद महिलाओं का जीवन आसान हो गया है। अब वे पानी की चिंता से मुक्त होकर परिवार और समाज के विकास में योगदान दे रही हैं। गांव के लोग इस बदलाव के लिए सरकार और जल जीवन मिशन का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

## प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष, महापौर का चुनाव कराने का निर्णय स्वागत योग्यः श्याम जायसवाल

पायनियर संवाददाता | दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



विष्णु देव सरकार की कैबिनेट द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव हेतु अध्यक्ष व महापौर की चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करने के निर्णय का भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने स्वागत किया है व कहा की हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाजपा के विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए घोषणा की अनुरूप अपने एक और घोषणा को पूरा करते हुए जनता को सीधा अपने मत से अध्यक्ष चुनने का अधिकार उनके हाथों में सौंप दिया है। उनके कैबिनेट के इस निर्णय से चुनाव के दौरान पार्षदों के खरीद फरोकत पर रोक लगेगी अब जनता अपने पसंद के उम्मीदवार को सीधा अध्यक्ष व महापौर की रूप में बैठा सकेगे। छत्तीसगढ़ में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने नगरीय निकायों में अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली अपना कर छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सीधा धोखा किया था। जिससे जनता के हाथों से खुद वोट कर अध्यक्ष और महापौर बनाने का अधिकार खत्म हो गया था। जिसको ध्यान में रखकर जनहितैषी विष्णुदेव साय सरकार ने कांग्रेस के उस निर्णय को पलट कर फिर से जनता के हाथों में अध्यक्ष और महापौर बनाने का अधिकार सौंप दिया है। जिसकी खुले दिल से स्वागत व प्रशंसा होनी चाहिए साथ ही विष्णुदेव सरकार की कैबिनेट ने हमारे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के राजनीतिक अधिकारों को ध्यान में रखकर उन्हें नगरीय निकाय व ग्रामपंचायत चुनाव में छत्तीसगढ़ में 50त्न की आरक्षण देकर पूरे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की भावनाओं का सम्मान किया है जिसके लिए हम ओबीसी समाज की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार मानते है। लगातार भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में जनता की भावनाओं के अनुरूप काम कर रही है। इसलिए हमे पूरा उम्मीद है। की छत्तीसगढ़ में आने वाले नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत के चुनाव में जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को जरूर मिलेगा।

# कांग्रेस निगरानी टीम और विधायक सावित्री ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण, भानुप्रतापपुर केंद्र में किसान हो गए थे आक्रोशित

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विधायक सावित्री मंडावी ने कांग्रेस नेताओं के साथ विकासखंड के ग्राम केवटी के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। वही भानुप्रतापपुर स्थित धान खरीदी केंद्र में मौसम खराब होने की वजह से प्रभारी द्वारा टोकन कटे किसानों से धान खरीदी नही किया जा था जिससे किसान आक्रोशित हो गए थे। मौके पर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा गए और टोकन कटे किसानों के धान को खरीदने कहा गया तब किसान शांत हुए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित कांग्रेस की निगरानी टीम द्वारा 2 दिसंबर को केवटी स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस केंद्र में 3 दिसंबर को ही धान खरीदी शुरू किया गया। किसानों ने बताया अभी तक



प्रबंधक नही है सरपंच और ग्रामीण मिलकर समिति चला रहे हैं।वहीं इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार बारदाने की समस्या को लेकर विधायक को फोन कर रहे थे। विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सोसाइटी में जाकर किसानों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को जाना। केवटी में धान खरीदी केंद्र में किसानों ने बारदाने की समस्या से अवगत कराया। किसानो बताया अभी तक प्रबंधक नही है सरपंच और ग्रामीण मिलकर समिति चला रहे हैं भूसा की कमी चबूतरा नही होने की जानकारी बताया। उन्होंने बताया अभी तक किसानों के ऋण शून्य नहीं हुआ हैं जिससे किसानों को हो रही समस्या को लेकर प्रशासन से बात करने की बात कही। विधायक ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और किसानों को धान खरीदी में होने वाली समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा करने की बात कही।

इस अवसर पर निगरानी समिति कुंवर सिंह निषाद गुंदरदेही विधायक, शंकर धुर्वा पूर्व विधायक कांकेर, कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, सुभद्रा सलाम, सुना राम तेता, पप्पू सोनी, निकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर, मुकेस्वरी नरेटी जनपद सदस्य, इंद्रा आरदे जनपद सदस्य,भगवती गजेंद्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति रैली के साथ एनएसएस शिविर का समापन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई चिपावंड का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन नशा मुक्ति रैली के साथ हुआ। शिविर डॉ.डी एल पटेल, शशि भूषण कन्नौजे व चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान शिविरार्थियों ने योगाभ्यास सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम वृक्षासन, ज्ञान उत्तानपादासन, हलासन, सलभासन, चक्रासन, ताड़ासन अद्धमतेंद्र ज्ञान मुद्रा, कराटे, पीटी करवाया गया। परियोजना कार्य में तालाब सफाई, सड़क मरम्मत, वर्किंग शेड में मिट्टी भराई, नाली सफाई, शाला परिसर, पंचायत घर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास साफ सफाई, नलों के सोख्ता गड्ढा मरम्मत कार्य किया गया। बौद्धिक चर्चा में स्वास्थ्य, शिक्षा, नशा मुक्त समाज, बाल सूरक्षा, पशुधन, सायबर सेल आदि विषयों पर विभागवार जानकारी प्रदान किया गया। बौद्धिक चर्चा में स्वयंसेवकों ने भी अपना विचार व्यक्त किये। गांव में सांस्कृतिक एवं नशा मुक्ति रैली निकाली गई जिसमें स्कूली बच्चे, युवा एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता, शिक्षा, अंधविश्वास, नशा मुक्ति, बाल विवाह, दहेज प्रथा थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। सर्वे कार्य में पशुओं का सर्वे पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा करवाया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि आर के जैन, विशेष अतिथि जयसिंह सोरी कार्यक्रम अध्यक्ष चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी, मोहन लाल बोगा जगदीश नेताम, संतु राम नेताम, सालिक राम नाग,सोमनाथ नेताम, रिखी राम भुआर्य, लखनलाल जुरेशिया, प्रीतम साहू, सोनाधर यादव, उमेश ठाकुर, सरोजनी ध्रुव, यमुना मरकाम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# गीता जयंती पर इस्कॉन रायपुर द्वारा बचेली में हुआ गीता मैराथन और भव्य संकीर्तन उत्सव

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

गीता जयंती के पावन अवसर पर इस्कॉन रायपुर के भक्तों ने बुधवार दोपहर 03 बजे बचेली में गीता मैराथन का आयोजन किया।इस दौरान भक्तों ने किरंदुल और आसपास के क्षेत्रों में गीता वितरण किया और नगर संकीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। बचेली के बंगाली कैंप स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भव्य महासंकीर्तन और कथा का आयोजन हुआ।इस्कॉन रायपुर से पधारे योगेश्वर कृष्ण दा ने भगवान श्रीकृष्ण की अद्भुत बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने उखल बंधन लीला का प्रसंग सुनाते हुए



बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने माता यशोदा के प्रेम और वात्सल्य के आगे समर्पण कर दिया।यह कथा दर्शाती है कि भगवान केवल प्रेम और भक्ति से ही बंध सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जय गौर हरि प्रभु और अन्य भक्तों द्वारा मधुर वैष्णव भजनों जैसे हरि हे दयाल मोर और जय राधा माधव÷ का संकीर्तन हुआ। भक्तजन भजनों की दिव्यता में मग्न होकर नृत्य करते हुए दिखाई दिए।अंत में श्री श्री राधा माधव और श्री श्री गौर निताई भगवान को भोग अर्पण किया गया और सभी उपस्थित भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर प्रभारी के चटर्जी और ईश्वर राव द्वारा किया गया। इस्कॉन रायपुर से पधारे भक्तों में भक्त वत्सल दास, हिरण्य गर्भ, माधव चरण, आशुतोष कृष्ण दास, सुमधुर कृष्ण,प्रदीप राठौर सम्मिलित हुए।गीता जयंती पर इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक जागृति और गीता के संदेश का प्रचार-प्रसार करने का उत्कृष्ट प्रयास हैं।

# फुटपाथ में लगा रहे दुकानों को हटाने व्यापारी संघ ने उठाई मांग

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शहर में बिजली, पानी, सफाई के साथ ही चौड़ी सड़कें और पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ जरूरी होता है लेकिन भानुप्रतापपुर नगर की सड़कों पर से फुटपाथ गायब होते दिख रहा है।भानुप्रतापपुर नगर के मुख्य चौक से लेकर चारों दिशाओं के मुख्य मार्ग में बाहर से आए व्यापारियों द्वारा दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। भानुप्रतापपुर के व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा नगर पंचायत और थाना प्रभारी को शिकायत दर्ज करते हुए इन्हे हटाने की मांग रखी है। व्यापारी संघ अध्यक्ष अनंत गोपाल कोठारी,मोहन हरद्वानी,नमन झाबक जैन, विजय धामेचा, राकेश रमानी,यश कथूरिया,राम कुमार नशीने,नरेश जैन,जुगल किशोर शर्मा,त्रिलोक चोपड़ा,लक्ष्मण मखीजा,संजय साहू,



हरीश शर्मा, मनीष बागरेचा, विकास शर्मा,आनंद जैन बताया नगर के चारों दिशाओं के मुख्य मार्ग में बाहर से आए व्यापारियों द्वारा जिनके पास ना तो तस्ज्ञ का नंबर है और ना ही स्थानीय प्रशासन की कोई लिखित अनुमति जबकि प्रशासन के द्वारा पूर्व में भी नियम बनाया गया था कि मार्ग पर बोर्ड आदि भी नहीं रखना है परंतु बाहर से आए हुए व्यापारी उसी स्थान पर धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं बर्तन, कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य जिस पर प्रशासन का किसी प्रकार का रोक नहीं है। शासन को टैक्स के रूप में इनसे कोई राजस्व भी प्राप्त नहीं हो रहा है। मुख्य मार्ग में अस्थाई दुकान में लगाने के कारण यातायात में भी तकलीफे आती है अस्पताल के सामने सरकारी ऑफिसों के सामने व बजार स्थल के पास रोड जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

## दो दिनों में नहीं हटाया तो करेंगे धरना प्रदर्शन

उन्होंने बताया इन फूटकर व्यापारियों के कारण के नगर के सभी सड़को के किनारे से फुटपाथ गायब हो गया है। जिससे पैदल चलने वालों को हमेशा डर बना रहता है। फुटपाथ नहीं होने के कारण पैदल चल रहे लोगो को चार पहिया वाहन चालकों ने बहुत बार ठोकरे मार कर घायल भी किया है। जबकि बाइक व पैदल चल रहे लोगो के बीच तो पूरे दिन तू तू मैं मैं होती रहती है।धीरे-धीरे फुटपाथ का वजूद खत्म होने लगा और राहगीर सड़क पर आ गए। अगर दो दिनों में कार्यवाही नहीं हुई तो व्यापारी संघ प्रदर्शन करने बाध्य हो जायेगा।

# शादी करने का झांसा देकर, किया पीड़िता का शारीरिक शोषण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आरोपी रफ़ीलाल के द्वारा पीडिता के साथ मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 373/2024 धारा 376(3), 376(2) (ढ), 506 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, जो की आरोपी के द्वारा लगातार अपना लोकेशन बदली किया जा रहा था, आरोपी के पता



तलाश हेतु थाना कोंडागांव एवं साइबर की टीम गठित कर फरार आरोपी रफ़ीलाल यादव के संबंध में पता तलाश किया गया। आरोपी के संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल आरोपी को अभीरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा हैं।

# पुलिस हिरासत से भागा फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोंडागांव।** जिले के थाना केशकाल के अपराध क्रमांक 118/24 धारा 20 26 अक्टुबर को गिरफ्तार कर आरोपी सूरज भतरा को विधिवत कार्यवाही करते



हुए विगत दो महा पूर्व जेल दाखिल के लिए जगदलपुर ले जाया जा रहा था। उसी दौरान आरोपी सूरज भतरा हाथ की हथकड़ी को निकाल कर पुलिस के हिरासत से फरार हो गया था, तब से लगातार आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। इसी कड़ी में टीम के द्वारा लगातार छानबीन कर रही थी। इसी दरमियान सूचना मिला कि फरार आरोपी अपने उड़ीसा राज्य के निवास स्थान से करीब 60 किलोमीटर जंगलों में छिपा हुआ हैं। पुलिस अधीक्षक को अवगत कराते हुए थाना केशकाल की टीम एवं साइबर सेल की टीम को संयुक्त रूप से पतासाजी हेतु रवाना किया गया था, जिस पर टीम के द्वारा उक्त फरार आरोपी सूरज भतरा पिता विजय भतरा उम्र 28 वर्ष निवासी चारडा जेईएलसी चर्च के पास थाना काकारीगुमा जिला कोरापुट उड़ीसा को पुनः हिरासत में लिया गया। जिसे पूछताछ करने पर जेल जाने की डर से मौका देखकर फरार होना अवगत कराया जिसे विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल की दुकानों की रोकी गई बोली को जल्द कराने की मांग

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

दल्ली रोड़ स्थित भूमि को नगर पंचायत द्वारा पीपीपी पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर हो रही नीलामी को अब तक नही किया गया है। बुधवार को इस बोली में भाग लेने वालों ने रोकी गई बोली को जल्द कराने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा अपने स्वयं के परिषद के प्रस्ताव के विरुद्ध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायत किया। जिसके बाद बोली मे रोक लगाई गई हैं।

उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि भानुप्रतापपुर नगर पंचायत द्वारा दल्ली रोड स्थित शंकर नगर की जमीन के संबंध में दिनांक 18.11.2024 को समय 12.00 बजे से आम



नीलामी बुलाया गया था। जिसके लिए नगर पंचायत द्वारा परिषद में प्रस्ताव पारित कर बोली के लिए निविदा बुलाई गई थी। लेकिन परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा अपने स्वयं के परिषद के प्रस्ताव के विरुद्ध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को शिकायत किया। जिसके बाद आपके द्वारा बोली मे रोक लगाई गई थी । जिसके लिए हम सब बोली दाता लिखित में आवेदन दे देकर जल्द से जल्द बोली कराने के लिए निवेदन किया गया था। इसके साथ ही बोली दाता को मौखिक रूप से जल्दी ही समस्या का निराकरण कर बोली पुनः कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन पन्द्रह दिन बाद भी आपके तरफ से कोई कार्यवाही नहीं किया गया जिससे हम सब बोली दाता आर्थिक और मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं। आपको बता दें कि नगर पंचायत द्वारा दल्ली रोड़ स्थित पीपीपी पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर दुकानो की नीलामी प्रक्रिया शुरू ही होने वाली थी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर,पार्षद पंकज वाधवानी, मनीष साहू,कमलेश गावड़े, चंद्रकुमार कटझरे, रजिंदर रंधावा, राम मिलन संध्या साहू, मनीषा सचदेव द्वारा दुकान नीलामी की नियमों में कुछ त्रुटियां बताकर निरस्त करने हेतु आवेदन दिया है जिसके चलते प्रकिया फिलहाल स्थगित है।


**ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रायपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. श्री विजय कुमार दामके 2 श्रीमती योगेश कुमार दामके (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10216656) | 23.09.2022 रु. 10,32,755/– (रु. दस लाख बत्तीस हजार सात सौ पचपन मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 458, क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट (भूमि क्षेत्रफल) 100 वर्ग फीट (कारपेट क्षेत्रफल) 390 वर्ग फीट (सुपर निर्मित क्षेत्र), हर्षित हार्मनी, ख.नं. 364/4, मौजा घुमा, पीएच नं. 32, आरएनएम धरसिवा, सिंघानिया बिल्डकॉन, तहसील रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत–492001 | 11.07.2023 | रु. 6,61,000/– (रु. छह लाख इकसठ हजार मात्र) | 18.12.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे |
| | **बोली वृद्धि राशि** | | **कुल बकाया दिनांक 12.11.2024 तक** | **धरोहर राशि (ईएमडी)** | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि** |
| | रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | | रु. 14,54,652/– (रु. चौदह लाख चौवन हजार छह सौ बावन मात्र) | रु. 66,100/– (रु. छियासठ हजार एक सौ मात्र) | 20.12.2024 को अपराह्न 05.00 बजे |
| | | | | | **ई–नीलामी की तिथि/समय** |
| | | | | | 23.12.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकार:– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं।
शेष राशि भुगतान के लिए – Login https://www.iiflonehome.com > My Bid > Pay Balance Amount.

नियम और शर्तें:–
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** और **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : **care@iiflonehome.com** सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर **care@iiflonehome.com** लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 की उप धारा(1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 05.12.2024 — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/ (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN 1143108CT20055GC015822, Email ID-EKONALBHATAPARAGONPCL.CO.IN GST Number of CSPDCL-22AADC05047KIZR
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग भाटापारा**

SAVE ENERGY

क्र./10-20/10-25/स्था./ — //सूचना// — भाटापारा दिनांक

प्रति,
श्री दीपक कुमार त्रिवेदी
परि.वर्ग-तीन (ला.) कार्यभारित
दीक्षित आटा चक्की के पास,
टिकरापारा संतोषी नगर रायपुर

**विषयः- कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के परिप्रेक्ष्य में संपन्न विभागीय जांचोपरांत प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन पर बचाव कथन / जवाब प्रस्तुत किये जाने बाबत।**

संदर्भः-
1. इस कार्यालय का पत्र क्र./10-20/10-25/स्था./527 भाटापारा दिनांक 02.05.2018
2. इस कार्यालय का पत्र क्र./10-20/10-25/स्था./1796 भाटापारा दिनांक 07.07.2018
3. क्र./भाटा.जोन/447 भाटापारा, दिनांक 26.07.2019
4. इस कार्यालय का पत्र क्र./10-20/10-25/स्था./3349 भाटापारा दिनांक 27.09.2019
5. इस कार्यालय का पत्र क्र./10-20/10-25/स्था./2028 भाटापारा दिनांक 31.07.2024

विषयांतर्गत लेख है कि आप दिनांक 24.07.2017 से आज दिनांक तक अनाधिकृत रूप से कार्य पर अनुपस्थित रहने के परिप्रेक्ष्य में आदेश क्र. 1056 दिनांक 29.05.2019 के माध्यम से विभागीय जांच संस्थित की गई थी। संपन्न विभागीय जांचोपरांत, जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति पत्र क्र. 3349 दिनांक 27.09.2019 के माध्यम से आपकी ओर प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया था कि जांच प्रतिवेदन के अनुसार अपना बचाव कथन/अभ्यावेदन प्रस्तुत करें तथापि आपके द्वारा कोई सूचना/आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसी क्रम में पुनः अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 31.07.2024 को प्रकाशित दैनिक नवभारत, रायपुर के अंक एवं दिनांक 01.09.2024 को प्रकाशित दैनिक पायनियर, रायपुर के अंक में सूचना प्रकाशित करायी जाकर निर्देशित किया गया था कि जांच प्रतिवेदन पर अपना अंतिम कथन/दस्तावेज सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें, तथापि आपके द्वारा इस ओर पर कोई ध्यान नही दिया गया है जो सपष्ट करता है कि आप कंपनी में कार्य करने के इच्छुक नहीं है।

अतः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि सूचना पत्र के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन के परिप्रेक्ष्य में आप अपना बचाव कथन/दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा यह मान लिया जावेगा कि आपे अपने बचाव में कुछ भी कहने के इच्छुक नही है तदानुसार कंपनी से आपकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी।

(व्ही. के. राठिया)
कर्मचारी क्र.9331181
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा

# एचआईवी की रोकथाम हेतु किया जा रहा प्रचार प्रसार,मिल रहा सिंगल विंडो योजना का लाभ







पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष विश्व 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आगामी कुछ दिनों तक समुदाय में एचआईवी-एड्स के संबंध में जानकारी तथा उससे बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार स्कूल कॉलेज में परिचर्चा,स्टाफ मीटिंग, रंगोली,पोस्टर तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से जिले भर में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार एचआईवी अर्थात ह्यूमन इम्युनो वायरस का संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, दूषित रक्त का उपयोग,संक्रमित सुई सिरिंज के प्रयोग तथा संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले बच्चे को हो सकता है। अगर इन चार कारणों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके संक्रमण से बचा जा सकता है। इसके ज्यादातर शिकार 15 से 24 आयु वर्ग का युवा होता है। वास्तव में एच आई वी संक्रमण से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है जिससे व्यक्ति को अन्य दूसरे रोगों के संक्रमण हो जाते हैं और उसकी जान चली जाती है क्योंकि एचआईवी का अभी तक कोई इलाज नहीं ढूंढा जा सका है अतः जानकारी और सावधानी ही इसका बचाव है । संक्रमित माता से हुए शिशु को जन्म के 72 घण्टे के भीतर दवाई देकर उसे भी इसके खतरे से बचाया जा सकता है। एचआईवी संक्रमण का कोई निश्चित लक्षण नहीं है। फिर भी बार बार बुखार, लंबे समय तक दस्त बने रहना, खाज-खुजली, थकान, बिना किसी कारण वजन कम होना, ग्रंथियों में सूजन ये कुछ लक्षण हैं जिससे सावधान होकर जाँच करवा लेनी चाहिए। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को कई केसों में देखा गया है कि टीबी का भी संक्रमण हो जाता है।।जिले में एचआईवी की जांच एकीकृत जाँच एवं परामर्श केंद्र (आई सी टी सी) में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला अस्पताल सहित सभी भाटापारा ,सिमगा, कसडोल और पलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आई सी टी सी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर हर गर्भवती महिला की यह जाँच होती है। कई स्तरों की रक्त जाँच के पश्चात एच आई वी संक्रमण की स्थिति में मरीज को ए आर टी (एंटी रिट्रो वायरल थेरिपी) दी जाती है जिसके लिए उसे ए आर टी केंद्र भेजा जाता हैं। जहाँ कुछ माह दवाई खा वायरल लोड स्थिर होने पर उसकी दवाई जिला से भी दी जाती है । दवाई का नियमित रूप से सेवन करके, अच्छा भोजन करके, दिनचर्या एवं आहार संतुलित रखकर व्यक्ति एचआईवी के बाद भी लंबा जीवन जी सकता है। जिले में वर्तमान में 861 जीवित एचआई वी संक्रमित व्यक्ति हैं जो उपचार ले रहे हैं।सरकार की नीति के अनुरूप वर्तमान में जिले में एच आई वी संक्रमित व्यक्ति को सिंगल विंडो योजना का लाभ भी दिया जा रहा है जिसमें अंत्योदय राशन कार्ड निशुल्क बस पास विधवा पेंशन नोनी सुरक्षा जैसी शासन की योजनाएं हैं। देश में एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 लागू है जिसके तहत एचआईवी और एड्स से जुड़े लोगों के अधिकारों की रक्षा और प्रचार करने के लिए कानून बनाया गया है । यह कानून मुख्य रूप से एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा, भेदभाव से बचाव तथा गोपनीयता का अधिकार प्रदान करता है।

# संपर्क केंद्र से रुखमणी कोशले को एक फोन पर मिला अंत्योदय राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपर्क केंद्र 92018-99925 के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। भाटापारा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 09 दाऊ कृष्ण कुमार के निवासी रुखमणी कोशले ने 92018-99925 में फोन के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज की कराया। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया। ने बताया कि उनकी पति से तलाक हो चुका है और वे पिछले नौ दस वर्षों से अकेली रोजी मजदूरी कर जीवनयापन कर रही हैं। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान करने की गुहार लगाई ताकि वे अपने जीवनयापन को सरल बना सकें। उनकी इस समस्या को खाद्य विभाग ने प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की और उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया। तत्काल राशन कार्ड मिलने पर रुखमणी कोशले ने संपर्क केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र हमारे जैसे जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।।मुझे मेरी समस्या का तुरंत समाधान मिला, इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं. कोशले ने राशन कार्ड सम्बंधित समस्या तत्काल निराकरण होने पर कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही आम लोगो से अपील करते हुए संपर्क केंद्र का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## गांव में अवैध शराब विक्रय की भी मिली शिकायत आबकारी विभाग आरोपी को किया गिरफ्तार

इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम छेरकापुर निवासी शैलेन्द्र प्रसाद साहू द्वारा गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत किया गया था जिस पर सम्पर्क केन्द्र द्वारा आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करवाया गया। जिसमें अवैध शराब विक्रेता रोहित टण्डन एवं नारायण साहू पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई होने पर शैलेन्द्र प्रसाद साहू ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता के समस्याओं,मांगो के निराकरण,योजनाओं की जानकारी सहित सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क 92018-99925 की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें जिले का कोई भी व्यक्ति 92018- 99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागवार ड्यूटी भी लगायी गई है। जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हे अलग से समय सीमा में दर्ज की जाती है।

## जन्म-मृत्यु विलंबित पंजीयन के लिए तहसीलदार होंगे प्राधिकृत

**गरियाबंद।** शासन के निर्देशानुसार किसी भी जन्म एवं मृत्यु की सूचना रजिस्ट्रार को उसकी घटना के एक वर्ष के पश्चात देने के मामले में विलंबित पंजीयन के संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुार गरियाबंद जिले के सभी तहसीलदार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को उनके अधिकारी क्षेत्र के भीतर एक वर्ष के विलंबित पंजीयन के लिए प्राधिकृत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील दायर की जाएगी तो इस अपील की सुनवाई हेतु जिला मजिस्ट्रेट सक्षम प्राधिकारी होगा।

# जिले के एनएसयूआई कार्यकर्ता संसद घेराव के लिए दिल्ली रवाना



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

एनएसयुआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आव्हान पर 05 दिसंबर को दिल्ली में एनएसयुआई द्वारा संसद घेराव किया जाना है जिसमे देश के हर कोने से छात्र लाखो की संख्या में शामिल होंगे। एनएसयूआई 6 मांग को लेकर संसद मार्च कर रही है जिसमे पहला मांग शिक्षा बजट कटौती और छात्रवृत्ति रोकना बन्द करने, दूसरा आंदोलनकारी छात्रों पर फर्जी मुकदमा है, उसे वापस लेने, तीसरा आरक्षण नीति का सख्ती से पालन करने, चौथा देश मे लगातार पेपर लीक एवं परीक्षा घोटाला बन्द कराने, पांचवा अग्निवीर योजना बन्द कराने एवं अंतिम व छठवा मणिपुर में पुनः शांति स्थापित हो। एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी एवं एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिले के एनएसयूआई कार्यकर्ता संसद मार्च के लिए दिल्ली रवाना हुए है। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ प्रशांत शर्मा, ओमप्रकाश मानिकपुरी, जय श्रीवास्तव, पूरन सोनी, अमन साहू, तेज प्रकाश साहू, सुदीप सिन्हा, जय ध्रुव, चन्दू सोनकर, सुनील सिन्हा, लक्की निर्मलकर, सूर्या कश्यप, अरविंद यादव, चैतन्य साहू, अज्जु देवांगन, तेजप्रताप साहू, उदय साहू सहित दर्जनों की संख्या में धमतरी के कार्यकर्ता रवाना हुए।

# उड़ीसा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर में शहीद वीर नारायण सिंह और अंग्रेजों के बीच हुए युद्ध भूमि को वीर घाटी के रूप में विकास का आश्वासन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस 10 दिसंबर सोनाखान जिला बलौदाबाजार के लिए विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को न्यौता देने के लिए नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा एवं शिशुपाल शोरी पूर्व विधायक, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, महेश गागड़ा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, राजेंद्र राय पूर्व विधायक बालोद, राजेंद्र दीवान वंशज शहीद वीर नारायण सिंह संस्थान सोनाखान, लोकेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा, गणेश ध्रुव सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़, आर एन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में मिले। मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में आने की सहमति प्रदान किये। इस अवसर पर वीर भूमि सोनाखान के विकास हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। नया रायपुर में स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में शहीद वीर नारायण सिंह का स्टेचू लगाने एवं उड़ीसा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर में सिंघोड़ा के पास शहीद वीर नारायण सिंह और अंग्रेजों के बीच हुए युद्ध भूमि को वीर घाटी के रूप में समुचित विकास का आश्वासन दिए। मुख्यमंत्री ने सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को रायपुर में एवं बालोद तहसील के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए बालोद जिला के गुरुर में फरवरी में आयोजित होने वाले आदिवासी सम्मेलन में आने की सहमति प्रदान किये। इस अवसर पर एम आर ठाकुर प्रांतीय महासचिव सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, फूलसिंह नेताम प्रांतीय कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, बसंता ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग गोंडवाना गोंड महासभा, चौरसिया, देहारी, एस पी ध्रुव जिला अध्यक्ष महासमुंद, अकत ध्रुव जिला अध्यक्ष मुंगेली, उत्तरा मरकाम अध्यक्ष गुरुर जिला बालोद, भागसिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष गरियाबंद, डमरूधर मांझी, रवि ध्रुव, शिव प्रसाद ध्रुव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन की उपस्थिति थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, विधायक चातुरी नंद समेत वरिष्ठ कांग्रेसी हुए शामिल

## कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अहम बैठक विधायक कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद,आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, छुहीपाली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, प्रदीप गुप्ता, नपा के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, विधायक प्रतिनिधि गण घसिया सिदार, रमेश पटेल, सीता पटेल, भरत मेश्राम की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में लगातार अनियमितता बरती जा रही है जिससे किसानों को असुविधा हो रही। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत कल से हो रही है। आप सभी साथी अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाने में भागीदारी जरूर निभाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता के साथ लड़ेंगे नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने नगर पालिका सरायपाली के हर बूथ के कार्यकर्ताओं की बैठक लेने की बात कही। विधायक चातुरी नंद ने 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के प्रति आजीवन समर्पित रहने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने सम्मान समारोह और नववर्ष मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार करने का सभी को आग्रह किया। विधायक नंद ने 3 दिसंबर को एक साल पूरा होने पर सभी का आभार जताते हुए हमेशा सहयोग और आशीर्वाद बनाए रखने की अपील भी की। बैठक को छुहीपाली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम भोई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, नपा के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता चित्रसेन बीसी, श्रवण पटेल, परमानंद नायक, कमल अग्रवाल, केशव चौधरी, सुरेश पटेल, जयंत चौधरी, तेजराम पटेल, गोपबंधु पटेल, नरेंद्र साहू, पद्मलोचन पटेल, सुरेश भोई, दीपांजलि बारीक, तीरीथ बाई मानिकपुरी, हेमा श्रीवास, संतलाल बारीक, संजय प्रधान, विनय पटेल, दीपक साहू, सुशील प्रधान, वाल्मीकि मेहर, दूधनाथ साहू, तन्मय पंडा, नीलांचल भोई, शुरू पाणिग्रही, सौरभ सतपथी, केशव अग्रवाल, सुनील पटेल, पंकज बीसी, फार्म पटेल, अजय चंद्रा, धनपति प्रधान, चित्रसेन नायक, दिलकिशोर प्रधान, मनोरंजन भोई, क्षेमानिधि साहू, सोनसाय बरिहा, पुरुषोत्तम साहू, मोहित नंद, विभिषण चौहान, जयंत यादव, गोल्डी समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निकाय अध्यक्षो के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लोकतंत्र की जीत : गणेश साहू

पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com




भाजपा युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष गणेश साहू ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में महापौर, पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु सीधे चुनाव के फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देकर कदम-कदम पर सियासी नौटंकियाँ करने वाली कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र पर यह करारा प्रहार है। भाजपा युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष साहू ने कहा कि अपना प्रतिनिधि चुनने का जनता के लोकतांत्रिक अधिकार छीनने के नितांत अलोकतांत्रिक कृत्यों से कांग्रेस का इतिहास भरा पड़ा है। भ्रष्टाचार और एक खानदान की चापलूसी ही जिस कांग्रेस का संस्कार रह गया है, उसी के अनुरूप प्रदेश की पिछली भूपेश सरकार ने महापौर व अध्यक्ष पद के प्रत्यक्ष चुनाव को खत्म किया था, लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने नेक इरादे और वादे के अनुरूप जनता को उसका लोकतांत्रिक अधिकार लौटाकर लोकतंत्र की जड़ों को पुष्ट किया है। आगे गणेश साहू ने इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा प्रदेश सरकार की कैबिनेट का आभार माना।

# शासन के स्थानांतरण आदेश को खाद्य अधिकारी की खुली चुनौती

## आदेश के 9 माह बाद भी नहीं कर रहे रिलीव

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



सामान्य प्रशासन विभाग छग शासन द्वारा एक आदेश जारी कर जितने भी स्थानांतरित अधिकारी, कर्मचारी हैं, उन्हें तत्काल रिलीव करने का निर्देष जारी करते हुए उक्त पत्र की प्रतिलिपि समस्त विभागों को देते हुए ऐसे अधिकारी, कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से संबंधित नये स्थानांतरण क्षेत्र में रिलीव किये जाने का निर्देष दिया गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टरों को भी जारी की गई है किंतु धमतरी कलेक्टर के अधीन खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम जो कि लंबे समय से यहां जमे हुए हैं, उनके द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त पत्र का परिपालन नहीं कर 9 माह पूर्व स्थानांतरित किये गये खाद्य निरीक्षक नरेश पिपरे को अभी तक शासन के पत्र के अनुसार यहां से रिलीव नहीं किया गया है, जो कि अपने आप में एक मिसाल है। इसे लेकर स्थानांतरित हुए एक खाद्य निरीक्षक ने अफसोस जाहिर किया जिन्हें आदेश होते ही तत्काल प्रभाव से रिलीव कर दिया गया है। जिला मुखिया भी इस मामले में धृतराष्ट्र की भूमिका निभाते दिखाई दे रहे हैं। जिला खाद्य अधिकारी शासन के स्थानांतरण आदेश को खुली चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे हैं। उक्त खाद्य निरीक्षक का स्थानांतरण आदेश क्रमांक एफ 1-15/2024/29-1 15/03/2024 को जारी किया गया है।

छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा गत माह एक आदेश समस्त भारसाधक सचिव छग शासन को पत्र प्रेषित कर प्रशासनिक दृष्टिकोण से समय समय पर अधिकारी, कर्मचारियों का अन्यत्र पदस्थापना एवं स्थानांतरित करते हुए अन्य कार्यालय में नवीन पदस्थापना की जाती है। यह बात देखने में आया है कि अन्यत्र पदस्थापना अथवा स्थानांतरण के फलस्वरूप प्रभावित अधिकारी, कर्मचारी अपने नवीन पदस्थापना स्थान पर उपस्थित होने के बजाय उक्त स्थानांतरण का पालन नहीं करते। ऐसे कुछ मामले शासन के नजर में आये हैं जिसे लेकर ऐसे अधिकारियों पर उचित एवं नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की कवायद चल रही है। जिले के अधिकारियों के स्थानांतरण का प्रभार जिले के प्रमुख पर होता है कि वे छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त आदेश के परिपालन में अपने जिले के स्थानांतरित हुए अधिकारी, कर्मचारियों को शासन के आदेश के मुताबिक उक्त नई पदस्थापना में भेजे जाने की कार्यवाही करे। शासन के आदेश के बाद महीनों पहले स्थानांतरित हुए कुछ अधिकारी, कर्मचारियों को रिलीव कर दिया गया है। वहीं अब भी जिले में अनेक लोग मौजूद हैं जिन्हें अभी तक रिलीव नहीं किया गया है जिससे सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की अवहेलना हो ही रही है। हालांकि आदेश पत्र के बाद कुछ अधिकारी, कर्मचारियों को जिले से रिलीव कर दिया गया है परंतु अब भी अनेक लोग शेष बचे हुए हैं जिसमें खाद्य विभाग में पदस्थ खनिज निरीक्षक भी शामिल हैं।

शासकीय सेवकों द्वारा सात दिवस के भीतर स्थानांतरण आदेश का पालन न किये जाने की स्थिति में संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाये और अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मी के विरूद्ध ब्रेक-इन-सर्विस की कार्यवाही की जाये। लेकिन धमतरी जिले में अधिकारी द्वारा अपने ही कार्यालय में संविदा समाप्ति के पश्चात भी महत्वपूर्ण पद पर कई दिनों तक कार्य करवाया गया है। हालांकि उक्त रीडर को समाचार प्रकाशन के पश्चात आनन-फानन में पिछले दिनों हटा दिया गया है। लेकिन जिले में ऐसे अनेक अधिकारी, कर्मचारी हैं जो इस श्रेणी में आते हैं, उसे लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारी गंभीर नहीं हैं। इसका जीता-जागता प्रमाण खाद्य निरीक्षक से दिया जा सकता है जो स्थानांतरण आदेश आने के बाद भी अब तक यहां से नई पदस्थापना वाले स्थान पर पदभार नहीं ग्रहण किये हैं और दिलेरी के साथ कार्य कर रहे हैं जबकि धमतरी जिले से दो खाद्य निरीक्षकों का तबादला किया गया था। आदेश मिलते ही उक्त खाद्य निरीक्षक को संबंधित नई पदस्थापना वाले क्षेत्र में रवाना कर दिया गया जबकि इन्हीं के साथ नरेश पिपरे खाद्य निरीक्षक का भी आदेश था। लेकिन इन्हें अब तक नई पदस्थापना क्षेत्र के लिये रिलीव नहीं किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के सख्त आदेश के बाद भी उक्त अधिकारी से कार्य लेना अनेक संदेहों को जन्म देता है। वैसे भी इस खाद्य निरीक्षक के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उसके बाद भी न जाने इस खाद्य निरीक्षक पर जिला प्रशासन क्यों मेहरबान है?

शासकीय सेवकों के पदस्थापना/स्थानांतरण के आदेश का पालन जिले में न के बराबर हो रहा है। यही नहीं जिले में कुछ ऐसे अधिकारी, कर्मचारी हैं जो वर्षों से अपने कुर्सी में जमे हुए हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण खाद्य अधिकारी जैसे अधिकारियों से दिया जा सकता है जिन्होंने अपने सर्विस के अधिकांश समय यहां बिता दिया है। इसी तरह सहायक संचालक उद्यानिकी जो पिछले दिनों सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने भी अपनी पूरी सर्विस धमतरी जिले में पूर्ण की। और भी ऐसे अधिकारी हैं जो यहां कार्यरत हैं। इसी तरह जल संसाधन विभाग में भी यही स्थिति देखने को मिलेगी। जिला पंचायत में भी कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है। शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों का स्थानांतरण को लेकर ऐसा माना जाता था कि प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारियों को तीन वर्ष की अवधि पश्चात दूसरे जिले में स्थानांतरित किया जाता है। लेकिन धमतरी जिले में अनेक विभागों में ऐसे अधिकारी, कर्मचारी पदस्थ हैं जो वर्षों से एक ही कुर्सी पर रहकर कार्य कर रहे हैं। इनके रहने से कार्यालय में वैसा ही सब कुछ होता है, जैसा ये चाहते हैं। जबकि नई सरकार के गठन के बाद सुशासन को स्थापित करने के लिये ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों के लिये भी एक नीति, नियम बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है जिससे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश और सुशासन की लहर समूचे प्रदेश में स्थापित हो। खाद्य निरीक्षक जैसे कर्मियों को रिलीव नहीं किये जाने से एक ओर सामान्य प्रशासन का आदेश स्वयं उसके अधिकारी ही नहीं मान रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री साय के सुशासन स्थापना का प्रयास भी विफल होता देखा जा रहा है। इनमें से कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो चुनाव प्रचार में भी शामिल रहकर अपनी मर्यादा के विपरीत कार्य करते नजर आते हैं। इस पूरे मामले को लेकर जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम से चर्चा कर यह पूछे जाने पर कि शासन के द्वारा 9 माह पूर्व जिले के दो खाद्य निरीक्षकों का स्थानांतरण हुआ था जिनमें से एक को तत्काल रिलीव कर दिया गया परंतु दूसरे को रिलीव क्यों नहीं किया गया है, तो वे जवाब से बचते हुए ही.. ही.. ही.. करते हुए बाद में बात करने की बात करते हुए फोन कट कर दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन
## संभाग आयुक्त राठौर समापन समारोह में हुए शामिल




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम कुथरेल में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय शिविर का आज समापन हुआ। सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग एवं इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर के समापन समारोह में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर शामिल हुए। शिविर में उक्त दोनों महाविद्यालय के स्वयंसेवी विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय स्कूल के बच्चे भी शामिल थे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए आयुक्त राठौर ने स्वयंसेवी सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बाधाई दी। उन्होंने कहा कि शिविर में शामिल सभी विद्यार्थियों को इन सात दिनों में बहुत सिखने का अवसर मिला होगा। समूह में काम करने का अपना अलग ही अंदाज है। संभाग आयुक्त राठौर ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सेवा के माध्यम से धर्म को सिखा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा के साथ अच्छी पढ़ाई कर अपने-आप को मजबूत बनाने की समझाईश दी। साथ ही विद्यार्थियों को अपने कैरियर पर विशेष ध्यान देने की बाते कहीं। संभाग आयुक्त राठौर ने इस सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को अपने करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वैशाली नगर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और शिविर के सफल आयोजन के लिए उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। ग्राम पंचायत कुथरेल के सरपंच मती रश्मि चन्द्राकर ने भी शिविर के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये।

शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने शिविर के दौरान किये कार्यों और अनुभव के संबंध में अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर राष्ट्रीय योजना के प्रभारी अधिकारी, प्राध्यापक गण, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शहर की साफ-सफाई में कोताही बरतने वालों पर होगी कार्यवाही: कमिश्नर
## गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाही के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अल सुबह कमिश्नर सुमित अग्रवाल अपने निरन्तर मॉर्निंग विजिट पर वार्ड क्रमांक 54 टीचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने वार्ड क्रमांक 53 माता तालाब पहुँचकर सुपर वाइजर व सफाई कर्मियों को नियमित रूप से तालाब व परिसर के आस पास सफाई करने के निर्देश दिए।कमिश्नर वार्ड क्रमांक 50 बोरसी क्षेत्र स्थित दोनों शौचालय का अवलोकन कर शौचालय में बेहतर सफाई करने की बात कही।उन्होंने (एसएलआरएम ) सेंटर का निरीक्षण कर नियमित रूप से वार्डो की निगरानी करनी चाहिए और स्वच्छता के उपाय करने चाहिए। शहर व दुकान के बाहर सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाही के निर्देश दिए,कचरा संग्रहण वाहनों से वार्डो की निगरानी करे।स्वच्छता दीदी व सफाई मित्र को हर घर से नियमित रूप से कचरा इकठ्ठा करने के लिए कर्तव्य निभाना है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने मौजूद अधिकारी को निर्देश दिया कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कचरा हटा रहे हैं, अगर वार्ड क्षेत्र के निवासी को नालियों व सड़क में कचरा फेंकने से मना करें नही माने तो जुर्माना की कार्रवाही करें। कमिश्नर ने की अपील नाली ओर खुले स्थानों पर कचरा ना फेके, शहर को स्वच्छ रखना आपकी भी जिम्मेदारी है। सूखा - गीला कचरा अलग अलग एवं नाली ओर खुले स्थानों पर कचरा फेकना देने पड़ सकता जुर्माना। उन्होंने कहा कि नगर निगम स्वच्छता के मामले में जो मुकाम हासिल करना है उसे बरकरार रखते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।शहर की साफ-सफाई में किसी के द्वारा भी कोताही बरतने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर के चौक-चौराहों पर कहीं-कहीं कचरे के ढेर दिखाई देते हैं जो शहर की स्वच्छता के प्रतिकूल है निगम के सफाई अमला नियमित सभी वार्डो का निरीक्षण कर सफाई का जायजा लें। जहां भी कचरे का ढेर या विखरा हुआ दिखाई दे तत्काल स्वच्छता दीदियों को सूचित कर उपयुक्त रीति से सफाई कराएं। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को निर्देशित करें कि हर घर में डस्टबीन अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो तथा घर से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में ही डालें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को दें, ताकि समय पर उसका निराकरण कराया जा सके। कमिश्नर ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बदले ली जाने वाली यूजर चार्ज की वसूली में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परिवारों से तथा प्रतिष्ठानों से जो यूजर चार्ज निर्धारित किया गया है।

# हुड़को क्षेत्र में उद्यान, तालाब, स्टेडियम एवं सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन सुबह निगम क्षेत्र में हो रहे कार्यो का औचक निरीक्षण कर रहे है। प्रतिदिन अलग-अलग जोन क्षेत्र में जाकर भ्रमण कर रहे है और वहां पर चल रहे सफाई व्यवस्था को देख रहे है एवं जानकारी प्राप्त कर रहे है। साथ ही क्षेत्र के उद्यानों, तालाबों, स्टेडियम, सड़को पर लगे लाईट व्यवस्था का मॉनिटरिंग भी कर रहे है। जो भी आवश्यक निर्देश है, अधिकारियो को शीध्र दे रहे है। निगम आयुक्त आज सुबह हुड़को श्रीराम चैंक के आस-पास के उद्यानों को देखने पहुंचे। उन्होने अधिकारी को निर्देश दिए कि उद्यानों में लगाये गये पौधो में पानी की सिंचाई किया जाए, बंद पड़े नल को चालू किया जाए, बिछाए गये पाईप लाईन का संधारण कराए। उसके बाद हुड़को स्थित क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर वहां की सफाई कराने एवं टूटे हुए गेट का संधारण कराने को कहा, जिससे स्टेडियम में जानवर एवं असामाजिक तत्व अंदर न आए। वहां से होकर हुड़को तालाब का निरीक्षण किए तालाब में पूजा सामग्री विसर्जन हेतु कुण्ड बनाने के निर्देश दिए, जिससे आस-पास के नागरिक पूजा सामग्री को उसी में डाले। जिससे तालाब साफ-सुथरा रहे एवं जो स्ट्रीट लाईट बंद पड़े है उसका शीध्र संधारण करने के निर्देश दिए। अंत में शहीद कौशल स्मारक का निरीक्षण किये जहां स्मारक में लगाए गये टाइल्स टूट गये है उसे बदलने के साथ वहां पर लगे पौधो में पानी की सिंचाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उपअभियंता दीपक देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

# रिसाली निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी हुए सेवा निवृत्त
## व्यक्ति के कार्यो से ही याद रखा जाता है : दीपक चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



व्यक्ति के कार्यो से उन्हें याद रखा जाता है। सम्मान हमेशा उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए किया जाता है। उक्त बाते सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर ने रिसाली निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा के सेवा निवृत्त होने पर आयोजित समारोह में कही। उन्हें बिदाई देने अधिकारी और कर्मचारी निगम के सभागार में उपस्थित थे। बिदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति केशव बंछोर ने की। उन्होंने कहा कि प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने पूरे कार्यकाल में आम लोगों की मदद की है। उन्होंने कभी यह नहीं देखा कि कार्यालय आने वाले किस वर्ग से है। यही वजह है कि कार्यकाल समाप्त होने पर पूरा कार्यालय यहां उपस्थित है। बिदाई समारोह में एमआईसी सनीर साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, मनीष यादव, विलास राव बोरकर, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रपाल हरमुख ने किया। सम्मान करने लगी कतारे-राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान करने कतार लगी। सबसे पहले रिसाली निगम के राजस्व विभाग से रवि श्रीवास्तव, टिकेन्द्र वर्मा ने शाल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर ने शाल व समृति चिन्ह के साथ महापुराण गीता भेंट किया। कर्मचारी संगठन के गोपाल सिन्हा, बृजेन्द्र परिहार, अमित चंद्राकर ने शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह के अंत में निगम की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे व एम.पी. देवांगन ने प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। निगम कर्मियों ने अपने अधिकारियों की बिदाई बाजे गाजे ओर आतिशबाजी कर की।

# गीला कचरा सूखा कचरा एक में देने वालों से वसूला 600 अर्थ दंड



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चल रहा है। डोर-टू-डोर जाकर सफाई मित्र द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जा रहा है। घर-घर जाकर समझाने के बाद भी बहुत से ऐसे परिवार के लोग हैं जो गीला कचरा सूखा कचरा एक में मिलाकर दे रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि आदत डालने के लिए ऐसे परिवार के सदस्य जो गीला कचरा सूखा कचरा कचरा एक में मिलाकर देते हैं। उन सभी से अर्थ दंड वसूला जाए, थोड़ा-थोड़ा करके। ऐसे 30 लोगों से नगर निगम भिलाई के कर्मचारियों द्वारा 600 चालानी कार्रवाई की गई। परिवार के सदस्यों को समझाईस दी गई कि दोबारा अगर इस प्रकार से गीला कचरा एवं सूखा कचरा एक में देंगे तो उनके घर से कचरा संग्रहण बंद कर दिया जाएगा। जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, सुपरवाइजर बोधन साहू एवं उनकी टीम घूम-घूम कर चालानी कार्रवाई कर रही है।

# सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू : महापौर

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा ने बंद पड़े सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया है। महापौर और सभापति केशव बंछोर समेत महापौर परिषद के सद्स्य पुरैना पहुंचे थे। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा की। महापौर सबसे पहले पुरैना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बन रहे सामुदायिक भवन पहुंचे। शासन स्तर पर 20 लाख स्वीकृत किया गया है। कुछ माह से निर्माण कार्य बंद होने की शिकायत मिलने पर महापौर शशि अपने परिषद के सद्स्यों के साथ पुरैना पहुंची थी। स्थानीय पार्षद और नागरिकों से चर्चा करने के बाद उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्य बंद होने का सही कारणों का पता लगाकर वे निर्माण कार्य शुरू कराने सार्थक पहल करेंगी। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद आदि उपस्थित थे। निर्माण कार्य का निरीक्षण करने से पहले महापौर और उनकी टीम अस्पताल पहुंची। प्रभारी डॉक्टर से चर्चा की। वही महापौर ने अस्पताल पहुंचे मरीजों से बातचीत की। बाद में उत्कल नगर में बने भवन को भी देखा। सभापति केशव बंछोर ने छूटे हुए कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर ने पुरैना भ्रमण के दौरान स्थानीय पार्षदों से कहा कि निगम का कोष बढ़ाने में प्रयत्न करे। उन्होंने नागरिकों को जल कर और संपत्तीकर, यूजर चार्ज जमा करने आम नागरिकों को प्रेरित करने कहा

# सदस्यों के अधिकारों एवं समस्याओं के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण, बिलासपुर के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधीकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में नालसा के गार्डलाइन के अनुसार एलजीबीटीक्युआइए+ सामुदाय के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुप्रिया चक्रबोर्ती के मामले में दिये गये निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विगत 30 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 02 बजे जिला न्यायालय दुर्ग के सभागार स्थल पर आयोजित की गई। उक्त आयोजित कार्यशाला में प्रमुख रूप में शिवानी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग, आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग, सुदर्शन महलवार, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम, दुर्ग तथा सौरभ शेन्द्रे, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल दुर्ग के अतिरिक्त पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल के अन्य अधिवक्तागण तथा पैरालीगल वालेंटियर समिल्लित हुए। एलजीबीटीक्यु आइए+सदस्यों के अधिकारों एवं समस्याओं के संबंध में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मती शिवानी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग द्वारा कार्यशाला में उपस्थितजनों को एलजीबीटीक्यु आइए सदस्यों के कानूनी अधिकारों के संबंध में वर्तमान में आ रही प्रमुख व्यवहारिक समस्याओं के विषय पर विस्तृत जानकारी दिया जाकर उन अधिकरों से संबंधित विशिष्ट कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता के बारे में बताया गया। रिसोर्स पर्सन सुदर्शन महलवार, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉसिल दुर्ग ने अपने उद्बोधन में प्रमुख रूप से एलजीबीटीक्युआइए सदस्यों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता लाये जाने पर विशेष महत्व दिये जाने की आवश्यकता के बारे में बताया। सौरभ शेन्द्रे, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग द्वारा अपने उद्बोधन में एलजीबीटीक्युआइए की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं शब्दावली के अर्थ को संक्षिप्त में बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न निर्णयों में एलजीबीटीक्युआइए+ सदस्यों के विभिन्न कानूनी अधिकारों को मान्यता मिलने एवं उन्हें निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

# निगम प्रशासन ने 06 कर्मचारियों को दी स-सम्मान बिदाई

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई के सभागार में सोमवार को 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 06 कर्मचारियों को स-सम्मान बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-1 से यतराम चन्द्रकार पम्प सहायक, संपत्तिकर विभाग से नरहर लाल यादव चैकीदार, जोन क्रमांक-2 से उषा जोशी भृत्य, जोन क्रमांक-2 से बुधरू सफाई कामगार, जोन क्रमांक-4 से ताम्रध्वज बारले सफाई कामगार, जोन क्रमांक-5 से अर्जुनलाल सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सेवानिवृत्त कर्मचारियो ने अपनी कार्य अवधि को याद कर बताया कि कैसी भी परिस्थिति हो हमने निगम के हित को ध्यान में रखकर कार्य किये। नागरिको से जुड़े जो भी कार्य एवं योजना हो उसका बेहतर तरीके से निर्वहन किये। अंत में आयुक्त ने सभी अधिकारी कर्मचारियो से कहा कि जो भी बकाया राशि होगी उसका भुगतान शीघ्र किया जाएगा हम सबको मिलकर के निगम के हित में काम करना है राजस्व की आय बढ़ाना हमारा पहली प्राथमिकता है। निगम के पास जब पैसा रहेगा तभी हम विकास कर सकते हैं, कर्मचारियों का राशि का भुगतान कर सकते हैं, सब काम पैसे पर निर्भर है। इसलिए हम सब का लक्ष्य राजस्व बढ़ता ही होगा। हम सबको मिलकर काम करना है, किसी प्रकार की समस्या होने पर मुझे अवगत करावे, जिससे उसका हल निकालकर उसका शीध्र निराकरण किया जा सके। बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, चीफ इंजीनियर भागीरथ वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, रीता चतुर्वेदी, संजय शर्मा, भैया लाल असाटी, पुरुषोत्तम साहू सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पीएम आवास आबंटन हेतु दावा-आपत्ति की तिथि निर्धारित

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस के घटक में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रुप में निवासरत् परिवारों से एवं वरिष्ठ नागरिकजन/दिव्यांगजन हेतु विभिन्न परियोजना स्थल एनार स्टेट खम्हरिया, वार्ड क्रण् 01 सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्र्डस कुरूद, कृष्णा इंजिनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाऊसिंग बोर्ड अविनाश मेट्रोपॉलिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त स्थलों पर आवास आबंटन हेतु कुल 1018 आवेदन प्राप्त हुये है। आवेदनों की सूची अपूर्ण दस्तावेज एवं पूर्ण दस्तावेज संलग्न कर आवेदन जमा किये आवेदकों की सूची दावा-आपत्ति हेतु मुख्यालय एवं जोन कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा की जा रही है। जिसकी अविध 15 दिवस समाप्ति पश्चात् अंतिम तिथि 16.12.2024 निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी दावा.आपत्ति मान्य नहीं होगा।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर, छ.ग.
Tel.:- 07781-252934 Email:- eenar-phe-cg@gov.in

// मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

नि.सू. क्रमांक/64/ले.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां. खंड / 2024, नारायणपुर, दिनांक 29/11/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपम्पों को सामग्री सहित निकालने का कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में महुरबंद निविदाएं प्रपत्र "सी" में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से "डी" एवं उच्च श्रेणी निविदाकरों से दिनांक 11/12/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | विकासखण्ड नारायणपुर के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपम्पों को सामग्री सहित निकालने का कार्य (शेड्यूल-01 अनुसार) | 4.22 लाख |
| 02 | विकासखण्ड ओरछा के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपम्पों को सामग्री सहित निकालने का कार्य (शेड्यूल-02 अनुसार) | 4.22 लाख |
| 03 | जिला नारायणपुर के विभागीय शासकीय भवनों में सबमर्सिबल पम्प प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 3.83 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 11.12.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर छ.ग.

G-242504332/2



## कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन) जिला-खैरागढ़- छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

// मुद्रण कार्य के लिए द्वितीय निविदा सूचना //

क्रमांक/ 276/ स्था. निर्वा./न.पा./2024 दिनांक 02/12/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंर्ड में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/-है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 17.12.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्ड
सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
छत्तीसगढ़

G-242504292/3



## न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क./. बी-121/2023-24
ग्राम देवगांव प.ह.न. 20

एतद् द्वारा ग्राम देवगांव के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम दुलार आ. महेत्तर यादव जाति रावत निवासी देवगांव तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम देवगांव हल्का नं. 20 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने खोरबहरिन पति महेत्तर यादव की मृत्यु / जन्म दिनाँक 12/2/2009 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत देवगांव के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनाँक 17/12/2024 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 2.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
मुंगेली



## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयासागर पिता पिताम्बर जाति तेली निवासी ग्राम गिधामुण्डा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके सवयं के दादी मां सागुन का मृत्यु दिनांक 30.05.2008 को ग्राम गिधामुण्डा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के उक्त तिथि में 30.05.2008 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05.12.2024 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक :-18 / 11 / 2022

मुहर

नायब तहसीलदार
सरायपाली

## संपादकीय

# महाराष्ट्र परिणाम असाधारण जनादेश

**महाराष्ट्र** में भाजपा नीत 'महायुति' को असाधारण जनादेश मिला, पर चुनाव के पश्चात उथलपुथल जारी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ने एक निर्णायक, पर उथलपुथल वाला जनादेश दिया है। भाजपा नीत महायुति को विधानसभा चुनावों में भारी विजय मिली और वह 288 सदस्यों वाले सदन में 230 सीटें जीतने में सफल रही। शिंदे की शिवसेना तथा अजीत पवार की रांकापा ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। शिवसेना को 57 और रांकापा को 41 सीटों पर विजय मिली। इस परिणाम से कांग्रेस नीत 'महाविकास अघाड़ी'-एमवीए को भारी निराशा मिली। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का राज्य विधानसभा में प्रदर्शन अब तक का एक सबसे खराब प्रदर्शन रहा और वह केवल 16 सीटें जीत सकी। शरद पवार के नेतृत्व वाली रांकापा को केवल 10 सीटें मिलीं, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवेसना को केवल 20 सीटों पर सफलता मिली। लेकिन इस सफलता के बावजूद चुनाव पश्चात परिदृश्य उथलपुथल से भरा दिख रहा है। कहा जाता है कि महायुति के दो गठबंधन सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर काफी टकराव रहा। चुनाव पश्चात परिदृश्य में काफी राजनीति हो रही है। हालांकि, भाजपा के मुख्यमंत्री उम्मीदवार देवेंद्र फड़नवीस को अब मुख्यमंत्री स्वीकार कर लिया गया है। इससे वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थान खाली करेंगे। कहा जाता है कि भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के दबाव पर एकनाथ शिंदे के बेटे को उप-मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व को इस बात का श्रेय दिया जा रहा है कि प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं के निर्माण में तेजी आई तथा



राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में परेशानियों व शहरी विस्तार की समस्याओं जैसी चुनौतियों का सामना करने में सफल हुई।

वैसे भी भाजपा के महाराष्ट्र में सर्वोच्च नेता के रूप में फड़नवीस के व्यापक रूप से मुख्यमंत्री पद पर आने की आशा थी। शिवसेना ने गठबंधन की विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद अपने पास रखने के इच्छुक थे। लेकिन कई दिन चली वार्ताओं के परिणामस्वरूप वे अंततः फड़नवीस को अपना स्थान देने के लिए तैयार हो गए। हालांकि, उन्होंने लगातार जोर दिया कि उनके कार्यकाल में असाधारण विकास हुआ और इससे प्रदेश पहले स्थान पर पहुंच गया। शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने अथक रूप से काम करते हुए जमीनी स्तर पर, खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में समर्थन मजबूत किया जहां भाजपा का प्रभाव परंपरागत रूप से कमजोर माना जाता था। सत्तारूढ़ गठबंधन नेताओं का मानना है कि भाजपा को सरकार का नेतृत्व करना चाहिए क्योंकि पार्टी को ज्यादा व्यापक जनादेश मिला है, लेकिन उसे सत्ता में बने रहने के लिए अभी रांकापा और शिवसेना का समर्थन चाहिए। वर्तमान समय में भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के समर्थन से देवेंद्र फड़नवीस का मुख्यमंत्री बनना लगभग निश्चित है। भाजपा ने पहले से ही देवेंद्र फड़नवीस को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार लगभग निर्धारित कर रखा था और महायुति में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख निर्धारित हो गई है और अब केवल कैबिनेट पदों के लिए भाजपा तथा शिवसेना व रांकापा के बीच विचार-विमर्श जारी है। महाराष्ट्र की राजनीति में वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर आने के बाद से व्यापक परिवर्तन आया है। बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का राज्य में वर्चस्व रहा है, पर उद्धव ठाकरे की सिद्धान्तहीन अवसरवादिता ने शिवसेना कार्यकर्ताओं को निराश किया। इसका परिणाम हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम में दिखा। इससे महाराष्ट्र में एक बार फिर शिवसेना और भाजपा के नेतृत्व में 'हिंदुत्व' की अभूतपूर्व एकजुटता का आधार तैयार हुआ है। महाराष्ट्र की राजनीति वर्तमान समय में दिलचस्प मोड़ पर है। वर्तमान समय में लिए निर्णय उसे अगले पांच साल में भारत का और मजबूत वित्तीय केन्द्र बनाएंगे।

# जलवायु वित्त के मामले में गतिरोध

अजरबैजान में आयोजित 29वें जलवायु सम्मेलन में गतिरोध पैदा हो गया। विकसित और विकासशील देश जलवायु फाइनेंस प्रतिबद्धताओं के मामले में विभाजित रहे।



मनीष कुमार श्रीवास्तव
(लेखक, टेरो के वरिष्ठ फेलो हैं)

अजरबैजान के बाकू में 29वें वार्षिक जलवायु सम्मेलन-कॉप 29 में जारी वार्ता प्रक्रियाओं में एक गतिरोध पैदा हो गया। विकासशील और विकसित देश जलवायु फाइनेंस के प्रस्तावित ढांचे तथा उसकी लामबंदी के दृष्टिकोण पर सहमत नहीं थे। कॉप 29 की अध्यक्षता के समक्ष वार्ताकार देशों को दो मुद्दों पर तैयार करना था। इसमें विकासशील देशों में वर्ष 2035 तक जलवायु क्षेत्र में निवेश के लिए कुल 1.3 ट्रिलियन डालर निवेश तथा वार्षिक जलवायु वित्त के विकसित से विकासशील देशों में हस्तांतरण की 250 बिलियन डालर प्रस्ताव शामिल हैं। इन लक्ष्यों की पूर्ति विभिन्न प्रकार के स्रोतों और कारकों से होनी है। हालांकि, अनौपचारिक रूप से पता चला कि विकसित देशों ने शुरुआत में अस्वीकृति के बाद प्रति वर्ष 2035 तक 300 बिलियन डालर देने की प्रतिबद्धता जताई है।

लेकिन विकासशील देशों ने इस अध्यक्षीय प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उनके दृष्टिकोण से यह प्रतिबद्धता बहुत कम तथा बहुत देर से की गई है। इसके विपरीत वर्तमान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्ध योगदानों-एनडीसी के क्रियान्वयन के लिए 7 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता होगी। इसलिए विकासशील देश विकसित देशों से हर साल सार्वजनिक वित्त के रूप में 1 ट्रिलियन डालर की मांग और कर रहे हैं। 2035 तक एनडीसी के लक्ष्यों में दूनी बढ़ोत्तरी की उम्मीद है और इस कारण इसकी कुल क्रियान्वयन लागत भी बढ़ कर दूनी हो जाएगी। इस संदर्भ में अध्यक्षीय प्रस्ताव ऐसी किसी उम्मीद को तोड़ देता है कि पेरिस समझौते में बनी सहमति के आधार पर लक्ष्य में लगातार बढ़ोत्तरी संभव हो सकेगी।

वर्तमान नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देखते हुए तापमान में न्यूनतम 2.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की आशंका है, जबकि जलवायु संरक्षण और दुनिया का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए यह लक्ष्य 1.5 डिग्री सेल्सियस रखा गया है। एक आश्चर्यजनक विचलन के रूप में 'सभी कारकों' द्वारा 1.3 ट्रिलियन डालर निर्धारित करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पहले इसके स्थान पर यूएनएफसीसीसी में 'सभी पक्षों' शब्दों का प्रयोग किया गया था। चूंकि कॉप का निर्णय सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है, इसलिए यह लक्ष्य आधी-अधूरी अपील से आगे नहीं जाता है। जी77 और चीन ने अध्यक्षीय प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इसके पहले सिविल सोसाइटी संगठनों ने इस अस्वीकृति के समर्थन में जोरदार पत्र लिखा था।

अब कॉप 29 को निर्णय देने के पहले पुनर्विचार करना होगा ताकि वार्ता की प्रक्रिया जीवित रखी जा सके। वार्ता प्रक्रिया का समय बढ़ाया गया है ताकि किसी राजनीतिक सहमति पर पहुंचा जा सके। लेकिन इसके बावजूद विकसित देशों द्वारा कॉप 29 में लिया गया निर्णय विकासशील देशों के लिए चिन्ता का विषय है क्योंकि इससे वार्ताओं के अगले दौर प्रभावित हो सकते हैं।

अपनी जिम्मेदारी टाल कर विकसित देश जलवायु फाइनेंस के लिए अपनी नई व अतिरिक्त प्रतिबद्धता के प्रति अनिच्छा दिखा रहे हैं। कॉप 29 में यह अनिच्छा एक आक्रामक दृष्टिकोण के रूप में सामने आई है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा अन्य कारकों पर जिम्मेदारी थोपने की भावना प्रदर्शित होती है जिससे उनको

> **कॉप 29 में अंततः जो संख्या तय हो, उसके बावजूद विकसित देशों द्वारा प्रदर्शित इरादा निश्चित रूप से चिन्ताजनक है। इस दृष्टिकोण के कारण वित्त की मात्रा पर विचार विमर्श अप्रासांगिक हो जाता है। इस दृष्टिकोण के कारण निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन व तापमान वृद्धि से प्रभावित संकटग्रस्त जनसंख्या की मुसीबतें बढ़ेंगी और उसे कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी।**

जलवायु फाइनेंस के मामले में उनकी किस्मत पर छोड़ दिया जाएगा।


जलवायु सम्मेलन कॉप 29 के पूरे समय में विकसित देशों ने अपनी जिम्मेदारियां उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर थोपने के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ी जिनमें चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डाला कि वे केवल कर्ज को छोड़ कर किसी अन्य रूप में जलवायु फाइनेंस प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू निवेश और जलवायु हितैषी दक्षिण-दक्षिण सहयोग को भी जलवायु फाइनेंस के दायरे में शामिल किया जाए।

विकसित देशों का कहना है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों को जलवायु फाइनेंस में स्वैच्छिक योगदान करना चाहिए। कुछ विकसित देशों का समूह वार्ता की प्रक्रिया से बाहर रहा जिनमें ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। उन्होंने एक प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए कि कोई नए कोयला-आधारित बिजली प्लांट बेलगाम तरीके से नहीं लगाए जाएंगे। यह कुछ विकसित देशों में जारी ऊर्जा संकट की प्रतिक्रिया हो सकती है। इस प्रतिज्ञा का अर्थ खर्चीली 'कार्बन कैप्चर' और 'भंडारण तकनीकों' के बजाय कोयले का प्रयोग जारी रखना है। वर्तमान परिस्थितियों में उम्मीद की जाती है कि उभरती अर्थव्यवस्थायें भी इसी रास्ते पर चलती रहेंगी।

वित्त पर यूएनएफसीसीसी की स्थाई समिति-एससीएफ का मानना है कि 'एडाप्टेशन मार्जिनलाइज्ड सेकेंड नीड्स डिटरमिनेशन रिपोर्ट-एनडीआर के अनुसार 2030 तक एटाप्टेशन फाइनेंस पर प्रति वर्ष 200 बिलियन डालर से अधिक खर्च होगा। लेकिन अब तक एडाप्टेशन के लिए केवल गैर-सार्वजनिक स्रोतों से बहुत थोड़ी धनराशि प्राप्त हुई है। यदि विकसित देश कुछ रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2035 तक प्रति वर्ष 300 बिलियन डालर देने पर तैयार हो जाते हैं तो भी वैश्विक जलवायु प्रशासन के लिए एडाप्टेशन आवश्यकतायें बनी रहेंगी। एडाप्टेशन फंड पर एक समानान्तर वार्ता अमेरिका और यूरोपीय संघ अरब दुनिया के साथ कर रहे हैं जिसका उद्देश्य 300 मिलियन डालर से अधिक जुटाना है। हालांकि, विकसित देशों की ओर से वित्तीय प्रतिबद्धतायें मामूली बनी रहने की आशंका है, पर विकसित देशों द्वारा एडाप्टेशन वार्ताओं में वैश्विक लक्ष्य बढ़ने की उम्मीद है।

इसके साथ ही तापमान में संभावित वृद्धि को देखते हुए राष्ट्रीय एडाप्शन योजनाओं-एनएपी के विकास, क्रियान्वयन, निगरानी, आदि में सुधार होगा। यूएनएफसीसीसी के माध्यम से साझा समानता पर अलग-अलग जिम्मेदारियों का सिद्धान्त-सीबीडीआरएंडआरसी वैश्विक जलवायु प्रशासन की आत्मा है। ऐसे में जलवायु-दृढ़ता तथा कम-कार्बन वाली दुनिया बनाने की प्राथमिक जिम्मेदारी विकसित देशों पर आती है जिसमें क्रियान्वयन के तरीके शामिल हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर जिम्मेदारियां थोपने तथा संकटग्रस्त जनसंख्या के हितों को हाशिए पर धकेलने के कारण विकसित देश आक्रामक रूप से वार्ताओं को कॉप 29 में समता के सिद्धान्त से अलग हटाना चाहते हैं।

कॉप 29 में अंततः जो संख्या तय हो, उसके बावजूद विकसित देशों द्वारा प्रदर्शित इरादा निश्चित रूप से चिन्ताजनक है। इस दृष्टिकोण के कारण वित्त की मात्रा पर विचार विमर्श अप्रासांगिक हो जाता है। इस दृष्टिकोण के कारण निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन व तापमान वृद्धि से प्रभावित संकटग्रस्त जनसंख्या की मुसीबतें बढ़ेंगी और उसे कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी। इससे पहले से ही असमान दुनिया में असमानता और बढ़ेगी।




# बेहतर भविष्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य का महत्व

> जिस तरह हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं, उसी तरह हमारे मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



रेशमा संगोदकर
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मानसिक स्वास्थ्य में अवसाद एक प्रकार की निराशा, उदासी और अप्रसन्नता की भावना है। जिससे भूख न लगना, नींद न आना, रुचि न होना और नकारात्मक विचार आ सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य इस बारे में है कि हम कैसे सोचते हैं, महसूस करते हैं और जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। जिस तरह हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं, उसी तरह हमारे मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। घर में एक खुशहाल, सहायक और समझदार माहौल बनाने में माता-पिता की अहम भूमिका होती है।

चिंता, डर और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आम हैं, और ये बदमाशी, पारिवारिक संघर्ष, स्कूल या जीवन में बदलाव, शैक्षणिक तनाव या यहां तक कि कठोर दंड के कारण उत्पन्न हो सकती हैं। ये चुनौतियाँ बच्चों को अलग-थलग, क्रोधित या अपनी पढ़ाई पर ध्यान न देने का एहसास करा सकती हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि परामर्शदाताओं, चिकित्सकों या माता-पिता या शिक्षकों जैसे विश्वसनीय वयस्कों से मदद लेना ताकत का संकेत है, कमज़ोरी का नहीं। आज, पाँच में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। थेरेपी जैसे पेशेवर समर्थन भावनात्मक भलाई में काफी सुधार कर सकते हैं।

योग, खेल और ध्यान जैसी गतिविधियां भी मन को शांत करने और तनाव को कम करने के लिए प्रभावी हैं। इसके अतिरिक्त, माइंडफुलनेस का अभ्यास करना - वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना, बच्चों को अधिक शांतिपूर्ण और केंद्रित महसूस करने में मदद कर सकता है। अच्छी आदतें, जैसे पर्याप्त नींद लेना, स्वस्थ भोजन खाना और हाइड्रेटेड रहना, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों का समर्थन करती हैं। आनंददायक शौक में शामिल होने से खुशी बढ़ सकती है और तनाव कम हो सकता है। स्कूलों और परिवारों को बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए मिलकर काम करने की ज़रूरत है, जहाँ वे सुरक्षित और समर्थित महसूस करें। हमारे समाज में, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को अक्सर अनदेखा किया जाता है, और कलंक कई लोगों को मदद लेने से रोकता है। मानसिक स्वास्थ्य में अवसाद कम, उदास और नाखुश होने की भावना है। जिससे भूख न लगना, नींद न आना, रुचि न होना और नकारात्मक विचार आ सकते हैं। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। दुनिया में कई लोग अवसाद से प्रभावित हैं। आज की दुनिया में यह बहुत आम है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जैसे अभियान इन बाधाओं को तोड़ने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखते हैं। और प्रभावित लोगों को मनोचिकित्सक से मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षकों को बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। पेरेंटिंग भी बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण कारक है। माता-पिता को अस्वस्थ तुलना से बचना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चे भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करें। बच्चों के साथ एक मजबूत, मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने से उन्हें बिना किसी डर के अपनी भावनाओं को साझा करने में मदद मिलती है। माइंडफुलनेस, मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज जैसी सरल प्रथाएं भी बच्चों और वयस्कों को शांत और केंद्रित रहने में मदद कर सकती हैं।



जैसा कि भगवान बुद्ध ने कहा, अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। यह गहन वाक्यांश माइंडफुलनेस के सार को उजागर करता है - वर्तमान पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना और जो कुछ भी आप कर रहे हैं उस पर अपना पूरा ध्यान देना। माइंडफुलनेस का मतलब है पल में पूरी तरह से मौजूद रहना, चाहे खाना हो, पढ़ना हो या चलना हो।

दूसरी ओर, मेडिटेशन का मतलब है मन को शांत करने और सांस लेने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समय समर्पित करना। दोनों अभ्यास तनाव को कम करने और नींद में सुधार करने में मदद करते हैं, जिससे बच्चे स्कूल और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। मैराथन में भाग लेना, 5 किलोमीटर दौड़ना या व्यक्तिगत फिटनेस लक्ष्य निर्धारित करना जैसी गतिविधियों में शामिल होना अवसाद को कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

सूर्य नमस्कार जैसे योगिक व्यायाम अवसाद को दूर करने के लिए हमारे प्राण स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। अपने घर या कार्यस्थल में भगवान बुद्ध की मूर्ति का स्वागत करना, हर सुबह सकारात्मक प्रतिज्ञान पढ़ना और अपने आस-पास के लोगों और भगवान के प्रति आभार व्यक्त करना मन को खुश और शांत रखने के लिए अद्भुत अभ्यास हैं। सहायक वातावरण बनाकर और मानसिक स्वास्थ्य चर्चाओं को सामान्य बनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि बच्चे भावनात्मक रूप से मजबूत, खुश और लचीले व्यक्ति बनें। मुख्य बात यह है कि कलंक को खत्म किया जाए और मानसिक स्वास्थ्य को सभी के लिए प्राथमिकता बनाया जाए।

## आप की बात

### बांग्लादेश में भारतीय

**जब** से बांग्ला देश में शेख हसीना का तख्ता पलट हुआ है तब से वहां भारतीयों का जीना मुश्किल हो गया है। रोज-रोज उनपर जानलेवा हमले हो रहे हैं। संपत्ति बर्बाद की जा रही है. व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। वहां भारतीयों पर हो रहे हमले को लेकर हमारी सरकार हरकत में आये साथ ही वहां की सरकार पर राजनीतिक व कूटनीतिक दबाव बनाये ताकि भारतीयों को उनपर हो रहे रोज-रोज के हमले से निजात मिल सके और वे वहां सुकून से रह सकें। क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयते. दुनिया के अन्य देशों में भी अशांति बढ़ती जा रही है। फिर चाहे यूक्रेन-रूस जंग हो या इजराइल-हमास अथवा अन्य देश जहां लोग दहशत में जी रहे हैं। आखिर संयुक्त राष्ट्र क्यों चुप बैठा है दुनिया में बढ़ती अशांति को नजरअंदाज करके? अगर वो कुछ नहीं कर पा रहा है तो उसे भंग ही क्यों न कर देना चाहिए? ऐसे संघ की दुनिया को क्या जरूरत जो अपने कर्तव्यों व उसके पालन करने/कराने के प्रयास ही न कर सके। जब कि उसका काम ही है कि जो राष्ट्र परेशानी में हो फिर चाहे मानवीय परेशानी हो या आर्थिक अथवा युद्ध सम्बन्धी। उसे दूर करने की संयुक्त राष्ट्र संघ को कोशिश करनी चाहिए ताकि दुनिया के हर देश में शांति और अमन बना रहे। क्या संयुक्त राष्ट्र संघ जिन-जिन देशों में अशांति बनी हुई है और लोग परेशान हैं वहां उसे दूर करने हेतु विशेष पहल करेगा ताकि लोग सुख-चैन से रह सकें।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विरोध के नाम पर विरोध

**देश** में एक वर्ग ऐसा है, जिसका कार्य ही विरोध के नाम पर विरोध करना है। यदि ऐसा नही होता, तो जनसंख्या में उचित संतुलन के संबंध में संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत द्वारा व्यक्त किए गए तर्कसंगत विचार पर विपक्ष से जुड़े नेतागण सवाल खड़े न करते। कटु सत्य यह भी है कि विरोध के लिए विरोध करना कुछ राजनीतिक दलों की मजबूरी बन चुका है। संघ प्रमुख का विचार देश में जनसंख्या संतुलन साधने के लिए है, न कि किसी भी प्रकार की राजनीति से, किंतु धर्म और जाति आधारित राजनीति करने वाले तत्व किसी भी समस्या को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में नही देखना चाहते। जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या संतुलन के संदर्भ में चीन से भी ये कोई सबक़ नही सीखना चाहते। वोटों की राजनीति के लिए जनसंख्या को धर्म से जोड़ने वाले राजनेता यह क्यों भूल जाते हैं कि सीमित संसाधनों के चलते आम नागरिक के लिए सम्माजनक खानपान, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना सत्ता का दायित्व है, लेकिन संकीर्ण स्वार्थों के चलते विभिन्न समाजों के मध्य जनसंख्या संतुलन न होना, प्रत्येक भारतीय के लिए समान जनसंख्या नीति का अभाव देश में विघटनकारी तत्वों को अराजक आचरण की ओर धकेलता है। धार्मिक आधार पर नफ़रत, भेदभाव व वैमस्यता जैसी स्थिति उत्पन्न होने से पत्थरबाज़ी जैसी घटनाएं प्रकाश में आती हैं।

**- सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### ऐतिहासिक मिथक

**इतिहास** केवल घटनाओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह सभ्यता के विकास, समाज के मूल्यों और विचारधारा का जीवंत दस्तावेज़ है। जब इस दस्तावेज़ को तोड़ा-मरोड़ा जाता है, तो यह न केवल अतीत के प्रति हमारा दृष्टिकोण बदलता है, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा को भी विकृत करता है। इतिहास का मिथ्याकरण एक ऐसी समस्या है जो न केवल सत्य की हत्या करता है, बल्कि समाज के बीच अविश्वास और भ्रम की स्थिति भी पैदा करता है। हमारे देश में ऐतिहासिक तथ्यों को अकसर राजनीतिक उद्देश्यों, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और वैचारिक प्रोपेगैंडा के लिए हथियार बनाया गया है। उदाहरण के लिए, स्थानीय नायकों और स्वतंत्रता संग्राम के योगदान को कई बार क्षेत्रीय या जातीय पहचान तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि उनकी भूमिका राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखी जानी चाहिए। यह समस्या विशेष रूप से शिक्षा प्रणाली में स्पष्ट होती है, जहाँ पाठ्यक्रम में ऐतिहासिक घटनाओं का चयन और प्रस्तुति अकसर पक्षपातपूर्ण होती है। इस स्थिति से निपटने के लिए इतिहास की लेखन प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष, वैज्ञानिक और प्रमाण आधारित बनाने की आवश्यकता है। समाज में जागरूकता फैलाना और इतिहास के अध्ययन को तर्कसंगत दृष्टिकोण से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

**- अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### दवाओं पर एमआरपी का खेल

**दवाइयों** पर एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) का खेल भारत में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। दवा कंपनियां अक्सर उत्पादन लागत से कई गुना अधिक एमआरपी निर्धारित करती हैं, जिससे मरीजों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस खेल में दवा विक्रेता भी बड़ी भूमिका निभाते हैं, जो एमआरपी के आधार पर ग्राहकों से अधिक कीमत वसूलते हैं। हालांकि सरकार ने जरूरी दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दवा मूल्य नियंत्रण आदेश लागू किया है, लेकिन सभी दवाएं इसके दायरे में नहीं आतीं। इसका लाभ उठाकर कंपनियां गैर-आवश्यक दवाओं पर मनमाने दाम लगाती हैं। भारत सरकार द्वारा मरीजों को सस्ती कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जनऔषधि केंद्र खोलने जैसे प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन इन्हें बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करना जरूरी है। इस समस्या का समाधान पारदर्शिता, जेनरिक दवाओं का प्रचार, और उपभोक्ताओं की जागरूकता में है। सस्ती और प्रभावी चिकित्सा हर व्यक्ति का अधिकार है।

**- आरके जैन**, बड़वानी

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राज्य सरकार धान खरीदी सुचारू रूप से चलाने में असफल : चरणदास महंत

## नेता प्रतिपक्ष महंत ने किया खोपली धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने किसानों को धान बेचने में होने वाली समस्याओं का जायजा लेने बुधवार को खोपली धान खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर महंत ने बताया कि राज्य सरकार की गलत नीति के कारण धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है। किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। किसानों को पहले बारदाना तथा बाद में भुगतान के लिए ख़रीदी केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। टोकन के लिए भी घंटो लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष किसानों को अपनी उपज को बेचने के लिए अनावश्यक समय लग रहा है। अगर किसान धान बेचने से चूक गए तो पखवाड़े भर का समय लग रहा है। धान के लिये पर्याप्त मानक बोरों की व्यवस्था नहीं है। किसानों को अपना आधा बोरा को देने के लिए कहा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार पिछले 14 नवंबर से किसानों से धान खरीदने का कार्य शुरू किया गया है, प्रदेश के सभी जिलों में धान खरीदी किया जा रहा है। जिसमें किसानों से एक बोरी में 40 किलो के अनुपात से धान खरीदना है। बारदाना का अलग से वजन 700 ग्राम निर्धारित किया गया है। दोनों को मिलाकर 40.700 किलो धान लेना है आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। जिसमें पाया कि हर खरीदी केन्द्र में खरीदा हुआ धान अलग अलग वजन का पाया कहीं 41.500 किग्रा तो कहीं 41.300 किग्रा। इसी तरह से हर खरीदी केन्द्र में अलग अलग वजन पाया गया। किसी भी केंद्र में 41 किलो से नीचे नहीं पाया गया। जबकि राज्य सरकार की गाइड लाइन में धान खरीदने का मानक अलग है।

### धान की मीलिंग करने में राइस मिलरों ने जताई है असमर्थता

उन्होंने कहा कि धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं. अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है. इस कारण राइस मिलर हड़ताल पर थे. धान सोसायटी में जाम है. मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फ़ैसले के बाद विभिन्न ज़िलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त कर रहे है।

### धान खरीदी केंद्रों में जारी नहीं हो रहा टोकन, किसान परेशान

महंत ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। किसान घंटों खड़े रहते हैं। आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए प्रति क्विंटल में करें, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए। भाजपा द्वारा चुनाव में किसानों को एकमुश्त भुगतान का वादा किया गया था पर वर्तमान में केवल 2300 के दर से भुगतान किया जा रहा है। बारदाना का मानक वजन 640 ग्राम बताया जा रहा है मौके में बोरे का वजन केवल 540 ग्राम था बोरा भी अमानक है जिसका भुगतान भी किसानों को ज्यादा धन दे कर चुकाना पड़ रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा, केश कला बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, समिति प्रबंधक गिरधर सोनी, दिवाकर गायकवाड़ सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचारो के विरोध में प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




हिन्दू चेतना मंच जिला बेमेतरा के आवाहन पर आज जिला मुख्यालय में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड बेमेतरा में भारत के नागरिक और हिन्दू चेतना मंच के प्रतिनिधि, बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति अपनी गहरी चिंता और विरोध व्यक्त करते हुए जन आक्रोश सभा में बताया कि बांग्लादेश में वर्तमान में जो अत्याचार चल रहे हैं, वे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे हमारे साझा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे हैं.

हमारा देश भारत हमेशा से विभिन्न धर्मों संस्कृतियों और आस्थाओं का संगम रहा है. बांग्लादेश भी हमारे इतिहास, संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा है. फिर भी, वहाँ पर हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों के खिलाफ हो रहे घृणित हमलों और अत्याचारों ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। ज्ञात हो कि हाल की घटनाएं हमारे पड़ोसी देश में हुई कुछ घटनाओं ने हमें गहरे आघात पहुँचाया है, जिनमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों पर किए गए हमलों की एक श्रृंखला शामिल है। जिसमे पहली घटना 28 नवंबर 2024 के दिन ढाका के इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास जी के लिए महाप्रसाद लेकर जा रहे दो हिंदू श्रद्धालुओं को केवल उनके धार्मिक कर्तव्यों को निभाने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया. दूसरी घटना 27 नवंबर 2024 को मैमनसिंह एक हिंदू दुकानदार पर हमला कर उसकी दुकान को लूट लिया गया, जिससे उसका जीवन और आजीविका प्रभावित हुई. तीसरी घटना 26 नवंबर 2024 सिराजगंज में कट्टरपंथियों द्वारा लोकनाथ मंदिर पर पेट्रोल बम फेंका गया, जिससे मंदिर को नुकसान पहुँचाया गया और हिंदू धार्मिक स्थलों पर हमला किया गया. चौथी घटना 25 नवंबर 2024 को फिर से ढाका के इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास जी को झूठे देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जो कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय अधिकारों का उल्लंघन था. पांचवी घटना 24 नवंबर 2024, बगेरहाट में एक हिंदू लड़की को जबरन धर्मांतरण कर आतंकी संगठन में शामिल किया गया, जो एक गंभीर अपराध है और बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों का प्रतीक है. छठी घटना 20 नवंबर 2024, बरिसाल में हिंदू समुदाय के घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे उनकी संपत्ति और सम्मान को नष्ट कर दिया गया. सातवी घटना 19 सितम्बर 2024, सिलहटः बौद्ध और हिंदू मंदिरों को तोड़-फोड़ कर आग लगा दी गई, जो धार्मिक असहिष्णुता और सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट करने का एक प्रयास था। इन घटनाओं में हजारों हिंदू, बौद्ध और ईसाई परिवारों को विस्थापित किया गया है और उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया है. उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले किए जा रहे हैं।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचे छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के धरना स्थल




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिला मुख्यालय में चल रहे छत्तीसगढ़ नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल में पहुंचे जहां उन्होंने नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया ज्ञात हो कि महासंघ नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों का ठेका प्रथा समाप्त किए जाने तथा निकाय में 5 से 10 वर्ष के बीच कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने तथा अन्य विभागों की तर्ज पर?4000 प्रतिमा श्रम सम्मान राशि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर हड़ताल किया हुआ है साथ ही साथ बेमेतरा नगर पालिका परिषद बेमेतरा में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को मैं 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित ई पी एफतथा ईएसआईसी की राशि का भुगतान प्रतिमा वेतन के साथ किया जाना भी कर्मचारियों द्वारा मांगा जा रहा है जिसका समर्थन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया है स्थल पर पहुंचकर पूर्वविधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की है सरकार जो बड़ी बड़ी बात कहकर सत्ता में आई है 1 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कर्मचारी तथा किसान हित में कोई भी कदम नहीं उठा रही है लोगों ने जिस उम्मीद के साथ इन्हें सत्ता की बागडोर सौंप थी वह अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं भाजपा की यह सरकार केवल अपने जेब भरने का कार्य कर रही है ना तो इन्हें कर्मचारियों की चिंता है और ना ही किसानों की ना ही आम जनता की केवल और केवल भाजपा सत्ता हथिया कर अपने घरों को भरने में लगी हुई है उन्होंने नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारी संघ की मांग को जायज बताया तथा भाजपा सरकार से मांग की है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांग जल्द से जल्द पूरी की जाए जिससे वह अपनी पूरी निष्ठा के साथ नगर को दुरुस्त रखने में अपना योगदान दे सके इस अवसर पर सुमन गोस्वामी ललित विश्वकर्मा मनोज शर्मा रानी डेनिम सेन उपस्थित रहे।

# जनादेश दिवस पर बेमेतरा विधायक साहू ने जताया जनता के प्रति आभार

## भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता : दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया है और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भी भाजपा सरकार और बेमेतरा विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिवद्धता से कार्य कर रही है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और खास दिन है। जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। मैं बेमेतरा विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करता हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ उन्होंने मुझे अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य मुझे दिया। मैं उनके इस विश्वास एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहुँगा द्द्य मै एक परिवार की भांति जो मुझे उनका मार्गदर्शन, सहयोग व स्नेह मिलता है वह मेरे लिए बहुमूल्य है। मैं उनके हर सुख दुःख में साथ निभा सकूँ और क्षेत्र की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा कर सकूँ इसके लिए मैं पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करते रहूँगा द्द्य इस दौरान विधायक साहू अपने समर्थको और कार्यकर्ताओ के साथ नगर के विभिन्न मंदिर देवाल्यो मे पहुंचकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना क्र आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किया। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने आज ही के दिन कांग्रेस के 5 वर्षों के कुशासन पर प्रहार कर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विकास के विजन को आत्मसात किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता को विकसित छत्तीसगढ़ की गारंटी प्रदान की थी, जिस पर जनता ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाया। साथ ही सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, एकनिष्ठता एवं संघर्ष ने भाजपा को पुनः जनसेवा का अवसर प्रदान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। दीपेश भैया की गारंटी में हमने बेमेतरा विधानसभा के विकास के हेतु संकल्प किये थे आज वह भी धरातल पर पूरे हो रहे हैं। आज बेमेतरा विधानसभा में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए बेमेतरा कुसमी बेरला भीमभौरी मे जोहार भेंट तुंहर सेवक तुंहर द्वार सेवा कार्यक्रम के माध्यम से हफ्ते मे चार दिन जनता जनार्दन की समस्या से अवगत होकर उनका निराकरण करने का काम क्र रहे है। क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं ष्टत्नक्क्ष्ट व्यापाम जैसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु बेमेतरा मे निःशुक कोचिंग सेंटर श्री राम एकेडमी की शुरुआत की गई लिए जिसने भरपूर समर्थन और अच्छा रिस्पांस युवाओं की तरफसे मिल रहा हैं द्द्य बेमेतरा मे ही नालंदा परिसर की तर्ज पर 6 करोड़ से अधिक राशि की लाइब्रेरी की सौगात मिली हैं द्द्य बेमेतरा विधानसभा के हमारे किसान भाई-बहनों की बहुप्रतिक्षित मांग ताकम डोडंगनिया बस्ती मार्ग शिवनाथ नदी पर 15.66 करोड़ की अधिक राशि की लागत उच्चस्तरीय पुल का होगा द्य विधानसभा क्षेत्र मे विधायक निधि मद से विभिन्न विकास कार्य हेतु 4.07 से अधिक राशि की स्वीकृति मिली हैं। मुख्यमंत्री समग्र विकाश योजना अंतर्गत 40 लाख के अधिक राशि के सीसी रोड़ निर्माण विधानसभा क्षेत्र मे महतारी सदन योजना अंतर्गत तीन गावों के लिए 87.6 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृत मिली हैं द्य 18 लाख के अधिक राशि की लागत से विधानसभा क्षेत्र के 6 गावों मे ज्ञानोदय लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही हैं।

# नगर पंचायत भिभौरी में होने वाले चुनाव को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आशीष छाबड़ा का नगर पंचायत भिभौरी में आगमन हुआ जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में ग्राम पंचायत भिभौरी को नगर पंचायत, तहसील कार्यालय, नवीन महाविद्यालय जैसे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात , मिली थी जिसे आज भाजपा के द्वारा अपनी उपलब्धि बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है आम जनता अच्छी तरीके से समझ चुकी है कि यह भाजपा सरकार जनता के हित के लिए कुछ भी करने वाली नहीं है मात्र नाखून कटा कर शहीद का दर्जा प्राप्त करना चाह रही है भिभौरी में पहली बार जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करने जा रही है साथ ही साथ वार्ड के पार्षदों का भी चुनाव किया जाएगा जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाने के लिए उत्साहित करने हेतु पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने एक बैठक ली जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता तक कांग्रेस की रीति नीति से परिचय कराने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के निष्क्रियता को आम जनता के समक्ष उजागर करने हेतु कहा पूर्व विधायक में प्रदेश में चल रही धान खरीदी की व्यवस्था में भारी अराजकता तथा किसानों के साथ हो रहे अन्य को भी आम जनता को समझने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत है जो आम जनता के हित में सदैव जमीन की लड़ाई लड़ने को तत्पर रहते हैं इस बैठक में पूर्व विधायक के साथ रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला विनोद परगनिहा पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति हसदा शिवा चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति भिभौरी चंद्र विजय धीवर रवि परगनिहा टिकेंद्र परगनिहा राजेश वर्मा धनराज बंजारे चेतन बंजारे एम डी धीवर कुंजलाल साहू राजेंद्र वर्मा शोभाराम साहू किशोर दुबे मोनल सिन्हा अर्पित परगनिहा राजकुमार सेन गोविंदा राजपूत निलेश वर्मा राजेश गगन परगनिहा बसीर खान रूपेंद्र नेवल कृष्ण चतुर्वेदी अनिल सेन जितेंद्र जोशी सालिक बंछोर प्रकाश यादव किशोर दुबे गुड्डू सेन प्रवीण शर्मा गजानन जोशी मंतराम धीवर सलीम खान विक्की साहू राम गोपाल धीवर मनहरण लाल पाटिल उत्कल धीवर प्रकाश कुमार यादव रामचंद्र साहू तुलाराम साहू दिलीप यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 5 जुआडियानो से नगदी रकम 2,120 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 02.12.2024 को पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेन्दुआ के गौठान के पास आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर चौकी संबलपुर पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो मोहन दास जंघेल उम्र 51 साल, बनवाली साहू उम्र 60 साल साकिन तेन्दुआ, भगवती भास्कर उम्र 35 साल, मनोज कुमार नवरंग उम्र 36 साल, नरेश नवरंग उम्र 50 साल साकिन मुडपार पुलि चौकी संबलपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फ्ढ से कुल जुमला नगदी 2,120/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, आरक्षक अमित यादव, धनंजय सिंह एवं अन्य स्टाफका सराहनीय भुमिका रही।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बेमेतरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के निष्कासन को किया रद्द

## बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल द्वारा बेमेतरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जोगेंदर छाबड़ा को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में छै छै साल के लिए कांग्रेस से निष्कासन को रद्द करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों निष्कासन आदेश पर न केवल रोक लगाया गया बल्कि निष्कासन को ही निरस्त कर दिया गया और साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बिना अनुशंसा एवं सहमति से किये गये अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में अपना लिखित जवाब स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने के लिए कहा गया है

इससे बेमेतरा में कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी अब एक दूसरे का प्रतिष्ठा का प्रश्न बनता जा रहा है बता दें कुछ दिन पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल द्वारा चार कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी के विरोधी गतिविधियों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था और एक सप्ताह में जवाब देने को कहा गया था और लगभग पंद्रह दिन के बाद अचानक आज चार दिसंबर को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल द्वारा बेमेतरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जोगेंदर छाबड़ा को पार्टी से निष्कासन कर दिया गया था क्योंकि जिन दोनों प्रमुख पदाधिकारियों को पार्टी से निकाला गया है उसमें जोगेंद्र छाबड़ा बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का चाचा है बहरहाल बेमेतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल द्वारा बेमेतरा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी के नाम जारी किए गए निष्कासन पत्र में कहा गया था कि आप कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष है। आपके द्वारा पार्टी नियम के विरुद्ध कार्य करना पार्टी अनुशासन हीनता के दायरे में आता है आपके द्वारा 28 अक्टूबर 2024 एवं 4 नवंबर 2024 को पुतला दहन में सूचना ना निकालना और लोगों को नहीं आने की सलाह देना जिला अध्यक्ष के आदेश को नहीं मानना धारा 19 (च) (4) के अनुशासन उल्लंघन अनुशासन हीनता के दायरे में आता है एवं धारा 19(च) (4) के अनुशासन उल्लंघन में (6) जानबुझ कर ऐसे काम करना कांग्रेस की प्रतिष्ठाको घटती हो या कागेस कमेटी के पदाधिकारी के विरूद्ध के प्रचार करना। निष्कासित पत्र में आगे बताया गया है कांग्रेस भवन के हिसाब को कोर कमेटी के बैठक दिनांक 05/07/2021 के अनुसार जिला अध्यक्ष को हिसाब देना था जो आप ने नहीं दिया ऐ धारा 19 (च) के चार (ग) के अनुसार कोष के दुरूपयोग में शामिल होना पाया जाता है। इसके अतिरिक्त बिना सहमति के कोई भी अंदोलन करना जिला कांग्रेस अध्यक्ष के कहने के बाद भी बिना मिटिंग किये अनिश्चित कालीन अंदोलन करना धारा 19 (च) (4) 4 के (का) कांग्रेस के कार्यक्रम निर्णय के विरूद्ध कार्य करना वहीं धारा 6 के अन्तर्गत कांग्रेस के पदाधिकारी लगातार 2 कार्यकाल से अधिक अपने पद पर नहीं रह सकता लेकिन आप लगातार तीन कार्य काल पूरा कर रहे है यह संविधान विरुद्ध है तथा आप के द्वारा किये गये कार्यों के प्रति कोई अफसोस भी व्यक्त नहीं करना शामिल है ।पत्र में कहा गया है कि आपके द्वारा दिये गये जवाब से जिला कांग्रेस कमेटी सहमत न होते हुए आप के द्वारा किये गये कृत को अनुशासन हीनता व कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के विपरीत मानते हुए अखिल कांग्रेस कमेटी के प्राथमिक सदस्यता एवं शहर अध्यक्ष पद से बर्खास्त किया जाकर 06 वर्षों के लिए निष्कासित करती है इसी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जोगेंदर छाबड़ा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल द्वारा अलग निष्कासन पत्र जारी किया है इसमें बताया गया है कि आप कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के पद पर है आपके द्वारा JK. chhabda D शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में अध्यक्ष दीपक बैज और रविन्द्र चौबे से जिला अध्यक्ष की शिकायत की फोटी सहित फेशबुक में बोलना पेपर में सार्वजनिक करना, यह सब अनुशासनहिंता के दायरे में आता है आप पार्टी के जिम्मेदार पोष्ट पर रहते हुए ये कार्य किये समझने के बदले में पार्टी के पदाधिकारी के खिलाफ प्रचार प्रसार करना धारा 19 (च) (4) के चार के (क) जानबुझकर कांग्रेस के विरुद्ध कार्य करना व प्रचार करना यह सब कांग्रेस पार्टी के विचार धारा के विपरित मानते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रथमिक सदस्यता एवं जिला उपाध्यक्ष के पद से बर्खास्त करते हुए 06 वर्षों के लिए निष्कासित करती हैं ।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24घंटे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को जवाब देने के दिए नोटिस

इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मलकीत सिंह गैदू प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशा.) जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल के नाम जारी नोटिस में कहा गया है कि नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी, बेमेतरा नगर के अध्यक्ष सुमन गोस्वामी एवं जोगेन्दर छाबड़ा, उपाध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी, बेमेतरा को पार्टी संगठन से 06 वर्षों के लिए निष्कासित किये जाने का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार, आपके द्वारा किया गया उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाते हुए जारी निष्कासन आदेश निरस्त किया जाता हैं। साथ ही, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बिना अनुशंसा एवं सहमति से किये गये अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में अपना लिखित जवाब , स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने को कहा गया ।

# जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव और महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव और महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजन प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आदिवासी वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया गया।

**'कलेक्टर, एसपी और जनप्रतिनिधियों ने रस्साकसी में आजमाया हाथ'**- अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में दोनों विधायक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रस्साकसी खेल का आनंद लिया। उन्होंने स्वयं इस खेल में हाथ आजमाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही मटका फोड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों तालियां बजाकर हौंसला आफजाई किया। कार्यक्रम में विधायक कौशिक ने कहा कि दिव्यांग बच्चे धीरे-धीरे समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। देश के विकास में उनका भी योगदान है। उन्होंने दिव्यांगजनों को आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी। विधायक मोहले ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयोजित खेल में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके लिए सभी को बधाई। दिव्यांग बच्चे शारीरिक रूप से भले कमजोर हैं, लेकिन मानसिक रूप से स्वस्थ हैं। उन्होंने सभी दिव्यांग बच्चों को प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए। दिव्यांग बच्चों में भी काफी क्षमताएं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी युवाओं को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल कूद में भी ध्यान देना जरूरी है। खेल एक ऐसा माध्यम है, जहां हम आपस में जुड़ते है, उन्होंने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, गणमान्य नागरिक शिवकुमार बंजारा, वनमंडलाधिकारी संजय यादव, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के.घृतलहरे, वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**'छात्रों द्वारा विज्ञान मॉडल पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी'**-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूल, बी. आर. साव स्कूल के छात्रों द्वारा विज्ञान मॉडल पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। बी.आर.साव स्कूल के नितिन दास मानिकपुरी ने सामान्य सायकल में बैटरी और मोटर का उपयोग कर ई-सायकल के रूप में प्रदर्शित किया और उसकी खासियत बताई। वहीं स्वामी आत्मानंद स्कूल दाउपारा के बच्चों द्वारा लाईफाई डाटा ट्रांसफार्मेशन टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया और बताया कि इसके माध्यम से दूसरे वाहन को साइड देने के लिए सिग्नल भेजता है। इसी तरह स्कूली बच्चों द्वारा पाचन तंत्र सिस्टम, एसिड रेन, क्लॉथ प्रोटेक्शन सिस्टम से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका दोनों विधायक, कलेक्टर, एसपी सहित वहां उपस्थित अधिकारियों ने अवलोकन किया।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने यूनिट का किया अवलोकन

## अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के दिए निर्देश

- मेडिकल यूनिट के जरिए लोगों को घर पहुंच मिल रही है स्वास्थ्य सुविधा

**पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली**
www.dailypioneer.com




प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए सभी नगरीय निकायों में मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने नगर भ्रमण के दौरान जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में मोबाइल मेडिकल यूनिट बस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल यूनिट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं, आवश्यक उपकरण, स्टॉफएवं उन्हें वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने मोबाइल मेडिकल स्टॉफ को निर्धारित स्थल एवं समय पर पहुंचने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मेडिकल यूनिट में जांच लैब और दवाईयों की उपलब्धता के बारे में पूछा। इस दौरान बताया गया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में शुगर, ब्लड प्रेशर, फीवर, कफ, मलेरिया जैसी 42 प्रकार की स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध है। लोगों को निःशुल्क उपचार के साथ-साथ आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाई व उचित परामर्श भी दिया जाता है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 01 चिकित्सक-विशेषज्ञ, 01 स्टाफ नर्स, 01 फार्मासिस्ट, 01 लैब टेक्नीशियन और वाहन चालक मौजूद होते हैं, जिनके माध्यम से मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार किया जाता है। यदि किसी मरीज में गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाता है।

**कलेक्टर और एसपी ने कला-केंद्र का भी किया औचक निरीक्षण**- कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में युवाओं को विभिन्न विधाओं गायन, वादन, पेंटिंग, नृत्य आदि में प्रतिभा निखारने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए संचालित कला-केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वहां गंदगी एवं अव्यवस्था को देखकर नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कला-केंद्र के व्यवस्थित संचालन हेतु कहा।

# ग्राम बोड़तरा के सहकारी समिति में किसानों को मिलेगी सस्ती दर पर दवाई

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का किया गया शुभारंभ

**पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा अभिनव पहल करते हुए लोरमी विकासखण्ड के ग्राम बोड़तरा सहकारी समिति में प्रधानमंत्री जन आरोग्य औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से वहां पहुंचने वाले किसानों को 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर दवाई उपलब्ध होगी। किसानों ने कहा कि अब स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर दवाई के लिए बाहर मेडिकल दुकान नहीं जाना पड़ेगा। समय और पैसे की बचत होगी। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। बता दें कि कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में धान उपार्जन केन्द्रों व सहकारी समितियों में किसानों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोड़तरा सहकारी समिति में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने बताया कि सामान्य दवाईयां से जन औषधि केंद्र की दवाईयां 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कम कीमत में दवाइयां उपलब्ध कराने करने के लिए महत्वपूर्ण योजना है।

इस दौरान सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं हितेश श्रीवास, सीसीबी नोडल संतोष सिंह ठाकुर सहित किसान मौजूद रहे।

# विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली**
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जिला मुंगेली के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉ. सुदेश कुमार रात्रे,धीरज रात्रे एच.आई.वी. समन्वयक, अमिताभ तिवारी जिला कार्यक्रम समन्वयक, डॉ शिवपाल सिंह सिदार एम. डी.,के मार्गदर्शन में 01 दिसंबर 'विश्व एड्स दिवस' पखवाड़ा के तहत नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, मुंगेली में 03 दिसम्बर को जनजागरूकता पखवाड़ा मनाया गया कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस 2024 का थीम अपने अधिकारों को समझिये और अपने लिए सही रास्ता चुनिये के संबंध में उपस्थित छात्र-छात्राओं को डॉ रात्रे द्वारा एड्स फैलने के कारण, बचाव एवं रोकथाम के उपाय के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। दिलीप बसंत परामर्शदाता ने उपस्थित छात्राओं को एड्स संबंधित भ्रांतियों उसके बचने के उपाय बताते हुए एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों के साथ बिना भेदभाव के सामान्य जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया । एस टी आई /आर टी आई,भ्प्ट एक्ट 2017 के बारे में जानकारी दी। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ शिवपाल सिंह सिदार द्वारा छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया गया। उक्त प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्राएं में आंशी, गीतांजली, करीना, दामिनी, वसुंधरा आयुषि को उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कु. प्राची सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से दिलीप कुमार बसंत काउंसलर जिला अस्पताल मुंगेली, मदन कश्यप, जितेंद्र शर्मा, राजेश घोसले सुरेंद्र तिग्गा, प्रेमा कुजूर एवं सभी स्टाफएवं अधिक संख्या मे छात्राएं उपस्थित रहें।

# श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से सातवां दल अयोध्या धाम हुआ रवाना



**पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्री राम के दर्शन कराने हेतु श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना की शुरूआत की गई है। जिसके तहत् विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु सुविधाजनक रूप से ले जाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में विभिन्न जनप्रतिनिधियों तथा डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार की उपस्थिति में जिला सक्ती से श्रद्धालुओं के सातवें दल को श्रीफल फोड़कर, मंगल तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए त्रिदिवसीय अयोध्याधाम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम जाने का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया है उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्थानीय निवासियों जिनकी आयु 18 से 75 वर्ष के बीच है उन्हें जीवन काल में एक बार उत्तर प्रदेश राज्य के अयोध्या में स्थित भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से श्री रामलला दर्शन योजना राज्य शासन द्वारा लागू किया गया है।

# मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने तय करी उम्र सीमा

## जिले में संगठन चुनाव को लेकर कार्यशाला संपन्न

**पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहे भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर पार्टी सक्रियता के साथ प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर पर बैठके कर रही है, तथा जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर जहां पार्टी ने एक उम्र सीमा तय कर दी है, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला चुनाव अधिकारी कृष्णा राय ने संगठन चुनाव को लेकर जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आगामी 5 दिसंबर तक सक्रिय सदस्यता की सूची का प्रकाशन होना है,एवं 6 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल का चुनाव संपन्न होगा, मंडल अध्यक्ष चुनाव हेतु आयु सीमा अधिकतम 45 वर्ष निश्चित की गई है, एवं जिला अध्यक्ष हेतु आयु सीमा अधिकतम 60 वर्ष निश्चित की गई है। इस कार्यशाला को भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने अपने जिला सक्ती को मिला सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है एवं सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है, प्रत्येक बूथो में अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए जाने चाहिए, शक्ति जिला सदस्यता अभियान में अभी दसवे स्थान पर है, अभी दो-तीन दिनों में सदस्यों की संख्या बढ़कर हमें पांचवें नंबर तक आना है, ऐसी आशा मैं सदस्यता अभियान के संयोजक सह संयोजक एवं प्रभारी से करता हूं जिन्होंने अथक प्रयास करके सदस्यता अभियान को इस जगह तक पहुंचाया है, अभी संगठन चुनाव होने है प्रदेश ने संगठन चुनाव हेतु एक निश्चित आयु सीमा निर्धारित की है। जिसके अनुसार मंडल अध्यक्ष के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष तय की गई है संगठन में जो मंडल अध्यक्ष चुनाव होने हैं उसको पार्टी की रीति नीति अनुसार आपसी सहमति एवं वरिष्ठों के सहयोग से सर्वसम्मति से ऐसे व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जिसकी पार्टी में सक्रियता हो,पार्टी के मंडल या जिला स्तर के किसी पद में रहा हो एवं पार्टी कार्यो को सुचारू रूप से कर सके इस हेतु सभी को मिलजुल कर इसके लिए प्रयास करना चाहिए।

# एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी बेमेतरा ने थाना में समस्याएं एवं शिकायते लेकर आये आम जनमानस की समस्या को गौर से सुना और मौके पर ही थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उन्होने निरीक्षण दौरान थाना में आये आम जनमानस से मिलकर उनसे संवाद कर उनका एवं उनके ग्रामों एवं आसपास क्षेत्रों के संबंध में चर्चा कर हालचाल जाना। त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया तथा शाम को चौक-चौराहों में विजिबल पुलिसिंग करने और रात्रि गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। उन्होने थाना में स्थापित महिला डेस्क और सियान डेस्क को लगातार सुचारू रूप से संचालित करने, उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, थाना/चौकी का भ्रमण कर थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। तथा चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली - मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सिटी कोतवाली बेमेतरा के सीसीटीएनएस आपरेटरो को केश डायरी शीघ्र अपलोड करने तथा सीसीटीएनएस एन्ट्री में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने हेतु समझाईश दी गई तथा दुष्कर्म के प्रकरणों में प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने के दिनांक से दो माह के भीतर विवेचना कार्यवाही पूर्ण करने दिशा-निर्देश दिये गये। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथा शीघ्र निराकरण करने एवं गुम बालक/बालिकाओं को अभियान चलाकर दस्तयाब कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल "वार्ड चलो अभियान" अंतर्गत नगर पालिका मुंगेली के विभिन्न वार्डों में शिविर का होगा आयोजन

## 04 दिसंबर को आगर खेल परिसर पुराना बस स्टैंड में लगाया जाएगा शिविर

**पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली**
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन मुंगेली की अभिनव पहल ''वार्ड चलो अभियान'' अंतर्गत नगर पालिका परिषद मुंगेली के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित अवधि में शिविर में उपस्थित रहने के लिए कहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि 04 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक आगर खेल परिसर पुराना बस स्टैंड में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रामगोपाल तिवारी वार्ड क्रमांक 01, सरदार पटेल वार्ड क्रमांक 02, सुभाष वार्ड क्रमांक 03, महामाई वार्ड क्रमांक 04, राजेंद्र वार्ड क्रमांक 07, गांधी वार्ड क्रमांक 09 और विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 के हितग्राहियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के साथ उनकी मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लिया जाएगा और निराकरण किया जाएगा। इसी तरह 05 दिसंबर को सतनाम भवन दाउपारा में कबीर वार्ड क्रमांक 16, तिलक वार्ड क्रमांक 17, डॉक्टर हीरालाल वार्ड क्रमांक 18, एण्ड्रूज वार्ड क्रमांक 19, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 22, 06 दिसंबर को शीतला भवन जवाहर वार्ड क्रमांक 11 में जवाहर वार्ड क्रमांक, काली माई वार्ड क्रमांक 14, मोहम्मद बशीर खॉ वार्ड क्रमांक 15, 07 दिसंबर को सिंधी धर्मशाला शिवाजी वार्ड रायपुर रोड में शंकर वार्ड क्रमांक 05, परमहंस वार्ड क्रमांक 06, शिवाजी वार्ड क्रमांक 08, बापा वार्ड क्रमांक 12, अंबेडकर वार्ड क्रमांक 13 और 09 दिसंबर को यादव समाज सामुदायिक भवन पेंडाराकापा में महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 20 और विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 21 के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ उनकी मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन लिया जाकर निराकरण किया जाएगा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना) //**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी मेंपंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए'में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022) से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएं निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखंड | ग्राम | कॉल | कार्य की लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 58/29.11.2024 | 162165 | Usoor | KAURGATTA | 2nd call | 30.97 | 23228/- |
| 2 | 58/29.11.2024 | 162165 | Bhopal Patnam | BANDEPARRE | 2nd call | 11.28 | 8460/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 23.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid due date) 02.12.204 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-242504320/3

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

Fax NO.-07786-242230 Email-cmokondagaon.2010@rediffmail.com

क्रमांक/3598/न.पा./ लेखा/2024 कोण्डागांव, दिनांक 4/12/24

**// रूचि की अभिव्यक्ति सूचना //**

नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा विद्युत बिलों का एनर्जी आडिट कराया जाना जाना है जिस हेतु पंजीकृत चाटर्ड अकाउंटेट फर्मो से रूचि अभिव्यक्ति दिनांक 26.12.2024 शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

पंजीकृत चाटर्ड अकाउंटेट फर्म रूचिदाता रूपये 1000.00 (एक हजार रूपये मात्र) निकाय के लोक निर्माण शाखा में राशि नगद जमा कर अपनी रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकते हैं जिनका दर कम होगा उसे ही एनर्जी ऑडिट का कार्य विधिवत् दिया जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
1st call

NIT NO: 498/Zone-9/2024 RAIPUR DATED: 03/12/2024

Online bids are invited for the following works of works up to Date 26/12/2024 at 17:30 hours.

| Sl. No. | System Tender No | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor/ Firm | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162409 | नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक 9 अंतर्गत जल विभाग में 14 कर्मचारी (अकुशल श्रमिक) कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से परिवर्तनशील पर प्रदाय करने का कार्य | Rs. 21,28,728/- | Rs. 22,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 12 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e- Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 03/12/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

3. उपरोक्त कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। निविदा शुल्क राशि रु. 2,000/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से देय होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
ZONE-9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

# चिरायु योजना से कबीरधाम जिले में 55 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 28 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित

## मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति बच्चो के माता-पिता ने निःशुल्क उपचार के लिए आभार जताया

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निर्देश पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिरायु योजना के तहत एक बड़ा कदम उठाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में 55 संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 28 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित किया गया है। यह स्वास्थ्य शिविर जिला चिकित्सालय कवर्धा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत आयोजित हुआ। वेंकटेश सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर की विशेषज्ञ टीम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. निशांत चंदेल के नेतृत्व में, ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। बच्चों की इको-कार्डियोग्राफी जांच कर उनकी बीमारी की पहचान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि कबीरधाम जिले में चिरायु योजना के तहत अब तक 455 हृदय रोग से ग्रसित बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को चिन्हांकित कर, चयनित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए भेजा जा रहा है।




### शिविर में अधिकारियों और टीम का योगदान

इस शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, डॉ. सलिल मिश्रा (शिशु रोग विशेषज्ञ), जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी, डॉ. मुकुंद राव (आरएमएनसीएचए), अरुण कुमार (हॉस्पिटल कंसल्टेंट), हर्षवर्धन चंदेल (डाटा मैनेजर, आईडीएसपी), और जिले की चिरायु टीम के साथ वेंकटेश सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रति अभिभावकों का आभार

शिविर में आए अभिभावकों ने मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कलेक्टर गोपाल वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और प्रयासों से बच्चों को जीवनदान मिल रहा है।

# सी जी पी एस सी में 280 वां रैंक प्राप्त कर सौरभ दीवान का डिप्टी कलेक्टर हेतु हुआ चयन

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सीजीपीएससी परीक्षा 2023 में साक्षात्कार के पश्चात सौरभ दीवान डिप्टी कलेक्टर पद हेतु चयनित हुए। उन्होंने इस उपलब्धि को 5 वे प्रयास में हासिल की। उन्हें 2023 सीजीपीएसी परीक्षा में 280 वां रैंक प्राप्त हुआ, वहीं उन्हें आरक्षित कोटे के अंतर्गत दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं । मूलतः महासमुंद जिले के ग्राम पटेवा निवासी डॉक्टर जी सी दीवान एवं द्रौपदी दीवान के सुपुत्र सौरभ का जन्म पटेवा ग्राम में हुआ । चूंकि माता पिता की इच्छा थी कि सौरभ की शिक्षा दीक्षा उत्कृष्ट हो इसलिए उन्होंने कुम्हारी निवासी अपनी बहन जीडी ठाकुर एवं फूफा डॉ बीएल ठाकुर के यहां बाल्यावस्था में ही सौंप दिया। अपने बुआ के यहां रहकर एकाग्र होकर पढ़ाई करते हुए



सौरभ दिवान ने उच्च शिक्षा मेकेनिकल इंजीनियर बी आई टी दुर्ग से पूर्ण की । दिल्ली आई ए एस कोचिंग बिलासपुर से तैयारी कर अंततः लक्ष्य प्राप्त कर लिया । सौरभ का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन उनके कुशाग्रता और लक्ष्य प्राप्ति के प्रति लगन की सबने प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनायें दीं । परिवार के सभी सदस्य इस उपलब्धि से हर्षित हैं व गौरव का अनुभव कर रहे हैं । इस सफलता के पीछे बुआ-फूफा के साथ अपने माता-पिता द्रोपती दीवान एवं डॉ जी सी दीवान के अतिरिक्त अपने गुरुजनों व मित्रों के सहयोग को श्रेय देते हुए आभार जताया कि इन सभी ने हर कदम में उसे सहयोग, प्रोत्साहन दे कर मनोबल को बढ़ाया। सौरभ की बुआ जीडी ठाकुर ने बताया कि सौरभ बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि मेरे अन्य बच्चों से अधिक रहता था उनके मन मे हमेशा सीजीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की चाह होती थी। इस लिए वे इंजीनियरिंग करने के बाद सीधे सीजीपीएसी की तैयारियों में जुट गए।

# वनांचल क्षेत्र में पढ़ाई की सुविधाओं का हो रहा विस्तार

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशा अनुसार राज्य में विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत बच्चों की पढ़ाई सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए भी विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इसी के तहत राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले में 4 नये स्कूल भवनों की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत दो मीडिल एवं दो प्राइमरी स्कूल के नवीन भवन स्वीकृत किये गये है। नवीन भवन मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्वीकृत किये गये है। इसके तहत पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुर एवं मोंगराडीह तथा प्राथमिक शाला चचरापारा एवं मोंगराडीह में नये भवन का निर्माण किया जायेगा। वनांचल क्षेत्र में नये स्कूल भवन की स्वीकृति मिलने से स्कूली बच्चों को काफी सहुलियत होगी। साथ ही पढ़ाई की सुविधाओं में विस्तार भी होगा। नये भवन बनने से पुराने एवं जर्जर भवन से मुक्ति मिलेगी, जिससे बच्चे असानी से अपने स्कूली पढ़ाई को पूर्ण कर पायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने बताया कि प्रत्येक भवन के लिए 11 लाख 48 हजार रूपये की दर से राशि स्वीकृत की गई है।

# पास्ट चैम्पियन एथलीट हेतु 10 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में जिला फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, कसडोल संचालित है। उक्त प्रशिक्षण केंद्र मे खेलो इंडिया लघु केंद्र की गाइडलाईन अनुसार 1 पास्ट चैम्पियन एथलीट (महिला या पुरुष ) की नियुक्ति हेतु आवेदन 10दिसम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पास्ट चैम्पियन एथलीट नियुक्ति के लिए निर्धारित योयता मे पहली प्राथमिकता सम्बंधित खेल के मान्यता प्राप्त एनएसएफया एसोसियेशन के तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। दूसरी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल पास्ट चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा या खेलो इंडिया गेम्स मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो।तीसरी प्राथमिकता राष्ट्रीय एआईयू पिछली चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो तथा चौथी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफद्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विगत चैम्पियनशिप मे राज्य का प्रतिनिधित्व या खेलो इंडिया गेम्स मे भागीदारी को दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एनआईएस को भी मान्य किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 10 दिसम्बर 2024 को कार्यालयीन दिवस मे संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आरटीओ परिसर बलौदाबाजार मे जमा कर सकते हैं।साक्षात्कार हेतु पृथक से जानकारी दी जायेगी।

# हसदा स्कूल के विद्यार्थियों का खेल में शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन बेमेतरा के कंतेली स्टेडियम मे किया गया था। प्रतियोगिता मे 9 से 18 आयु वर्ग मे शा. उ. मा. विधालय हसदा के फुटबॉल खिलाडियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे दूसरा स्थान प्राप्त कर शाला को गौर्वांवित् किया । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेरला विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए। बेरला के शा. उ. मा. विधालय हसदा के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। 9 से 18 आयु



वर्ग मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय हसदा विकासखंड बेरला की बालिका फुटबॉल टीम इस प्रकार थी।

डिंपल निषाद, लवन्या ध्रुव, दुलेश्वरी धिवर, याचना वर्मा, चेतावली निषाद, भुवनेश्वरी, होमेश्वरी निर्मलकर, जांहवीं, भूमिका साहू, कुसुम साहू, गोमती यादव, भानु विश्वकर्मा विजयी खिलाडियों को शाला परिवार की ओर से उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गयी। जिसमे मुख्य रूप से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या श्रीमति शिप्रा सरकार, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों श्रीमति संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर अध्यक्ष शाला विकास समिति , सरपंच श्रीमती तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, दिलीप वर्मा,मानचंद निर्मलकर, संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने विजयी खिलाडियों को बधाई दी। साथ ही संस्था प्रमुख का कहना है कि ये खिलाडियों के कठिन परिश्रम का फल है। आपको बता दे कि यहाँ फुटबॉल की नई पौध तैयार की जा रही है। साथ ही उनको प्रशिक्षण भी दिया जाता है। खिलाडियों को तैयार करने मे प्रमुख योगदान यहाँ के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव तथा रामेश्वरी साहू और आकाश वर्मा के द्वारा उनको और भी कई सारे खेल का प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जाता है।

# रा.से. यो. द्वारा स्वच्छता के लिए किया जा रहा जागरूक



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी इकाई द्वारा संचालित सप्त दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत थीम पर पलारी ब्लॉक के ग्राम सर्रा में 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित है शिविर के माध्यम से महाविद्यालय के 60 स्वयं सेवकों ने प्रतिदिन प्रभात फेरी कर गांव के बोरिंग कुआ,नाली, तालाब पचरी व गाव की गलियों की साफसफाई कर स्वच्छता के लिए जागरूक कर रहे है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरणादाई नाटक के माध्यम से अलग अलग थीम पर नशा, स्वच्छता के बारे में जागरूक कर रहे है। पांचवा दिवस के बौध्दिक परिचर्चा में मुख्यअतिथि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित नायक अध्यक्षता सरपंच बीरेंद्र वर्मा विशिष्ट अतिथि सचिव सुरेश कुमार साहू प्राध्यापक तुलसी पैकरा सिविल इंजिनियर अनिलकांत कुर्रे सेवक वर्मा कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र खरे वरिष्ठ स्वयं सेवक व महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित नायक ने कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए जरूरी है कि उन्हें बेहतर विकल्पों की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि सभी बच्चें प्रतिभाशाली होते हैं। जरूरत इस बात कि रहती है कि उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उस दिशा में सही मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। महाविद्यालय की शिक्षा को ग्रहण तो करते हैं लेकिन उन्हें ये पता नहीं होता कि आगे चलकर उन्हें क्या बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि पहले सभी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या करना होता है इसकी जानकारी होनी चाहिए।उक्त अवसर प्राध्यापक इसझा मेश्राम सोनम यादव सुमन साहू प्रियंका वर्मा इशा पाठक वरिष्ठ स्वयं सेवक टिकेश्वर, माधुरी, उर्वशी, आरती देविका पूजा दीप्ति शिविर नायक गैदराम धीवर शिविर नायिका अन्नपूर्णा कन्नौज एवं रासेयो के स्वयं सेवक मनीषा, हेनुका, साहिल, सुरेंद्र, आलोक, योगेश, सुंदरम ग्रुप अन्नपूर्णा , नवीन, माधुरी, आमनी, संजना , किरण, रिहान, त्रिपानी, रोहित, लोकेश, वर्षा, मधुरम ग्रुप ममता, शैलेन्द्र, संजना गायत्री, मधु, , विजय, किरण वर्मा, विकास, सुरेंद्र, हेमकुमार, हेनुका , एवं रा. से. यो. के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# हाईस्कूल अंजोरा में दिव्यांग दिवस का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा (ख) दुर्ग में दिव्यांग दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी के अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी ने अध्यक्षीय उदबोधन प्रस्तुत करते हुए दिव्यांग दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे शाला के दिव्यांग व्याख्याता गण शिवनारायण देवांगन÷आस÷, मनोज कुमार गुप्ता व उमा राठौड़ कार्यरत है जो अध्यापन के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी रहते है इनके काम को देखकर नही लगता कि दिव्यांग है हम सबको गर्व है कि ये हमारे शाला को गौरवान्वित कर रहे है। तदपश्चात प्राचार्य व सभी लोगों ने मिलकर व्याख्याता जीवविज्ञान शिवनारायण देवांगन आस, व्याख्याता वाणिज्य मनोज कुमार गुप्ता व व्याख्याता अंगेजी उमा राठौड़ को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया वही शाला में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी राजेश्वरी निषाद, वेदांत सिन्हा, चंदन, कुणाल निर्मलकर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवनारायण देवांगन÷आस÷ व उमा राठौड़ ने अपना विचार साझा करते हुए कहा कभी भी हमें अपने आत्मविश्वास को कम नहीं करना चाहिए व दिव्यांगता को कमजोरी न बनने दे और दिव्यांगों को देखकर अपमानित करने के बजाय उनका सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भिनेश्वरी साहू व्याख्याता वाणिज्य व आभार प्रदर्शन सरस्वती श्रीवास्तव व्याख्याता संस्कृत ने किया। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक मंच में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए जिसमे व्याख्यातागण शशीकला चन्द्राकर, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी ऐलन, विज्ञान सहायक शिक्षक अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे प्रमुख है।

# अरविंद आश्रम फुंडा द्वारा बैंक ऑफबड़ौदा के सहयोग से बच्चों को चप्पल,पेन कापी ,पेंसिल वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

पाटन विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला देऊरझाल में मंगलवार को सभी स्कूली बच्चों को अरविंद आश्रम के बैंक ऑफबड़ौदा के रीजनल सहयोग चप्पल , पेन , पेंसिल , रबर वितरण किया गया। जिससे स्कूली बच्चे बहुत ही प्रफुल्लित हुए। स्व सहायता समूह एवं शाला परिवार की ओर से न्योता भोज कराया गया।साथ ही रसोइया एवं सफाई कर्मचारियों को चप्पल दी गई। बच्चों के द्वारा अतिथियों के समक्ष गीत , कविता एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी बताया गया। जिससे बच्चों की हुनर की सहराना किया। मौके पर अरविंद आश्रम के अध्यक्ष डॉ. इंद्राणी घोष , भूमिका डांगे, अंशु त्रिपाठी, डॉ. शामिष्ठा बैनर्जी , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनकी राम वर्मा , प्रधानाध्यापक मुकेश साहू , सरपंच प्रतिनिधि गोपेश साहू , पूर्व जनपद सदस्य चंद्रावती कुर्रे ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामचंद जांगड़े , विधायक प्रतिनिधि मनोज टंडन , विशेष आमंत्रित सदस्य दिलीप कुर्रे , सहायक शिक्षक रोशन साहू , हुसैन पाटिल , एनजीओ शिक्षकगण , सूराजेश्वरी कुर्रे , सुरानू बारले , रसोइया , सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय को मिले दो पदक



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व दिव्यांग दिवस में विवेकानंद स्टेडियम बेमेतरा में दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू शामिल रहे। दिव्यांग बच्चों के कुर्सी दौड़ और चित्रकारी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा की छात्रा कु हीरौंदी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरान्वित किया है। बच्ची की इस उपलब्धि पर शाला की अधीक्षिका भारती धृतलहरे, शिक्षिकाएं राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, दीप्ति, सावित्री यादव ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स डे कार्यक्रम का आयेजन




पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स डे कार्यक्रम का आयेजन प्राचार्य महोदय के मार्गदशन में किया गया। इस वर्ष का थीम है सही रास्ता अपनाएंः- मेरा स्वास्थय मेरा अधिकार। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा एड्स के कारण बचाव एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढकर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुशीला गिलहरे सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस प्रभारी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. रीता यादव सहा. प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एफ मिंज , तारा पटेल आदि उपस्थित रहें । पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम निक्की विश्वकर्मा द्वितीय तनिशा पटेल तृतीय स्थान जिज्ञासा नामदेव रहीं।

# दुर्ग जिले में मनाया गया विश्व एड्स दिवस




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विश्व एड्स दिवस आज 1 दिसंबर को राज्य शासन (नाको) के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशन में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के करकमलों से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। आज की थीम, "अपने अधिकार को समझिये और लिए गये रास्ता चुनिये" इस रैली में नोडल अधिकारी डॉ. खंडेलवाल, लिंक कार्यकर्ता, जीएनएम ट्रेनी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में पोस्टर, बैनर के साथ ही नारों के माध्यम से लोगों को एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। एड्स एक भयावह बीमारी है। ये संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने या बिना सावधानी पर चपेट में आ सकते है। इससे बचाव के लिए सबसे बड़ा उपाय सावधानी है। वही लोग एआरटी सेंटर पर एड्स की जांच के साथ ही निःशुल्क इलाज भी ले सकते है। इलाज से व्यक्ति इस भयावह बीमारी से खुद और परिवार का बचाव कर सकता है।

# वटगन महाविद्यालय में एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



4 दिसंबर को वटगन महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के माध्यम से रंगोली और निबंध लेखन प्रतियोगिता रखा गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अंत में सभी छात्र छात्राओं ने श्रृंखला बद्ध होते हुए रेड रिबन का सिम्बोल बनाते हुए हम सब ने ठाना है भारत को एड्स मुक्त बनाना है का नारा दिया,निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपेश देवांगन बीएससी अंतिम,द्वितीय स्थान चितेश्वर प्रसाद साहू बीए प्रथम वर्ष,एवं तृतीय स्थान अनीता नौरंगे बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया,और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ललिता एवं साथी,द्वितीय स्थान दाऊलाल साहू एवं साथी एवं तृतीय स्थान वंदना एवं साथी को प्राप्त हुआ।इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, रामप्रकाश जोशी(रेड रिबन कार्यक्रम अधिकारी),शैलेन्द्र कुमार वर्मा(सहा.प्राध्या. भूगोल),अतिथि व्याख्यातागण उमेश कुमार श्रीवास, डॉ.नोहर सिंह डहरिया,छत्रपाल सिंह राठी, पुष्पा वर्मा,भूमिका साहू, सत्यप्रकाश कुर्रे ,कार्यालयीन स्टॉफ एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वजीवन मुक्त बधिर स्कूल में खेलकूद एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर सक्ति के कसेर पारा स्थित नवजीवन मूक बधिर विद्यालय सक्ती में खेलकूद व रैली का कार्यक्रम किया गया। खेलकूद में विभिन्न प्रकार के आर्टस जैसे - मेंहन्दी, हेयर, रंगोली नेल आर्ट्स जैसे कार्यक्रम किये गये। रैली का शुभारम्भ कसेर पारा बार्ड-02 के पार्षद राम संजीवन देवांगन के हाथों किया गया। सर्वप्रथम आरती एवम तत्पश्चात् दीप प्रज्वलन फिर दिव्यांग बच्चों




की आरती एवं टीका लगाकर रैली को प्रस्थान किया गया, जिसमें विद्यालय की संचालिका सि. लिली पी सी, प्राचार्य सि. ओनिला सहित शिक्षक- शिक्षिका गण, दिव्यांग सभी विद्यार्थी गण उपस्थित थे,रैली विद्यालय परिसर से निकलकर मुख्य मार्ग से कचहरी होते हुए कार्यालय जिल्ला शिक्षा अधिकारी के प्रांगण में पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चन्दा, सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राकेश अग्रवाल एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग सकती सुनिल मिश्रा ने बच्चों का स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा ने दिव्यांग दिवस पर बच्चों को पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य करते हुए उन्हे हर प्रकार के मदद एवं सहायता करने का आश्वासन दिया जो उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जरूरत हो। रैली के समाक के पश्चात् विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम संघ प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को उपहार से सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छ.ग चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष विजय डालमिया रहे, तथा विद्यालय परिसर में स्वल्पाहर एवं भोजन की व्यवस्था समाज सेवी सहयोगियों के द्वारा की गई एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद राम सजीवन देवांगन एवं चेंबर अध्यक्ष विजय डालमिया ने कहा कि आज का दिन हमारे दिव्यांग जनों के लिए विशेष दिन है,तथा हम सभी आज के इस दिन पर प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर हमारे दिव्यांग जनों को और अधिक शक्ति दे तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए ये सदैव लोगों के लिए प्रेरणा बने

# शासकीय महाविद्यालय के गणित विभाग में मैथ्स पोस्ट का हुआ एग्जिबिशन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में गणित दिवस के आयोजन हेतु चल रही प्रतियोगिताएं जिसमे की मैथ्स पोस्टर एग्जिबिशन का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने पोस्टर का प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के प्रभारी प्राचार्य विमल कुमार रात्रै द्वारा किया गया उन्होंने इस कार्यक्रम का शुभारंभ कर सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम को सफल होने की शुभकामनाएं दी गणित दिवस के आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक फागु राम साहू द्वारा पोस्टर एग्जीबिशन में आए प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टर का अवलोकन कर महाविद्यालय के एवं अन्य महाविद्यालय से आए प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए पोस्टर के बारे में सूक्ष्म रूप से जानकारियां प्रदान की गई पोस्टर एग्जीबिशन में लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए इन प्रतिभागियों के पोस्टर के निर्णय के लिए निर्णायक के रूप में जगदलपुर के मॉडल कॉलेज से आए सहायक




प्राध्यापक डॉ रवि द्विवेदी एवं तोकापाल महाविद्यालय से आए सहायक अध्यापक डी वास लाल सिदार तथा महाविद्यालय के डॉ अजय ठाकुर एवं दुर्गेश देवांगन के द्वारा किया गया सभी प्रतिभागियों को श्रीनिवास रामानुजन की इयंगर के जन्मदिवस 22 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जाएगा दिनांक 5.12.2024 को महाविद्यालय स्तर पर मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन भी गणित दिवस के अवसर पर किया जाना सुनिश्चित है श्रीनिवास रामानुजन के बारे में बताते हुए गणित विभाग से मनीष तिवारी जी ने बताया कि उनके द्वारा 3884 प्रमेय का संकलन किया गया इनमें से अधिकांश प्रमेय सिद्ध किया जा चुके हैं उन्होंने बताया कि गणित के सहज ज्ञान और बीज गणित में इन्होंने आदित्य प्रतिभा के धनी थे आज भी निवास रामानुजन के बताए गए जितने भी सिद्धांत हैं उनका प्रयोग शोध के रूप में कई विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है हाल में उनके सूत्र को क्रिस्टल विज्ञान में भी प्रयुक्त किया गया है उनके कार्य से प्रभावित हो कर गणित के क्षेत्र में कई शोध कार्य हो रहे है इसको देख कर रामानुजन जनरल की स्थापना भी की जा रही रामानुजन भारत के लिए एक रत्न के रूप में हम उनको देख सकते हैं तथा यदि हम आज और रामानुजन के जीवन के उन परिस्थितियों को देखें तो यकीनन हम यह पाएंगे कि उनकी सोच भविष्य को देखने की बहुत ही अद्वितीय रही है हम जिन विचारों को आज समझ रहे हैं उन विचारों को रामानुजन के द्वारा पूर्व में ही बताया जा चुका है इस कार्यक्रम में सभी का आभार गणित विभाग से विभाग अध्यक्ष फागु राम साहू द्वारा दिया गया इस कार्यक्रम में अनेक महाविद्यालय से आए सहायक प्राध्यापक प्राध्यापक आए तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों में विधि विभाग से डॉ मोहन सोलंकी हिमांशु मिश्रा रिचा सिंह चंद्रप्रभा कोसारे हेमंत बघेल हेमंत कंवर सी पी यादव दिनेश दिवाकर प्रती किस्पोट्टा तथा गणित विभाग से मनीष तिवारी नीरज पाणिग्रही एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास, अर्थदंड भी, अदा नहीं करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

अपर सत्र न्यायालय ने हत्या के एक प्रकरण में आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता ने थाना बड़गांव के प्रकरण में फैसला देते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 302 भा.दं. संहिता के अंतर्गत चले प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में 4 साल बाद फैसला आया है। हत्या के मामले में अंतिम सुनवाई बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा पूरी की गई। मामले में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने मामले के आरोपी शंभू राम कोमरा पिता बिरजू कोमरा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मेण्डा साल्हेपारा, थाना बड़गांव जिला उत्तर बस्तर कांकेर के आरोपी के खिलाफ धारा 302आईपीसी के तहत आजीवन कारावास व 500 रूपये अर्थदंड व्यतिक्रम में 02 माह की सजा से दंड की सजा सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता ने सजा सुनाई है। अभियोजन की तरफ से पैरवी टीएस यादव अतिरिक्त लोक अभियोजक भानुप्रतापपुर द्वारा किया गया।




### ये है मामला

घटना थाना बड़गांव क्षेत्र के ग्राम मेण्डा साल्हेपारा की है घटना दिनांक 23.12.2019 दिन सोमवार को रात्रि करीबन 08.00 बजे आरोपी अपनी खेत लाडी में अपनी पत्नी तीन छोटे भाई व तीन छोटे बहन के साथ खाना खा रहे थे। तभी आरोपी शम्भू राम शराब पीकर अपनी पत्नी रामको बाई को तुम अपने भाईयों से मुझे शराब पीता है कहकर पिटवाती हो बोलकर गंदी गंदी गाली गलौच कर अपनी पत्नी रामको बाई को गुस्से में आकर जान से मार दूंगा कहकर आग जल रही कर्रा लकड़ी से दाहिने गर्दन के पास मार दिया। जिसके कारण गिरने से खून निकलने पर इसकी पत्नी रामको बाई की मृत्यु हो गयी। बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के लोग आने से थाना बड़गांव में धारा 302 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुमन धुर्वे एवं उपनिरीक्षक किशोर तिवारी द्वारा किया गया है। दिनांक 13.08.2020 को सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में उपार्पित किया गया, जहां विचारण के दौरान पाये गये साक्ष्य के आधार पर आरोपी शम्भू राम कोमरा को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

# बस्तर ओलम्पिक 2024 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलम्पिक 2024 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों की आवासीय व्यवस्था हेतु स्कूलों, सामाजिक भवनों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिष्ठा मगाई ने चर्चा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संस्था प्रमुखों से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग करने कहा गया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम निर्भय साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जीआर शोरी, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, खेल अधिकारी राजेन्द्र डेकाटे सहित सभी संस्थान के प्रतिनिधी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के निर्देश पर हुई गुम इंसान की त्वरित पतासाजी, 28 घरों की लौटाई गई खुशियां

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने गुम इंसान की जांच को पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए 28 गुम इंसान को दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा गुम बालक, बालिका एवं गुम इंसान के मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित पतासाजी करने के लिए सभी थाना-चौकी प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए थे। उन्होंने गुम इंसान की जांच करने वाले विवेचकों को पूर्ण गंभीरता के साथ गुम इंसान को दस्तयाब करने सक्रियता से कार्य करने निर्देशित भी किया था। जिस पर सभी थाना चौकी प्रभारियों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एवं परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पतासाजी की कार्यवाही की गई। जिले में माह नवम्बर 2024 में 1 बालक, 3 बालिका, 8 पुरूष व 14 महिला कुल 26 गुम हुए थे। एक माह में अब तक 02 बालिका, 14 पुरूष एवं 12 महिला कुल 28 गुम इंसान की पतासाजी कर दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया है। जिसमें से पूर्व के भी 02 गुम इंसान भी शामील है। संवेदनशीलता के साथ गुम इंसान की पतासाजी कर 28 लोगों के घरों में सूरजपुर पुलिस ने खुशियां लौटाई है।

# दौलत राम शर्मा महाविद्यालय कसडोल में एनएसएस द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com




एचआईवी एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एच आई वी, एड्स के कारण, रोकथाम और बचाव के विषय पर छात्र/छात्राओ एवं प्रशिक्षण अधिकारी को विभागीय सदस्यों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही यह भी बताया गया कि साल दर साल एचआईवी का दर बढ़ता ही जा रहा है जिसको जन जागरूकता से ही रोका जा सकता है।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं** – सिंगल विंडो सोशल सिक्योरिटीः HIV/AIDS पीड़ितों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। HIV अधिनियम 2017ः इस अधिनियम के प्रावधानों और HIV/AIDS पीड़ितों के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :** HIV/AIDS के बारे में जागरूकता बढ़ाना। संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना। HIV/AIDS पीड़ितों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताना। HIV/AIDS के खिलाफ लड़ाई में समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देना। समुदाय के सभी सदस्यों को HIV/AIDS के बारे में जागरूक करना होगा। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ चंद्रकांत कुर्रे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल, धनेश्वर पटेल एचआईवी एड्स सलाहकार रामगोपाल साहू, राजेश देवांगन, वीरेंद्र बंजारे महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य युगल किशोर पटेल, विश्राम टंडन, दीप्ति महिलांग, डॉक्टर दिनेश कठौतिया, वंदना वाधवानी, एनएसएस प्रभारी कमलकांत बर्मन, युराज साहू,अभिषेक नौरंगे चन्दन जायसवाल फाल्गुनी सोनी, साक्षी साहू,दीक्षा साहू चंद्रमा साहू गौरव राव अनिल यादव एवं समस्त छात्र छत्रे उपस्थित रहे।

## पहले कांग्रेस अपने गिरेबान पर झांककर देखें : चौहान

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा सरकार के विरुद्ध वादा खिलाफी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी जरा अपने सरकार के कार्यकाल के दौरान किसानों को बारदाना के लिए तड़पाने वाले किसानों द्वारा लिए गए बारदाना की पेमेंट 18 रूपए नही दे पाए और अभी खरीदी केंद्र में जाकर घड़ियाली रोना रो रहे हैं। इस लिए किसानों ने कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की सत्ता से विहीन किया। सबको मालूम होगा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ में थी उस समय उन्होंने किसानों से कहा था कि आप लोग बारदाना खरीद लीजिए उसका पेमेंट हम 18 रुपया की दर से देंगे पर कांग्रेस की सरकार ने पैसा नहीं दिया। पहले कांग्रेस अपने गिरेबान पर झंकार देखें। मुद्दा विहीन हो चुकी कांग्रेस की सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को दिखाने के लिए उनके पास कोई मुद्दा नहीं है और भड़काने का कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी और विष्णु देव की सरकार निरंतर किसानों के लिए माता बहनों के लिए सभी के लिए काम कर रही है। एक-एक गारंटी पूरी करती जा रही है।

## राठी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महामहोत्सव 8 दिसंबर से

**भानुप्रतापपुर।** संबलपुर में राठी परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का का आयोजन 8 दिसंबर 2024 से 14 दिसंबर 2024 तक समय दोपहर 2.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक श्री सिद्ध गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण संबलपुर में किया जायेगा। राठी परिवार शंकरलाल-रमा देवी राठी अशोक (पिन्टू) राठी एवं समस्त राठी परिवार द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जोधपुर राजस्थान के रससिह प्रवक्ता डॉ. रामप्रसाद महाराज व्यासपीठ विराजमान होकर भक्तिमयी मधुर एवं ओजस्वी अमृतवाणी में भागवत की ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे।

# संविधान दिवस के अवसर पर सर्जन डॉ. सुरेंद्र दिव्यकार सम्मानित, शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

आदया अस्पताल कसडोल के प्रमुख सर्जन डॉ सुरेंद्र दिव्यकार को उनके मानव के प्रति समर्पित सेवा एवं जनहित कार्यों को देखते हुए 26 नवम्बर संविधान दिवस के अवसर पर प्रगतिशील सतनामी समाज कसडोल द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किये गए।सम्मान मिलने उपरांत डॉ सुरेंद्र दिव्यकार ने कहा कि उनके लिए यह पल बहुत ही खास एवं यादगार है जब कोई भी व्यक्ति संस्था या समाज प्रमुखों के द्वारा उनके कार्यो एवं कर्तब्यों के मूल्यों का आंकलन कर उन्हें सम्मानित करने का अवसर प्रदान करते हैं तो हर किसी के लिए वह क्षण अद्भुत एवं अपेक्षाओं से सदैव ऊपर होता है।

# निकाय अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लोकतंत्र की जीत : पवन साहू

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता पवन साहू ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में महापौर, पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु सीधे चुनाव के फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देकर कदम-कदम पर सियासी नौटंकियाँ करने वाली कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र पर यह करारा प्रहार है। साहू ने कहा कि अपना प्रतिनिधि चुनने का जनता के लोकतांत्रिक अधिकार छीनने के नितांत अलोकतांत्रिक कृत्यों से कांग्रेस का इतिहास भरा पड़ा है। भ्रष्टाचार और एक खानदान की चापलूसी ही जिस कांग्रेस का संस्कार रह गया है, उसी के अनुरूप प्रदेश की पिछली भूपेश सरकार ने महापौर व अध्यक्ष पद के प्रत्यक्ष चुनाव को खत्म किया था, लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने नेक इरादे और वादे के अनुरूप जनता को उसका लोकतांत्रिक अधिकार लौटाकर लोकतंत्र की जड़ों को पुष्ट किया है। आगे पवन साहू ने इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा प्रदेश सरकार की कैबिनेट का आभार मानते हुए कहा कि इससे सत्ता की बुनियादी इकाइयों तक लोकतंत्र पहुँचकर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करेगा।

## 13वां परिचय सम्मेलन का आयोजन

# एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11-12 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विवाह योग्य एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के स्थानीय संयोजक गुंजन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा समाज के एजुकेटेड युवक-युवतियों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 13वां परिचय सम्मेलन का आयोजन 11-12 जनवरी 2025 को रामस्वरूप निरंजन लाल ट्रस्ट धर्मशाला व्ही. आई.पी. रोड, रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। लगातार नवम् वर्ष आयोजित होने वाले इस परिचय सम्मेलन की देश के अग्रवाल समाज में प्रतिक्षा होती है। 2024 में आयोजित परिचय सम्मेलन में 60 लड़कियों एवं 150 लड़कों ने हिस्सेदारी की थी। पंजीयन लगभग 800 बच्चों के हुए थे जिसमें 45 प्रतिशत बच्चे डाक्टर, इंजीनियर, एमबीए, एडव्होकेट, चार्टड एकाउटेन्ट थे। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार परिचय सम्मेलन एवं परिचय पत्रिका के माध्यम से लगभग 618 विवाह संपन्न हो चुके है। परिचय सम्मेलन कन्हैया अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राजेश केडिया, दीपक बंसल एवं राधेश्याम अग्रवाल के संयोजकत्व में सम्पन्न होगा। परिचय सम्मेलन हेतु आज दिनांक तक 245 पंजीयन प्राप्त हो चुके है, जिनमें डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टड एकाउटेन्ट, एमबीए व्यवसायी आदि बच्चे शामिल है। उन्होंने बताया कि पूर्णतः नवीन तकनीक के साथ आयोजित इस परिचय सम्मेलन में मंच पर किसी भी प्रत्याशी का परिचय नहीं लिया जाता है। परिचय का कार्य आधुनिकतम स्टूडियों में प्रोफेशनल एंकरों के माध्यम से किया जाता है, जिसका प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जाता है। परिचय सम्मेलन में केवल प्रत्याशी को साथ लाने पर ही प्रवेश दिया जायेगा, बगैर प्रत्याशी को साथ लाये किसी को भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परिचय सम्मेलन में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म को विधिवत् भरकर साथ में 1000 रु. प्रवेश शुल्क जमा करने होंगे। परिचय सम्मेलन स्थल पर प्रत्याशी एवं उनके दो अभिभावक के आवास और भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की जावेगी। उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन में कम्प्यूटर युक्त कुंडली मिलान केन्द्र, विद्वान पंडित एवं परामर्श हेतु समाज के बुजुर्गगण उपस्थित रहेंगे। प्रत्याशियों एवं परिजनों की आपसी मंत्रणा हेतु पृथक व्यवस्था की जा रही है। परिचय सम्मेलन के संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में शामिल बच्चों के पूर्ण विवरण के साथ एक वेबसाईट www.cgyuvaagrawal.in लांच की गई थी जिसके माध्यम से हजारों अग्रबंधुओं ने लाभ उठाया है। एजुकेटेड परिचय सम्मेलन उच्च शिक्षित बच्चों के अनुसार उनके समकक्ष जोड़ी तलाशने में अत्यंत मददगार रहा है, व्यवस्तता के इस दौर में ऐसे परिचय सम्मेलन दूर-दराज में रहने वाले अग्रबंधुओं को जोड़ने में मददगार बने है। परिचय सम्मेलन में अधिकतम 1000 बच्चों के पंजीयन स्वीकार किये जायेंगे। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2024 है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष कन्हैया गोयल, महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि 06 जनवरी को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक परिचय सम्मेलन में आए युवक-युवतियों के संबंधों को बनाने के लिए समन्वय का एक विशेष सत्र होगा। परिचय सम्मेलन के लिए प्रविष्टी भेजने हेतु स्थानीय संयोजक के पास पंजीयन फार्म उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पंजीयन हेतु ऑनलाईन फाम भरने की सुविधा उपलब्ध है।

# शाला में संघमित्रा आवड़े का विदाई समारोह का हुआ कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विकास खंड बड़ेराजपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़बतर व माध्यमिक शाला जामपारा एवं प्राथमिक शाला जामपारा के शिक्षक महेंद्र कुमार सोन्डरे मुन्ना राम सोरी तीजू राम नेताम एवं बड़बतर नवीन संकुल के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ गांव के प्रमुख व वरिष्ठ के व्दारा संयुक्त तत्वाधान में विदाई समारोह कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी के छात्राचित्र पर दीप जलाकर पूजा अर्चना किया गया। संस्था के समस्त कर्मचारीयों एवं बच्चों के व्दारा गीत गाकर, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षिका- हिन्दी व्याख्याता और बेहतरीन मंच संचालिका- संघमित्रा आवड़े जी 15 - 20 साल तक शासकीय हाई स्कूल बड़बतर (जामपारा) में शिक्षक पद पर सेवारत थे। तत्पश्चात ट्रांसफर होकर जिला- गरियाबंद के शासकीय हाई स्कूल कनसिंगी स्कूल में पद स्थापना करेंगी। उसके बाद संस्था के कर्मचारी व बच्चों के साथ सम्प्रेम भेंट देकर विदाई दिया गया। और संघमित्रा आवड़े मैडम जी ने बच्चों को पढ़ाई के साथ- साथ खेल कूद, में भाग लेने की प्रेरणा दी। संस्था के समस्त कर्मचारीयों एवं बड़बतर संकुल के कर्मचारीयों के साथ स्कूल के सभी बच्चें विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# बगैर इंसान के 60 किमी दूर पहाड़ियों की चोटी में ड्रोन के सहारे दवा पहुंचाने का हुआ रिहर्सल, बड़े बदलाव की तैयारी

## कलेक्टर सहित स्वास्थ्य अधिकारियों ने प्रदर्शन का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के सुदूर अंचलों में भी त्वरित गति से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने ड्रोन की किस तरह से मदद की जा सकती है इसका प्रदर्शन किया गया। जहां जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बैंगलुरू की एक निजी कंपनी के द्वारा प्रायोगिक तौर पर पुलिस लाईन से एक ड्रोन की मदद से दवाईयों को 50 किलोमीटर दूर स्थित सन्ना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। फिर वहां से ड्रोन सकुशल मेडिकल किट लेकर वापस आ गया। इस पूरे गतिविधि में लगभग एक घंटे का समय लगा। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा कार्यों में गति लाने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। कलेक्टर ने ड्रोन संचालन दल से इसके संचालन और क्षमता की जानकारी ली।

**इस तरह मिल सकती है मदद** -पहाड़ों एवं पठारों से घिरे जशपुर जिले में कई इलाके दुर्गम होने की वजह कई बार इन क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना कठिन कार्य हो जाता है ऐसे में ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक इन समस्याओं के समाधान का एक जरिया बन सकती है। ड्रोन की क्षमता के बारे में रेडविंग कंपनी के रोहित देवांगन ने बताया कि इस ड्रोन इंडिया में बना हुआ है। यह एक बार में 60 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। इसे डीजीसीए द्वारा प्रमाणित किया गया है।



**5 किलो तक का भार** -यह 5 किलोग्राम तक का भार लेकर 75 से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। इसमें कोल्ड चेन की भी सुविधा होने की वजह से इसके माध्यम से वैक्सिन, ब्लड सैंपल, दवाईयों का सुरक्षित परिवहन भी किया जा सकता है। ड्रोन पर्यावरण के लिए भी अनूकुल है। इसके इस्तेमाल से 90 प्रतिशत तक कार्बन फुटप्रिंट तक कम किया जा सकता है। ड्रोन टीम ने बताया कि यह प्रदर्शन भारत सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु हेल्थ केयर ड्रोन प्रौद्योगिकी के प्रयोग का एक भाग है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सीएचएमओ जी.एस. जात्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# झारखंड सीमावर्ती और कभी घोर नक्सल संवेदनशील क्षेत्र रहे आरा ग्राम पंचायत पहुंचे कलेक्टर रोहित व्यास

- पर्यटन स्थल पंचखड़िया शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास बुधवार को जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आरा का निरीक्षण करने पहुंचे और निर्माणधीन जगन्नाथ मंदिर में बाण्ड्रीवाल, गेट निर्माण, मौसी बाड़ी के पास बाण्ड्रीवाल, चबूतरा शेड, झारखण्ड और छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश द्वार बनाने के संबंध में आर.ई.एस. विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। झारखंड की सीमा से लगा यह ग्राम पंचायत कभी घोर नक्सल गतिविधियों को लेकर अति संवेदनशील इलाक़ा में शुमार रहा है.

**आईटीआई का किया मुआयना** -कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शकरडेगा के गढ़पहाड़ डेम में पानी लिकैज के कार्य को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आई.टी.आई. आरा का भी अवलोकन किया और प्राचार्य से बच्चों की उपस्थिति, विभिन्न ट्रेडों एवं प्लेसमेंट की जानकारी ली। उन्होंने आई.टी.आई. परिसर में रंग-रोगन करके व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए हैं। बच्चों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाने के लिए कहा है।

**सायकल स्टैंड के दिए निर्देश**- कलेक्टर ने आरा में बन रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यलाय के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया और निर्माण एजेंसी को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के लिए सायकल स्टैंण्ड बनाने के लिए कहा। साथ ही आरा तालाब के गहरीकरण के संबंध भी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक-दिशा दिए।



**कॉलेज में शौचालय की बताई कमी**-कलेक्टर व्यास ने नायक नित्यांद साय शासकीय महाविद्यलाय आरा का भी अवलोकन किया और प्राचार्य से बच्चों की उपस्थित सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। प्राचार्य ने इस दौरान महाविद्यालय में महिला और पुरूष शौचालय की आवश्यकता बताते हुए खिड़की, दरवाजे मरम्मत और तड़िक चालक लगवाने के लिए आग्रह किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**शिव मंदिर का विकास होगा** - निरीक्षण के दौरान आरा के पर्यटन स्थल पंचखड़िया शिव मंदिर परिसर का कलेक्टर ने अवलोकन किया और पर्यटन के दृष्टिकोण से कार्ययोजन बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच बुधनी बाई, आर.ई.एस. विभाग के राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मानसिक स्वास्थ्य के इलाज में नैतिक सहयोग ही सबसे बड़ी उपचार हैः डॉ. दीना नाथ यादव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

समाज में बढ़ रहे मानसिक स्वास्थ्य में बेहतर इलाज और रोकथाम हेतु सामुदायिक भागीदारी और उनकी जिम्मेदारियां को महत्व देने की आवश्यकता है इसके लिए सामुदायिक उपचार सबसे महत्वपूर्ण प्रणाली है उक्त बातें विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीनानाथ यादव ने कहीं मैट्स विश्वविद्यालय के तत्वावधान में समाज कार्य विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों में मनोसामाजिक मूल्यांकन एवं कल्याण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला डीडीयू नगर के अमूल्य अकादमी के प्रांगण में विकलांगता के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन एवं जागरूकता विषय पर था। मुख्य विशेषज्ञ लोकेश कुमार रंजन, सहायक प्रोफेसर, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान देवादा राजनंदगाँव और प्रबोध नंदा, वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक राज्य मानसिक स्वास्थ्य संसाधन केंद्र रायपुर और डॉ. प्रीति उपाध्याय प्राचार्य कोपलवाड़ी कॉलेज के विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर लोकेश कुमार रंजन ने विकलांगता के प्रकार एवं प्रकृति पर चर्चा की, प्राचार्य डा. प्रीति उपाध्याय दिव्यागता के लक्षणों तथा वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक प्रबोध नंदा ने विकलांग व्यक्तियों की सहायता में मितानि एवं स्वयं सहायता समूह की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत कियें। लोकेश कुमार रंजन ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ताओं, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों आदि से समाज में रह रहे विकलांग व्यक्तियों की स्थिति के अध्ययन एवं समस्या के समाधान हेतु विभिन्न कौशलों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि विकलांगों के लिए नीतियों के निर्माण के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण की भी आवश्यकता है। लेकिन इसके अलावा उनके प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि शारीरिक विकलांगता के साथ-साथ मानसिक विकलांगता भी एक बड़ी चुनौती है जिसकी पहचान जल्दी नहीं हो पाती और समय रहते इसका इलाज हो जाए तो यह समस्या भी उत्पन्न नहीं होती। इसलिए यह आवश्यक है कि समय रहते इस मानसिक बीमारी के विभिन्न लक्षणों की पहचान कर ली जाए।



# नीमगांव में ब्लॉक स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

## अधिकारियों ने लोगों के समस्याओं का किया तत्काल निराकरण

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर विकाखण्ड के ग्राम पंचायत नीमगांव में ब्लॉक स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जशपुर एसडीएम ओंकार यादव, तहसीलदार जयश्री राजनपथे जनपद पंचायत सीईओ लोकहित भगत एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वयं उपास्थित होकर लोगो की समस्या से अवगत होकर तत्काल निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में आयुष विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, परिवहन विभाग, रेशम विभाग, छ.ग.अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण विभाग एवं अन्य विभागों के द्वारा लोगो की समस्या का तत्काल निराकरण किया गया और शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों को दिया गया।




# तातापानी महोत्सव हेतु कलेक्टर ने मौका मुआयना कर दिए कई निर्देश

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेंद्र कटारा व पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने जिले के प्रसिद्ध तातापानी महोत्सव के तैयारी हेतु कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने सर्वप्रथम अधिकारियों के साथ पूरे परिसर का भ्रमण किया और साफ -सफाई, पानी की व्यवस्था, पार्किंग, उचित सुरक्षा व्यवस्था, मूर्ति का रंग-रोगन,गर्म पानी के कुंडों को सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल निर्मित मुख्य स्टेज का निरीक्षण कर समुचित बैठक व्यवस्था,मैदान के समतली करण करने एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य क्षेत्रों के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करने हेतु कहा। गौरतलब है कि तातापानी में प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वर्षों से मेला लगता चला आ रहा है बलरामपुर जब से जिले के अस्तित्व में आया है तब से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा यहां विशेष रूप से संस्कृति कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की लिए खास व्यवस्था की जाती है तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में लाखों की संख्या में लोग उपस्थित होते हैं।



# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ई-गुरुकुल लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपने नए डिजिटल रोड सेफ्टी लर्निंग प्लेटफॉर्म ई-गुरुकुल को लॉन्च किया है। यह मंच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इसे हमारे समाज में एक स्थायी संस्कृति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी की गरिमामयी उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इस मौके पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें विनय धींगरा (सीनियर डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन; ट्रस्टी, होंडा इंडिया फाउंडेशन) और कात्सुयुकी ओजावा (डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन) सहित अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और प्रभावशाली बन गया। ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म तीन खास आयु वर्गों के लिये तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल्स प्रदान करता है, ताकि सड़क सुरक्षा शिक्षा के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सकेः 1. 5-8 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल 2. 9-15 वर्ष के लिये : 9 मिनट का मॉड्यूल 3. 16-18 वर्ष के लियेः 7 मिनट का मॉड्यूल, ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म को सभी के लिए सुलभ और उपयोगी बनाने के लिए इसे कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे यह क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक बनता है और इसे सभी उम्र और स्थान के लोग आसानी से समझ सकते हैं।



# धर्मेंद्र मदन जायसवाल और विवेक कुमार द्वारा गिरवी रखा गया सोना सौंपने की माँग की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मणप्पुरम फाइनैंस लिमिटेड, कृष्णा थिएटर रोड ब्रांच, दुर्ग को 04.10.2024 को नेवाई पुलिस स्टेशन से एक नोटिस मिला, जिसमें धारा 420 और 406 आईपीसी के तहत अपराध संख्या 287/2024 में शामिल धर्मेंद्र मदन जायसवाल और विवेक कुमार द्वारा गिरवी रखा गया सोना सौंपने की माँग की गई। MAFIL ने 05.10.2024 को जवाब देते हुए कहा कि भारतीय अनुबंध अधिनियम की धारा 173 और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, ऋण या लोन चुकाए बिना गिरवी रखा गया सोना किसी को भी सौंपा या लौटाया नहीं जा सकता है। इसके बावजूद, नेवाई पुलिस स्टेशन ने 15.10.2024 को और 30.11.2024 को एक और नोटिस जारी किया। इसके बाद नेवाई एसएचओ ने 30.11.2024 को और 01.12.2024 (रविवार) को महिला कर्मचारियों की सुरक्षा से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों और प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करते हुए शाखा प्रबंधक, एक महिला कर्मचारी को अवैध रूप से हिरासत में लिया। MAFIL 1992 से आरबीआई मानदंडों के तहत गोल्ड लोन देने वाला एक विनियमित NBFC है। इस ग्राहक द्वारा गिरवी रखे गए सोने का वज़न 274.1 ग्राम है और उसने लगभग 12.42 लाख का लोन लिया है। इस कोलैटरल गोल्ड को ज़ब्त करने का पुलिस का प्रयास MAFIL के संविदात्मक अधिकारों और न्यायिक दृष्टांतों का उल्लंघन करता है, जिसमें सुंदरभाई अंबालाल देसाई बनाम गुजरात राज्य में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय शामिल है, जो ज़ब्त की गई मूल्यवान वस्तुओं के उचित दस्तावेज़ीकरण और उनकी सुरक्षा को अनिवार्य बनाता है। इसके अलावा, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने WP No. 11102/2024 में,जाँच के दौरान गिरवी रखे गए सोने को संभालने के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों को रेखांकित किया है। इनमें कंपनी के संरक्षण में सोने को सुरक्षित रखना, अदालत की मंजूरी के बिना इसकी बिक्री से बचना और अदालत के निर्देशानुसार ही इससे किसी को सौंपना शामिल है।

# मोबाइल ऐप का उपयोग करने वाले एडवाइज़र्स की उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि

## 50 प्रतिशत बचत पॉलिसीज़ एक ही दिन में जारी की गई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

98.1 प्रतिशत एडवाइज़र्स ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के मोबाइल ऐप 'आईप्रू एज' का उपयोग कर तुरंत कमीशन प्राप्त किया। आईसी आईसीआई फ्रुडेंशियल लाइफइंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइज़र्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइज़र्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है।



# कबीरधाम जिले में रिश्वत और कमीशन खोरी जोरो पर, कार्यवाही का आभाव

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में चार विकासखंड है साथ ही नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत भी हैं । जहां पर बिना कमीशन और रिश्वत के कोई काम नहीं होता । हाल ही में जनपद पंचायत बोडला में पदस्थ बड़े बाबू को एंटी क्रॉप्शन ब्यूरो ने पकड़ा। पंचायत सचिव जन्म प्रमाण पत्र के लिए एक हजार रुपए की रिश्वत मांगी जिसका वीडियो वायरल हुआ जिस पर उसे जिला कलेक्टर ने निलंबित किया। छोटे छोटे काम के लिए लोगो से कमीशन और रिश्वत लिया का रहा है जो समझ से परे है।

**प्रशासनिक डर नही, रिश्वतखोरी हावी** -जिले में अधिकारी कर्मचारी राज इतना हावी है कि लोग जन्म , मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसे छोटे छोटे कार्यों के लिए रिश्वत देते है यदि रिश्वत नहीं देने पर उन्हें बार बार घुमाया जाता हैं। लोग मजबूर हो जाते है उन्हें रिश्वत देने। हाल ही में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर कार्यवाही किया गया लेकिन इस तरह का वीडियो साझा करने लोगो को आवश्यकता क्यों पड़ी इस पर विचार करने की आवश्यकता है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी और और कर्मचारियों को पद से पृथक कर जनता को अच्छा संदेश दिया जाना चाहिए।

**कमीशनखोरी हावी** -जिले में हितग्राही मूलक योजनाओं पर कमीशन देना पड़ता हैं। जबतक कमीशन नहीं मिलता फाइल आगे नहीं बढ़ता। गांवों में शौचालय निर्माण, सड़क निर्माण, नाली, स्कूल आंगनबाड़ी सहित अन्य कार्यों में जब तक कमीशन नहीं देंगे तब तक कार्य स्वीकृत नहीं होता। मिली जानकारी अनुसार शौचालय निर्माण के लिए बारह हजार रुपए स्वीकृत किया जाता हैं जिसमें जनपद के बाबू दो हजार रुपए लेता है तब फाइल आगे बढ़ता है। बोडला जनपद पंचायत में आंगनवाड़ी भवन निर्माण की राशि के लिए एक लाख रुपए की कमीशन लिया जा रहा था जिसे रंगे हाथ पकड़ा गया। ऐसा पूरे जिले के सरकारी दफ्तर में चल रहा है ।


कार्यालय कलेक्टर जिला कबीरधाम (छ.ग.)
//आदेश//

**संरक्षण की आशंका**-कमीशन खोरी और रिश्वतखोरी में उच्चाधिकारियों की संलिप्तता के बगैर अधीनस्थ कर्मचारी कैसे लोगो से पैसा लेगा । एक कर्मचारी भी उच्च अधिकारी के इशारे में ही लोगों को बार बार घुमा कर रिश्वत और कमीशन के लिए मजबूर किया जाता हैं। कर्मचारियों में डर भय गायब हो गया है और बेधड़क कमीशन लिया जाता है ।

# निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में शुरू किया अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

एशिया की सबसे बड़ी होम एलेवेटर ब्रांड, निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र शुरू किया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, कंपनी अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 7,500 यूनिट से बढ़ाकर 15,000 यूनिट प्रति वर्ष करने जा रही है। एसआईपीसीओटी, इरुंगट्टुकोट्टई में स्थित यह अत्याधुनिक संयंत्र 1,00,000 वर्ग फुट में फैला है और विशेष रूप से कंपनी की नई होम एलेवेटर रेंज, निबाव सीरीज-4 का उत्पादन करेगा। इस पहल के माध्यम से कंपनी क्षेत्र में विभिन्न विभागों में 450 रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। नया संयंत्र उच्च दक्षता वाली निर्माण लाइनों और पैकेजिंग सुविधाओं से लैस है, जो अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ संसाधनों की बर्बादी को कम करता है। इस फैक्ट्री में एडवांस सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनमें लेटेस्ट लेजर कट मशीनें, सीएनसी मशीनें, पाउडर कोटिंग यूनिट्स, रोबोटिक मशीनरी और एक टेस्ट टावर शामिल हैं।

# शिवनाथ हुंडई में 'स्मार्ट केयर क्लीनिक कैम्प' का आयोजन 03 से 13 दिसम्बर 2024 तक




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने सर्दियों के मौसम में सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने डीलरों के लिए 3 से 13 दिसम्बर 2024 तक ÷स्मार्ट केयर क्लीनिक कैम्प÷ का आयोजन किया है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के स्थानीय अधिकृत विक्रेता शिवनाथ हुंडई ने इस कैम्प का आयोजन 3 दिसम्बर को किया गया जिसमें ग्राहकों को लेबर चार्ज पर 10त्न, पार्ट्स पर 10त्न तथा सिंथेटिक ऑयल पर 20त्न छूट प्रदान की जा रही है। शिवनाथ हुंडई का उद्देश्य अपने ग्राहकों को सुरक्षा, विश्वसनीयता तथा प्रदर्शन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में मदद करना है। हम सदैव अपने मूल्यवान ग्राहकों की सुरक्षा तथा सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं। स्मार्ट केयर क्लीनिक कैम्प 3 से 13 दिसम्बर 2024 तक शिवनाथ हुंडई की सभी शाखाओं पर आयोजित किया गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के एनएसएस शिविर में पहुंचे पद्मश्री जोगेश्वर यादव, संघर्ष की कहानी विद्यार्थियों को बताई

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर में देश के प्रतिष्ठित सम्मान धारण करने वाले पद्मश्री जोगेश्वर राम यादव उपस्थित हुए. उनकी गरिमामय उपस्थिति से पूरा माहौल समाज सेवा भाव से ओतप्रोत हो गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तत्पश्चात अनु रानी एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया अगली कड़ी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा द्वारा स्वागत उदबोधन दिया गया तथा पद्मश्री जोगेश्वर यादव की उपलब्धि की संक्षिप्त जानकारी दी गई कार्यक्रम को मनोरंजक बनाते हुए वर्तिका और ग्रुप के द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर ग्रामीणों में नशा उन्मूलन के प्रति एक नई सोच दिखाई दी इसके पश्चात मीना एवं ग्रुप के द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदम जोगेश्वर राम यादव ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किया बिरहोर जनजाति के प्रति उनका लगाव तथा उन्हें विलुप्त होने से बचाने के लिए उनके द्वारा किया गया संघर्ष वाकई प्रेरणादायक है उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को समाज के प्रति सेवा भाव जगाने का संदेश दिया।



# व्हाट्सएप्प के माध्यम से भी अब जिलेवासी प्रशासन को दे सकते हैं सुझाव, शिकायत एवं प्रतिक्रिया

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की सहुलियत एवं किसी कारणों से जनदर्शन में नही पहुँच पाने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन तक अपना सुझाव, शिकायत और प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करने हेतु व्हाट्सएप्प सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से जिले के कोई भी नागरिक कलेक्टोरेट या जिले के कोई भी कार्यालय में पहुँचे बिना कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपना सुझाव, शिकायत और प्रतिक्रिया देते हुए जिला प्रशासन से संवाद कर सकता है। इस नई व्यवस्था के तहत कोई भी आवेदक एवं नागरिक जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप्प नंबर 9425242981 पर हाय या हैलो लिखकर बातचीत की शुरूआत कर सकते हैं। जिले में इस नई व्यवस्था की शुरूआत से जिले के आम नागरिकों एवं आवेदकों को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन के अलावा कलेक्टर से मुलाकात करने हेतु संयुक्त जिला कार्यालय में आने की आवश्यकता नही होगी।



# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आयोग कटिबद्ध : अजय सिंह

## बस्तर संभाग के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर बेहतर व सुव्यवस्थित ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में सुबह 11.00 बजे से नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में आगामी आम/उप निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन कार्यों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में बस्तर संभाग के संभाग आयुक्त डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी ओ.पी. पाल, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे सहित संभाग के सभी जिला के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी अधिकारियों को बस्तर संभाग में पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में प्रति एक हजार मतदाता के लिए एक मतदान केन्द्र और पंचायतों में निर्वाचन के लिए प्रति 500 मतदाता हेतु एक मतदान केन्द्र बनाया जाय । साथ ही यह भी कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बैठक में मुख्य रूप से चुनाव के सुचारू रूप से संचालन हेतु चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की । इस बैठक के माध्यम से चुनाव के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के साथ ही प्रदेश के सभी संभागों में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा सम्पन्न हो गई है। आगामी समय में चुनाव की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ आयोग की संयुक्त रूप से बैठक की जाएगी, जिसके तहत चुनावी प्रक्रिया के दौरान होने वाली चुनौतियों और संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी । उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र लोगों के नाम निर्वाचक नामावली में अनिवार्य रूप से होने चाहिए।

इस दौरान बैठक में बस्तर संभागायुक्त सिंह ने संभाग के सभी जिलों में की जा रही निर्वाचन की तैयारियों की संक्षिप्त जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर संभाग सुंदरराज ने निर्वाचन के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के संबंध जानकारी दी। साथ ही संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने जिलों के निर्वाचन संबंधी तैयारियों की अद्यतन स्थिति से आयोग को अवगत कराया। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सुरक्षा उपायों और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं, कर्मचारियों की तैनाती, और निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो।



**रायपुर।** श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने पूरे बालाजी परिवार के साथ अपना 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। डॉ. देवेन्द्र नायक की माता एवं पिता ने केक खिलाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

# महतारी वंदन की 10वीं किस्त जारी होने पर भाजपा ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे अंतरित होने के बाद कहा है कि यह कांग्रेस के उस झूठ का करारा जवाब है, जो वह इस योजना को लेकर शुरू से फैलाने में लगी हुई थी। साहू ने कहा कि कांग्रेस हर मुद्दे पर झूठ बोलकर हर बार मुँह की खा रही है, फिर भी झूठ बोलने, षड्यंत्र रचने और अराजकता फैलाने के मंसूबे पालने से बाज नहीं आ रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साहू ने कहा कि दरअसल कांग्रेस वादाखिलाफी में माहिर है, इसलिए उसे हर जगह पीलिया के मरीज की तरह सबकुछ पीला-पीला नजर आता है, लेकिन प्रदेश की जनता-जनार्दन का यह दृढ़ विश्वास है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की राशि की 10वीं किश्त मंगलवार को अंतरित की गई है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और भाजपा को काम करने की शक्ति प्रदान कर रहा है। महतारी वंदन योजना के कारण माताओं-बहनों की आँखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक भाजपा और प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा संतोष है। साहू ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल में महिला-शक्ति को कदम-कदम पर न केवल छलने का काम किया, अपितु उनकी सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण को दाँव पर लगा दिया था। महिलाओं के साथ हर मोर्चे पर खुली धोखाधड़ी करने वाली कांग्रेस अब भाजपा की सरकार से वादों को पूरा करने की सीख ले और वृथा गाल बजाने से बाज आए।

# टामन सोनवानी संपत्ति मामले में भाजपा का प्रहार

- भूपेश बघेल और कांग्रेस के संरक्षण में भ्रष्टाचारियों की ऐश थी : रामू रोहरा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने पीएससी घोटाले में गिरफ्तार पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामनसिंह सोनवानी की काली कमाई, रिसोर्ट, जमीन समेत अवैध संपत्तियों के ताजा खुलासे को लेकर कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर एक बार फिर हमला बोला है। रोहरा ने कहा कि सोनवानी की काली कमाई के खुलासे से यह फिर साफ हुआ है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल का हर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण रहा और हर भ्रष्टाचारी के वकील तक बनकर बघेल जाँच एजेंसियों के खिलाफ रोना-धोना मचाने में पीछे नहीं रहे और आज भी डरे-सहमे बघेल वही सब कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रोहरा ने कहा कि टामन सोनवानी की प्रॉपर्टी से जुड़ी उसके फार्म हाउस, उसकी जमीनों से जुड़े एक समाचार पत्र में हुआ खुलासा यह प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है कि कांग्रेस के सत्तावादी और राजनीतिक संरक्षण में अफसरों ने किस कदर छत्तीसगढ़ को लूटा-खसोटा! तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल भ्रष्टाचारियों का संरक्षण करते रहे और छत्तीसगढ़ महतारी का खजाना लूटने वालों के सहभागी बने हुए थे। रोहरा ने कहा कि नौकरशाहों ने जनता का पैसा लूटकर निजी संपत्तियां बनाने में ध्यान केंद्रित कर रखा था, और कहीं-न-कहीं उसमें शायद कांग्रेस सरकार का भी हिस्सा था। इसीलिए यह सारा भ्रष्टाचार होते समय कांग्रेस सरकार ने अपनी आँखें बंद कर ली थीं। रोहरा ने कहा कि पीएससी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा के लिए केवल एक अभ्यर्थी ही नहीं, वरन उसका पूरा परिवार मेहनत करता है, मां-बाप कर्ज लेकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं। और, पिछले कांग्रेस शासनकाल में उन्हीं युवाओं के साथ सरेआम खिलवाड़ किया गया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रोहरा ने कहा कि अब युवाओं के भविष्य को सँवारने की जिम्मेदारी जिसके ऊपर थी, वह खुद अपना भविष्य और अपने बच्चों का भविष्य सँवारने में लगा था! यह प्रदेश की प्रतिभासम्पन्न युवा पीढ़ी के साथ बहुत बड़ी धोखाधड़ी की गई। भाजपा ने इस पर केवल चिंता ही नहीं जताई अपितु पीएससी घोटाले की सीबीआई जाँच का वादा किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार के सुशासन ने आज ऐसे घोटालेबाजों के लिए जेल में स्थान रखा हुआ है। भाजपा बार-बार जो आरोप लगाती थी कि पीएससी में घोटाला हुआ है, टामन सोनवानी बहुत ही भ्रष्ट नौकरशाह था, अब यह बात बार-बार अलग-अलग तथ्यों से साबित हो रहा है। रोहरा ने कहा कि महज एक छोटे-से कार्यकाल में कई एकड़ की जमीनों को खरीद लेना, रिसोर्ट बना लेना, इस बात का फिर से प्रमाण है कि कांग्रेस के सत्तावादी व राजनीतिक संरक्षण में नौकरशाहों ने भी छत्तीसगढ़ की जनता का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403